सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 08 जून, 2026 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 154, पेज 12, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com



## 10 कंपनियों की पूंजी 1.25 लाख करोड़ घटी

स्थानीय शेयर बाजार में गिरावट से सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण में करीब 1.25 लाख करोड़ की गिरावट आई। } 10

## नेपाल ने भारत को अपना सबसे अहम साझेदार बताया

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने नेपाल के अपने समकक्ष शिशिर खनाल के साथ बैठक के दौरान कहा कि भारत और नेपाल के बीच विशेष संबंध हैं और इसे निर्णायक रूप से आगे बढ़ाने का अवसर है। } 12

# वाराणसी में अब नहीं होगी मांस-मछली की बिक्री

### वाराणसी नगर निगम ने सभी दुकानें शहर के बाहर स्थानांतरित करने का लिया निर्णय

एजेंसी

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी नगर निगम ने शहर को व्यवस्थित और स्वच्छ रखने की दिशा में कदम उठाते हुए अब मांस और मछली की सभी दुकानें शहर की सीमा से बाहर स्थानांतरित करने का फैसला किया है।

नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी संदीप श्रीवास्तव ने रविवार को बताया कि महापौर अशोक कुमार तिवारी की अध्यक्षता में शनिवार को मैदागिन स्थित टाउन हॉल भवन में हुई सदन की बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर लगी। श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक में शहर के विकास पर विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें मांस के बाजारों को शहर के बाहर स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में नगर आयुक्त हिमांशु ने सदन को बताया कि इस योजना के प्रथम चरण में पांच स्थानों का चयन किया जा चुका है और यह सभी स्थान शहर की बाहरी सीमाओं के करीब स्थित है, जिससे



आम जनता को कोई असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि योजना के तहत आगामी दिनों में शहर के भीतर मांस की दुकानों को रामनगर, शुजाबाद, गणेशपुर, अवलेशपुर और शिवपुर क्षेत्रों में स्थानांतरित किया जाएगा। श्रीवास्तव ने बताया कि शहर में अभी लगभग 350 से 400 मीट व मछली की दुकानें हैं। पार्षद गुलशन अली ने नगर पालिका परिषद की बैठक में यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि मांस और मछली की दुकानों को शहर की सीमा से बाहर ले जाने का प्रस्ताव लगभग एक साल पहले लाया गया था लेकिन इसे अभी तक ठीक तरीके से लागू नहीं किया गया। उन्होंने व्यापारियों की चिंता के बारे में बताते हुए कहा कि पवित्र श्रावण महीने के दौरान मांस की सभी दुकानों को बंद रखने से गोश्त के कारोबार से जुड़े लोगों की आजीविका पर बुरा असर पड़ता है। नगर आयुक्त ने इसका जवाब देते हुए सदन को भरोसा दिलाया कि शहर के बाहरी इलाके में जमीन की पहचान कर ली गई है और प्रस्ताव को लागू करने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू हो जाएगी। नत्थूपुर में मांस की दुकान के मालिक अशरफ ने कहा कि मांस और मछली की दुकानों को शहर से बाहर ले जाने से व्यापारियों व ...शेष पृष्ठ 10 पर

# स्टार्टअप नीति-2026 तैयार करेगी सरकार

### जॉब सीकर नहीं, जॉब क्रिएटर बनें युवा, नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था को नयी गति देने पर जोर : सीएम

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी स्टार्टअप गंतव्य बनाने के लिए नई स्टार्टअप नीति-2026 तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की युवा शक्ति, विशाल बाजार, तेजी से विकसित हो रहा डिजिटल एवं औद्योगिक आधार तथा निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण राज्य को नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था का राष्ट्रीय केंद्र बनाने की क्षमता रखते हैं। नई नीति ऐसी होनी चाहिए जो प्रदेश के युवाओं को रोजगार खोजने वाला नहीं, बल्कि रोजगार सृजित करने वाला बनाए और उत्तर प्रदेश को स्टार्टअप तथा नवाचार के क्षेत्र में नई पहचान प्रदान करे। रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित उत्तर प्रदेश स्टार्टअप नीति-2026 के विभिन्न प्रावधानों की समीक्षा की।

प्रमुख सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि पिछले वर्षों में प्रदेश ने स्टार्टअप इकोसिस्टम के विकास में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं। वर्ष 2018 में एस्पायरिंग लीडर श्रेणी से आगे बढ़ते हुए उत्तर प्रदेश वर्ष 2025 में भारत सरकार की स्टार्टअप रैंकिंग में टॉप परफॉर्मर श्रेणी में स्थान प्राप्त कर चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्टार्टअप्स को प्रारंभिक चरण से लेकर विस्तार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा तक हर स्तर पर आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नई नीति में भरण-पोषण भत्ता, प्रोटोटाइप अनुदान, सीड कैपिटल सहायता तथा पेटेंट एवं गुणवत्ता प्रमाणन से जुड़े प्रोत्साहनों को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। महिला उद्यमियों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, दिव्यांगजन, ट्रांसजेंडर उद्यमियों तथा पूर्वांचल एवं बुंदेलखंड क्षेत्र के स्टार्टअप्स को विशेष प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए भी उपयुक्त प्रावधान शामिल किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के स्टार्टअप्स को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने



के लिए उन्हें उत्कृष्ट एक्सेलेरेटर कार्यक्रमों, निवेशकों, उद्योग जगत और अनुसंधान संस्थानों से जोड़ा जाना चाहिए। नई नीति में ऐसे प्रावधान शामिल किए जाएं, जिनसे स्टार्टअप्स को मेंटरशिप, निवेश, तकनीकी सहयोग और नए बाजारों तक पहुंच प्राप्त हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, क्वांटम प्रौद्योगिकी, रोबोटिक्स, सेमीकंडक्टर, एयरोस्पेस, स्पेस टेक्नोलॉजी, हेल्थ-टेक तथा अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश को अग्रणी भूमिका निभानी होगी। इसके लिए डीप-टेक स्टार्टअप्स को विशेष प्रोत्साहन प्रदान किया जाए तथा अनुसंधान आधारित नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी तंत्र विकसित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की संख्या बढ़ाई जाए तथा उन्हें भविष्य की उन्नत प्रौद्योगिकियों के अनुरूप विकसित किया जाए। विश्वविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों, अनुसंधान केंद्रों और उद्योग जगत के बीच मजबूत समन्वय स्थापित कर नवाचार को प्रयोगशालाओं से बाजार तक पहुंचाने की दिशा में कार्य किया जाए। उन्होंने लखनऊ और नोएडा में प्रस्तावित यू-हब को डीप-टेक नवाचार के प्रमुख केंद्रों के रूप में विकसित किए जाने पर भी बल दिया। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने स्टार्टअप इकोसिस्टम के विकास में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन इसे और अधिक सुदृढ़, संगठित तथा परिणामोन्मुख बनाने के लिए एक समर्पित संस्थागत व्यवस्था की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप गतिविधियों के संचालन, प्रोत्साहन, वित्तीय प्रबंधन, निगरानी, ...शेष पृष्ठ 10 पर




# न्याय व्यवस्था में पारदर्शिता समय की आवश्यकता : धामी

### जूडिशियम 2.0 सम्मेलन में डिजिटल न्याय प्रणाली पर हुआ व्यापक विमर्श

प्रमुख संवाददाता

देहरादून (उत्तराखंड)। न्याय को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और न्यायिक प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए तकनीक का व्यापक उपयोग आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आधुनिक दौर में न्याय व्यवस्था को ऐसी दिशा में आगे बढ़ाना होगा, जहां प्रत्येक नागरिक को बिना किसी भेदभाव के त्वरित, सरल और निष्पक्ष न्याय उपलब्ध हो सके।

उत्तराखंड न्यायाधीश संघ के वार्षिक सम्मेलन जूडिशियम 2.0 को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि न्यायिक संस्थाएं लोकतंत्र की आधारभूत संरचना का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। नागरिकों के संवैधानिक



अधिकारों की रक्षा, कानून के शासन को मजबूत करने और सामाजिक संतुलन बनाए रखने में न्यायपालिका की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड जैसे पर्वतीय प्रदेश में न्यायिक सेवाओं को दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचाना एक बड़ी जिम्मेदारी है। इसके लिए डिजिटल माध्यमों और आधुनिक तकनीक का उपयोग तेजी से बढ़ाया जा रहा है। ई-फाइलिंग, वर्चुअल सुनवाई, ऑनलाइन ...शेष पृष्ठ 10 पर

# बिहार के तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे मोहन भागवत

एजेंसी

पटना। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत रविवार को बिहार के तीन दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे।

सूत्रों के अनुसार, भागवत पटना के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे और वह मुंगेर रवाना होंगे, जहां वह तीन दिन यानी नौ जून तक ठहरेंगे। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भागवत का स्वागत किया। भागवत के मुंगेर दौरे को देखते हुए कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। आरएसएस सूत्रों के मुताबिक, भागवत का यह तीन दिवसीय दौरा संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सूत्रों ने कहा कि मुंगेर प्रवास के दौरान वह स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करेंगे, संघ शिक्षा वर्ग में भाग लेंगे तथा विभिन्न प्रशिक्षण सत्रों में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम मुंगेर के पुरानीगंज स्थित सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आरएसएस प्रमुख के आगमन को लेकर स्थानीय स्वयंसेवकों में काफी उत्साह है। सूत्रों के अनुसार, फिलहाल मुंगेर में जारी तीन प्रशिक्षण सत्रों में लगभग 700 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। इन सत्रों का उद्देश्य संगठनात्मक क्षमता बढ़ाना, नेतृत्व कौशल को मजबूत बनाना और कार्यकर्ताओं को सामाजिक जीवन में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार करना है।

# देश में ही बन रहे अधिकांश रक्षा उपकरण : राजनाथ सिंह



विशेष संवाददाता

लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि देश का रक्षा उत्पादन लगातार बढ़ रहा है और अधिकांश उपकरण अब देश में ही बन रहे हैं। लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह ने कैंट विधानसभा के कैंट मंडल-एक में आयोजित प्रबुद्धजन एवं वरिष्ठ जन संवाद कार्यक्रम में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में यहां सांसद बनने के बाद लखनऊ की प्रमुख समस्या यातायात जाम थी और इसे दूर करने के लिए रिंग रोड परियोजना को प्राथमिकता दी गई, जिसका लाभ आज शहरवासियों को मिल रहा है। एक बयान के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की लखनऊ महानगर इकाई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी भी मौजूद रहे। रक्षा मंत्री ने कहा, लखनऊ अब रक्षा उत्पादन और अनुसंधान का महत्वपूर्ण केंद्र बन रहा है। ब्रह्मोस मिसाइल परियोजना समेत कई रक्षा इकाइयों को बढ़ावा दिया गया है। उन्होंने कहा कि डीआरडीओ की प्रयोगशालाओं के विस्तार से युवाओं को शोध और नवाचार के नए अवसर मिल रहे हैं। सिंह ने बताया कि देश का रक्षा उत्पादन लगातार बढ़ रहा है और अधिकांश उपकरण अब स्वदेशी ही बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ी है और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा, प्रदेश में पांच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों का निर्माण हो चुका है। ...शेष पृष्ठ 10 पर

**विशेष खबर** | महाराजगंज में जोरदार बारिश, मथुरा में छाये बादल, शेष जिलों में 24 घंटे में तापमान 5 डिग्री उछलने का अनुमान

# यूपी में मानसून लेट, 24 तक देगा दस्तक

विशेष संवाददाता

लखनऊ। पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म हो गया है । ऐसे में मानसून का लेट होना स्वाभाविक है। फिलहाल राज्य में भारी बारिश के कोई आसार नहीं हैं। लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल सिंह ने इस आशय की जानकारी देते हुए कहा कि एक दो स्थानों पर स्थानीय मौसम में बदलाव के चलते हालांकि बारिश हो सकती है। 24 घंटे में पारा 5 डिग्री उछलकर 47 डिग्री तक पहुंच सकता है। 9 जून से 3 दिन हीटवेव (लू) चल सकती है जबकि 11 जून के बाद प्री-मानसून की बरसात का सिलसिला शुरू हो सकता है।

मौसम विभाग की मानें तो इस बार यूपी में मानसून 4 से 6 दिन लेट हो सकता है। इसके 24 जून तक प्रदेश में प्रवेश करने की संभावना है। इसके बाद 10 दिनों में मानसून पूरे यूपी में छा



जाएगा। वैसे भी मानसून अमूमन 18-20 जून के बीच यूपी पहुंचता है। मौसम के जिस तरह के हालात हैं, उससे मौसम के शुष्क बने रहने की पूरी संभावना है। प्री-मानसूनी बारिश तक भीषण गर्मी पड़ेगी। लू के हालात बनेंगे। मानसून 24 जून तक गोरखपुर के रास्ते प्रदेश में एंट्री कर सकता है। आसार ऐसे हैं कि 20 से 25 दिन में मानसून कमजोर भी पड़ सकता है।

वहीं, दूसरी ओर यूपी में आंधी-बारिश का सिलसिला भी आज देखने को मिला। महाराजगंज जिले में आज सुबह मेघ देवता की मेहरबानी देखी गई। सुबह साढ़े 5 बजे तेज हवा के साथ जोरदार बारिश हुई। डेढ़ घंटे हुई बारिश के बाद खेतों में पानी भर गया। बादल गरजे, बिजली भी कड़की। मथुरा में रविवार की शाम अचानक मौसम बदल गया। धूल भरी आंधी चली। आसमान में बादल छाए हैं। इसके अलावा, बाकी सभी जिलों में मौसम साफ है। तेज धूप निकली है। हवा की रफ्तार कम होने से उमस महसूस हो रही है। शनिवार को झांसी 42.5 डिग्री के साथ प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। बांदा में 42.2 डिग्री, जालौन ...शेष पृष्ठ 10 पर

# संभल में चला बुलडोजर

### सरकारी जमीन पर तैयार कर दी मजार, लगातार हो रहा था निर्माण, भारी पुलिस बल तैनात

एजेंसी

संभल। नखासा क्षेत्र के कसेरुआ गांव में कब्रिस्तान की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बनी मस्जिद मुस्तफा कादरी को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। प्रशासन ने तहसीलदार कोर्ट के आदेश पर यह कार्रवाई की। करीब 120 वर्गमीटर सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है।

मस्जिद की 55 फीट ऊंची मीनार को हाइड्रा मशीन से ढहाया गया। इस दौरान गांव में भारी फोर्स को तैनात किया गया और निगरानी के लिए जवान लगाए गए। डीएम और एसपी भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने कार्रवाई को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। चार बुलडोजर लगाकर कार्रवाई की गई है।



यह कार्रवाई शाम तक पूरी की गई। कार्रवाई के दौरान मस्जिद की पहली मंजिल से आई लव मोहम्मद लिखे पोस्टर और हरे रंग का झंडा मिला है। एसपी ने ऐसे पोस्टर छपवाने वालों पर कार्रवाई कराए जाने की बात कही है। मस्जिद ढहाने के लिए नगर पंचायत सिरसी से चार बुलडोजर, डंपर ट्रैक्टर और 20 सफाईकर्मी लगाए गए। कार्रवाई से पहले मुस्लिम समाज के लोगों ने मस्जिद में नमाज अदा की। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने मस्जिद के आसपास के घरों को खाली कराया। गांव में सुरक्षा के लिए 100 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। तहसीलदार ...शेष पृष्ठ 10 पर

# सरकार कक्षा 5 तक मजबूत करेगी सीखने की बुनियाद

## हिंदी, अंग्रेजी और ईवीएस विषयों के लिए तय किए जा रहे नये अधिगम लक्ष्य और दक्षताएं

विशेष संवाददाता (vol)

- आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान को नई ऊंचाई देने की दिशा में बड़ा कदम



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार बुनियादी शिक्षा सुधार के अगले चरण की तैयारी में जुट गई है। निपुण भारत मिशन के माध्यम से कक्षा 1 से 3 तक आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) को मजबूत करने के बाद अब सरकार इसकी पहुंच कक्षा 5 तक बढ़ाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। इसके लिए हिंदी, अंग्रेजी, गणित और पर्यावरण अध्ययन (ईवीएस) विषयों के लिए नए अधिगम लक्ष्य और दक्षताएं निर्धारित की जा रही हैं। निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार इन दक्षताओं और लक्ष्यों को 20 जून तक अंतिम रूप देकर अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

हाल ही में यह कार्य-योजना अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रस्तुत की गई। बैठक में निपुण भारत मिशन के विस्तार, कक्षा 3 से 5 तक अधिगम लक्ष्यों के निर्धारण, शिक्षक परामर्श प्रक्रिया तथा क्रियान्वयन रणनीति की प्रगति की समीक्षा की गई। इसी के आधार पर मिशन के अगले चरण की रूपरेखा को आगे बढ़ाया जा रहा है। बच्चों की सीखने की मजबूत बुनियाद ही भविष्य की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का आधार बनती है। माना जा रहा है कि इसी सोच के अनुरूप योगी सरकार द्वारा निपुण भारत मिशन के विस्तार की कार्ययोजना तैयार की जा रही है, जिससे कक्षा 3, 4 और 5 के विद्यार्थियों के सीखने के परिणामों में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में निपुण भारत मिशन शिक्षा सुधार का मजबूत आधार बन चुका है। अब निपुण 2.0 के माध्यम से सरकार आधारभूत शिक्षा सुधार को अगले स्तर पर ले जाने की तैयारी कर रही है। कक्षा 3 से 5 तक मिशन के विस्तार से बच्चों की सीखने की निरंतरता मजबूत होगी, विषयगत समझ बेहतर होगी और विद्यालयों में अधिगम परिणामों को नई गति मिलेगी। निपुण विस्तार कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ), परख और एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों के आधार पर दक्षताओं का मानचित्रण पूरा कर लिया गया है। इसके आधार पर विषयवार और कक्षावार अधिगम अपेक्षाओं को निर्धारित किया जा रहा है, जिससे शिक्षण प्रक्रिया को अधिक परिणामोन्मुखी बनाया जा सके। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विद्यार्थियों की सीखने की प्रगति को स्पष्ट रूप से मापा जा सके और शिक्षण प्रक्रिया को उसी के अनुरूप संचालित किया जाए। कार्ययोजना के अंतर्गत हिंदी और गणित विषयों के लिए प्रारूप अधिगम लक्ष्य तैयार कर लिए गए हैं। आगामी चरण में अंग्रेजी और ईवीएस विषयों के लिए भी लक्ष्यों को अंतिम रूप दिया जाएगा। इन लक्ष्यों के माध्यम से विद्यार्थियों की कक्षावार सीखने की उपलब्धियों को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाएगा, जिससे शिक्षकों को शैक्षणिक योजना निर्माण और अधिगम मूल्यांकन में सहायता मिलेगी। निपुण 2.0 की रूपरेखा को व्यावहारिक और विद्यालयों की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के लिए शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। इस दिशा में 12 शिक्षकों के साथ वर्चुअल परामर्श आयोजित किया जा चुका है। साथ ही कम से कम 10 शिक्षकों की सहभागिता के साथ परामर्श कार्यशाला आयोजित कर प्रस्तावित दक्षताओं और अधिगम लक्ष्यों का सत्यापन एवं परिष्करण किया जाएगा। इसके लिए व्यापक हितधारक परामर्श प्रक्रिया भी संचालित की जा रही है, ताकि अंतिम रूप से तैयार ढांचा विद्यालयों की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप हो। कक्षा 3 से 5 के लिए दक्षताओं और अधिगम लक्ष्यों को अंतिम रूप दिए जाने के बाद निपुण संकल्प कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इस कार्यशाला के माध्यम से जिला एवं ब्लॉक स्तर के शैक्षणिक नेतृत्व, शिक्षकों और अकादमिक टीमों को नए ढांचे से जोड़ा जाएगा तथा इसके प्रभावी क्रियान्वयन की रणनीति तैयार की जाएगी।

# दिव्यांगों के लिए सहारा बनी सरकार की पेंशन योजना

विशेष संवाददाता (vol)

- दिव्यांगजनों के जीवन में बदलाव ला रही पेंशन योजना
- प्रदेश के 12 लाख से अधिक दिव्यांगजनों को मिल रही आर्थिक सहायता

**लखनऊ।** प्रदेश के लाखों दिव्यांगजनों के जीवन में दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान/पेंशन योजना से सकारात्मक बदलाव आएं हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में संचालित इस योजना से लाभार्थियों को आर्थिक सुरक्षा और आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर मिला है। लाभार्थियों का कहना है कि समय पर पेंशन मिलने से दवा, भोजन और अन्य जरूरी खर्चों को पूरा करने में मदद मिल रही है। कई परिवारों के लिए यह पेंशन जीवनयापन का सहारा बन गई है। लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री योगी की सराहना करते हुए कहा कि सरकार की यह पहल उनके जीवन को आसान और सुरक्षित बना रही है।

बाराबंकी की रहने वाली आशा और उनके पति हरिलाल ने बताया कि पेंशन मिलने से उनके घर की आर्थिक स्थिति को मजबूती मिली है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देते हुए कहा कि सरकार की इस सहायता से परिवार को बड़ी राहत मिली है। हरिलाल ने बताया कि उनकी पत्नी आशा एक हाथ से दिव्यांग हैं, जबकि वह स्वयं सांस की गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण वह नियमित रूप से काम नहीं कर पाते हैं। ऐसे में दिव्यांग पेंशन उनके परिवार के लिए जीवनरेखा का काम कर रही है।

हरिलाल ने बताया कि समय पर पेंशन मिलने से दवा और अन्य आवश्यक जरूरतों का खर्च निकल जाता है, जिससे उन्हें आर्थिक सहायता के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ता है। उन्होंने बताया कि उनकी चार बेटियां हैं और सीमित आय के बीच परिवार का भरण-पोषण करना किसी चुनौती से कम नहीं है, लेकिन पेंशन मिलने से काफी सहारा मिला है। इसी तरह लखनऊ के गोसाईगंज निवासी 35 वर्षीय कौशल को भी पिछले 5-6 साल से पेंशन का लाभ मिल रहा है। कौशल ने बताया कि योगी सरकार आने के बाद उन्हें दिव्यांग पेंशन का लाभ मिलना शुरू हुआ है। उन्हें प्रत्येक तीन महीने पर 3000 रुपये की पेंशन मिलती है, जिससे उनके जीवन-यापन में काफी मदद मिलती है। कौशल बाएं पैर से दिव्यांग हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा समय पर पेंशन दिए जाने से उनकी आर्थिक परेशानियां काफी हद तक कम हुई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की यह योजना दिव्यांगजनों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो रही है। लखनऊ के रहने वाले लाभार्थी रजनीश ने भी योजना की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें पिछले कई वर्षों से दिव्यांग पेंशन का लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि वह खेती-किसानी के माध्यम से अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं, लेकिन सरकार की ओर से मिलने वाली पेंशन उनके लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 में इस योजना के तहत 12 लाख से अधिक पात्र दिव्यांगजनों को आर्थिक सहायता मिली है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र लाभार्थी को प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जा रही है। योगी सरकार की इस पहल से ऐसे दिव्यांगजन, जिनके पास आजीविका का कोई स्थायी साधन नहीं है और जो अपनी शारीरिक स्थिति के कारण नियमित कार्य करने में असमर्थ हैं, उन्हें बड़ी राहत मिल रही है।

# मऊ-बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण को मिली स्वीकृति

विशेष संवाददाता (vol)

- 55.57 किमी फोरलेन परियोजना से मऊ बलिया सहित पूरे क्षेत्र को मिलेगा बड़ा लाभ
- स्वीकृति के बाद राजमार्ग के त्वरित निर्माण के लिए मंत्री एके शर्मा ने एनएचएआई को लिखा पत्र

**लखनऊ।** पूर्वांचल की महत्वपूर्ण मऊ-बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 128-बी (55.57 किलोमीटर) के चौड़ीकरण एवं फोरलेन निर्माण परियोजना को स्वीकृति प्राप्त हुई है। यह उपलब्धि पूर्वांचल के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कदम मानी जा रही है।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने इस परियोजना को शीघ्र धरातल पर उतारने के उद्देश्य से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अध्यक्ष को पत्र लिखकर टेंडर प्रक्रिया एवं निर्माण कार्य को तत्काल प्रारंभ कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि इस संबंध में पूर्व में भी लगातार पत्राचार एवं उच्चस्तरीय वार्ताएं की जाती रही हैं तथा क्षेत्र की जनता लंबे समय से इस महत्वपूर्ण परियोजना की प्रतीक्षा कर रही है।

उन्होंने कहा कि मऊ-बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग केवल एक सड़क परियोजना नहीं है, बल्कि यह पूर्वांचल के आर्थिक, सामाजिक और औद्योगिक विकास का मजबूत आधार बनेगी। इस मार्ग के फोरलेन बनने से यातायात व्यवस्था अधिक सुगम होगी, यात्रा समय में कमी आएगी तथा सड़क सुरक्षा में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। परियोजना के अंतर्गत कई रेलवे ओवरब्रिजों का निर्माण भी प्रस्तावित है, जिससे आवागमन में आने वाली बाधाएं दूर होंगी और लोगों को निर्बाध परिवहन सुविधा प्राप्त होगी। इससे व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, निवेश की संभावनाएं बढ़ेंगी तथा क्षेत्र के किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद मऊ, बलिया एवं आसपास के जनपदों में आर्थिक गतिविधियों को नई ऊर्जा मिलेगी तथा पूर्वांचल के विकास को एक नई दिशा प्राप्त होगी।

# भाजपा सरकार में महंगाई बेलगाम : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को बयान जारी कर कहा है कि भाजपा सरकार में मंहगाई बेलगाम हो गयी। भाजपा निर्मित मंहगाई से जनता त्रस्त है। घरेलू गैस सिलेण्डर की कीमते 29 रुपये बढ़ाकर भाजपा सरकार ने जनता को मंहगाई का एक और डोज दे दिया है। आम जनता मंहगाई से कराह रही है। पिछले तीन महीने में घरेलू गैस सिलेण्डर 89 रुपये मंहगा हो गया है। वहीं कामर्शियल सिलेण्डर की कीमते हजार रुपये से ज्यादा बढ़ चुकी है। डीजल, पेट्रोल की कीमतें लगातार बढ़ रही है। भाजपा सरकार को गरीबों, मध्यम वर्गों और आम जनता की कोई चिंता नहीं, भाजपा सिर्फ अपने पूंजीपति मित्रों के मुनाफा और लाभ बढ़ाने की तिकड़म में जुटी रहती है। भाजपा की नीतियां गरीब विरोधी और पूंजीपरस्त हैं। भाजपा पूंजीपतियों के लिए काम करती है। अखिलेश यादव ने कहा कि मंहगाई कम करने के भाजपा के बड़े-बड़े वादों की हकीकत सामने आ गयी है। भाजपा से हर वर्ग की आस टूट गयी है। डबल इंजन सरकार प्रदेश की जनता को दोनों हाथों से लूट रही है। प्रदेश सरकार बिजली की कीमत बढ़ाती है। स्मार्ट मीटर लगाकर बिल बढ़ाकर लूट करती हैं, तो दिल्ली की सरकार डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस के दाम अन्य चीजों के दाम बढ़ाकर जनता की जेब काट रही है और अपनी तिजोरी भर रही है। डीजल, पेट्रोल की कीमतें बढ़ने से परिवहन से लेकर खाना-पीना सब महंगा हो गया। आखिर जनता जाय तो कहां जाय। भाजपा की दोनों सरकारे पूरी तरह संवेदनहीन हो गयी है। लोगों की आमदनी नहीं बढ़ रही है। बेरोजगारी चरम पर है।

# मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना बनी बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बेटियों के उत्थान और सशक्तीकरण की दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आज प्रदेश की लाखों बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी बनकर उभरी है।

महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित यह योजना जन्म से लेकर उच्च शिक्षा तक बालिकाओं को आर्थिक सहयोग प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर और शिक्षित बनाने का कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत अब तक 27,37,703 बालिकाओं को लाभान्वित किया जा चुका है। वहीं, 674.15 करोड़ रुपये की धनराशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की गई है। यह उपलब्धि न केवल योजना की व्यापक पहुंच को दशार्ती है, बल्कि बेटी के कल्याण के प्रति योगी सरकार की प्रतिबद्धता को भी मजबूत करती है। योगी सरकार ने इस योजना के क्रियान्वयन में तकनीक का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया है। योजना का संचालन पूरी तरह ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है, जिससे आवेदन प्रक्रिया सरल और पारदर्शी बनी है। वहीं पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम (पीएफएमएस) और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए सहायता राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जाती है। इस व्यवस्था ने बिचौलियों की भूमिका समाप्त कर दी है और अनियमितताओं की संभावनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया है।

समयबद्ध भुगतान और पारदर्शिता ने योजना के प्रति लोगों का भरोसा और मजबूत किया है। साल 2019 में शुरू की गई मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना बालिकाओं को जीवन के महत्वपूर्ण पड़ावों पर आर्थिक सहायता प्रदान करती है। योजना के अंतर्गत छह चरणों में कुल 25 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाती है। जिसमें बच्ची के जन्म पर 5,000 रुपये, एक वर्ष तक पूर्ण टीकाकरण पर 2,000 रुपये, कक्षा-1 में प्रवेश पर 3,000 रुपये, कक्षा-6 में प्रवेश पर 3,000 रुपये और कक्षा-9 में प्रवेश पर 5,000 रुपये मिलते हैं, साथ ही इंटरमीडिएट/ हाईस्कूल उत्तीर्ण कर डिग्री/ डिप्लोमा में एडमिशन लेने पर 7,000 रुपये मिलते हैं। इस तरह यह सहायता न केवल बालिकाओं के शिक्षा को प्रोत्साहित करती है बल्कि परिवारों पर पढ़ने वाले आर्थिक बोझ को भी कम करती है। उत्तर प्रदेश में कन्या सुमंगला योजना का बढ़ता दायरा इस बात का प्रमाण है कि योगी सरकार की नीतियों के केंद्र में महिलाओं और बालिकाओं का सर्वांगीण विकास है। आर्थिक सहायता, पारदर्शी व्यवस्था और समयबद्ध लाभ वितरण के माध्यम से यह योजना आज लाखों परिवारों के लिए भरोसे का नाम बन चुकी है और सच मायनों में बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी साबित हो रही है।

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना प्रदेश की बेटियों के सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सम्बधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश हैं कि कोई भी पात्र बालिका योजना के लाभ से वंचित न रहे। इसके लिए सभी जिलों को समयबद्ध पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। यह योजना केवल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने में भी अहम भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार बालिकाओं के सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर भविष्य के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की डालीगंज नगर इकाई का पुनर्गठन

## डॉ. भारती राय बनीं डालीगंज नगर इकाई की अध्यक्ष



**लखनऊ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, लखनऊ उत्तर द्वारा रविवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में डालीगंज नगर इकाई के पुनर्गठन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लखनऊ महानगर अध्यक्ष डॉ. अशोक मोरल, विभाग संगठन मंत्री पुष्पेन्द्र बाजपेयी, संगठन मंत्री अभिषेक बाजपेयी, जिला संयोजक अभिषेक सिंह तथा लखनऊ विश्वविद्यालय इकाई मंत्री आर्यन कुशवाहा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संगठन के विस्तार, छात्र हितों एवं आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तृत चर्चा के बाद नवीन दायित्वों की घोषणा की गई।

पुनर्गठन के अंतर्गत डॉ. भारती राय को डालीगंज नगर इकाई अध्यक्ष, डॉ. राहुल पाण्डेय, डॉ. हरि एवं डॉ. अंजलि को उपाध्यक्ष, विनायक सिंह को नगर इकाई मंत्री तथा आयुष तिवारी, अंश बिश्नोई एवं अंशिका को सह मंत्री का दायित्व प्रदान किया गया। स्टूडेंट्स फॉर डेवलपमेंट (एसएफडी) आयाम में हिमांशु रावत को संयोजक तथा सत्या पटेल एवं सलोनी चौरसिया को सह संयोजक नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय कला मंच में मानसी पाण्डेय को संयोजक तथा आयुष वर्मा एवं अंश पाठक को सह संयोजक बनाया गया। खेलो भारत आयाम में मयंक यादव को संयोजक एवं रिया पाण्डेय को सह संयोजक तथा प्रतियोगी परीक्षा आयाम में श्रद्धा राज को संयोजक एवं मनमीत सिंह को सह संयोजक का दायित्व सौंपा गया। साथ ही नमन गुप्ता, आयुषी विमल एवं अंचल वर्मा को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दायित्व प्रदान किया गया।

इस अवसर पर नवनियुक्त नगर इकाई अध्यक्ष डॉ. भारती राय ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा प्रदान किए गए दायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं उत्तरदायित्व के साथ किया जाएगा। संगठन के माध्यम से छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास, शैक्षणिक उन्नयन एवं राष्ट्र निर्माण के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का निरंतर प्रयास किया जाएगा। वहीं नगर इकाई मंत्री विनायक सिंह ने कहा कि, परिषद के कार्यकर्ता छात्र हितों के संरक्षण, परिसर की समस्याओं के समाधान तथा सकारात्मक छात्र नेतृत्व के निर्माण के लिए सदैव सक्रिय रहेंगे। डालीगंज नगर इकाई संगठन के विचारों को समाज एवं छात्र समुदाय तक प्रभावी रूप से पहुंचाने का कार्य करेगी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित पदाधिकारियों ने सभी नवनियुक्त दायित्ववान कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक सशक्त एवं गतिशील बनाने का आह्वान किया।

# मंत्री एके शर्मा ने दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क सहायक उपकरण किया वितरित

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने रविवार को मधुबन क्षेत्र स्थित इंदिरा गांधी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, डुमरी मर्यादपुर, मऊ में आयोजित एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, ट्राईसाइकिल एवं अन्य सहायक उपकरण वितरित किए। कार्यक्रम में 2500 से अधिक लाभार्थियों को विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण प्रदान किए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री एके शर्मा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाते हुए उन्हें सम्मानजनक जीवन प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि मधुबन और दोहरीघाट क्षेत्र के विकास एवं जनसेवा से उनका जुड़ाव आज का नहीं है। कोरोना काल के दौरान भी उन्होंने निरंतर क्षेत्र के लोगों की सहायता की और तब से लेकर आज तक क्षेत्र के विकास एवं जनकल्याण के लिए लगातार प्रयासरत हैं। मंत्री ने कहा कि मऊ को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मधुबन, दोहरीघाट और पूरे मऊ जिले के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी तथा सड़क, बिजली, पेयजल, नगरीय सुविधाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से क्षेत्र का



चौतरफा विकास सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान हजारों दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली।

लाभार्थियों ने मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल एवं अन्य सहायक उपकरण प्राप्त कर सरकार एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं क्षेत्रीय नागरिकों का मंत्री ने हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

# इंडिया गठबंधन की बैठक में आज लोकदल अध्यक्ष होंगे शामिल

**लखनऊ/नई दिल्ली।** नई दिल्ली में 8 जून 2026 को आयोजित होने जा रही इंडिया गठबंधन की महत्वपूर्ण बैठक में लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह को आमंत्रित किया गया है। लोकसभा चुनाव के दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन को मजबूती प्रदान करने और किसानों, युवाओं तथा सामाजिक न्याय के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने में लोकदल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बैठक में देश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की समस्याओं, युवाओं के भविष्य तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने सहित विभिन्न जनहित के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। लोकदल इन सभी विषयों पर अपनी स्पष्ट और मजबूत राय रखेगा। लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि देश आज बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की बदहाली जैसे गंभीर संकटों से जूझ रहा है। ऐसे समय में विपक्षी दलों की एकजुटता लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लोकदल जनता की आवाज को मजबूती से उठाने और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करने के लिए प्रतिबद्ध है। लोकदल का मानना है कि देश की राजनीति का केंद्र सत्ता नहीं, बल्कि जनता की समस्याओं का समाधान होना चाहिए। इसी उद्देश्य के साथ पार्टी इंडिया गठबंधन की बैठक में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेगी।

# एकेटीयू के दो शिक्षक ग्लोबल साइंटिफिक इंडेक्स में

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के वैज्ञानिकों ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में कार्य करने के लिए विश्वविद्यालय के घटक संस्थान सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज एवं इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के दो शिक्षकों ने विश्व की प्रतिष्ठित साइंस जर्नल ग्लोबल साइंटिफिक इंडेक्स में स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। आईईटी के प्रोफेसर एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के एचओडी प्रोफेसर अरुण तिवारी एवं सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज के मेकाट्रोनिकस के एसो प्रोफेसर डॉ अनुज कुमार शर्मा, ने यह उपलब्धि हासिल की है। दोनों शिक्षक इससे पहले स्टैनफोर्ड एवं एल्सेवियर के शीर्ष शोधकर्ताओं की सूची में अपना स्थान बना चुके हैं। लगातार शोध एवं अनुसंधान मैं लगे इन शिक्षकों को कुलपति प्रो. जेपी पांडे ने इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।



# पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ, इसकी भूमिका बेहद अहम

## समाज और सरकार के बीच एक मजबूत सेतु होता है पत्रकार

आगरा से आशीष मौर्य



- वन नेशन, वन इलेक्शन की अवधारणा का सभी करें सहयोग व समर्थन

**आगरा।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रविवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के खंदारी कैंपस स्थित जे.पी. सभागृह में आयोजित नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) के राष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में पहुंचने पर पत्रकारों एवं संगठन पदाधिकारियों ने उनका पुष्पगुच्छ, मोमेंटो एवं पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत परिसर में पौधारोपण भी किया। मुख्य संबोधन में उपमुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि वर्ष 1972 से प्रारंभ होकर लगभग 55 वर्षों की गौरवशाली यात्रा तय करने वाले इस संगठन का राष्ट्रीय सम्मेलन लोकतंत्र और पत्रकारिता की मजबूती का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और समाज व सरकार के बीच मजबूत सेतु का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज में हो रही अच्छाइयों और कमियों दोनों को उजागर करने का महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीतिज्ञ, डॉक्टर, पुलिस सेवा और पत्रकारिता—इन सभी क्षेत्रों में कार्य 24 घंटे का दायित्व होता है।

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और इसकी मजबूती में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष पत्रकारिता की अहम भूमिका है। उपमुख्यमंत्री ने आपातकाल के समय के अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उस दौर में पत्रकारों ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए कठिन परिस्थितियों का सामना किया। उन्होंने वन नेशन, वन इलेक्शन का समर्थन करते हुए कहा कि इससे समय, संसाधनों और धन की बचत होगी तथा विकास कार्यों को गति मिलेगी। श्री मौर्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के तेज विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि देश आत्मनिर्भरता और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर अग्रसर है। उन्होंने ऊर्जा संरक्षण, मेक इन इंडिया और घरेलू उत्पादन बढ़ाने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में वैश्विक परिस्थितियों में भारत शांति, संवाद और विकास का मार्ग दिखा रहा है तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की प्रतिष्ठा बढ़ी है। उन्होंने नागरिकों से ऊर्जा और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की अपील की। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार की पत्रकारों के प्रति प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि सरकार पत्रकारों की समस्याओं के समाधान और लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम के पश्चात उपमुख्यमंत्री सर्किट हाउस पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं, कानून व्यवस्था एवं शिकायत निस्तारण की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# राजनाथ सिंह से विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों और कार्यकर्ताओं ने की शिष्टाचार भेंट

**लखनऊ।** केंद्रीय रक्षा मंत्री एवं लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह से उनके लखनऊ प्रवास के दौरान क्षेत्रवासी, विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक, चिकित्सकीय एवं व्यावसायिक संगठनों के प्रतिनिधिमंडलों, जनप्रतिनिधियों तथा भाजपा पदाधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट कर क्षेत्रीय एवं जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की। इस दौरान साथ में भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी उपस्थित रहें। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद अशोक बाजपेई, एमएलसी इंजीनियर अवनीश पटेल, पूर्व महानगर अध्यक्ष एवं लोकतंत्र सेनानी राजेंद्र तिवारी, गंगाराम अंबेडकर, डॉक्टर प्रतिनिधिमंडल की ओर से डॉ. नकुल सिन्हा एवं डॉ. मोहम्मद खालिद, उत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र मोहन भट्ट, बुद्धेश्वर विकास महासभा लखनऊ के प्रतिनिधि मंडल के साथ अजय त्रिपाठी 'मुन्ना', महिला शिक्षक प्रतिनिधिमंडल पूर्व विधायक सुरेश तिवारी, पीजीआई चिकित्सक प्रतिनिधिमंडल अमित गुप्ता, सरगम अपार्टमेंट रेजिडेंट्स संगठन के अनुरोध राय, राजेश सिंह तथा ब्रह्म परिषद समाज के अध्यक्ष एसपी अवस्थी सहित विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों ने अपने सुझाव एवं विचार रक्षा मंत्री के समक्ष रखे।



# पुलिस ही अपराधी बन जाये वही कलियुग : अखिलेश

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को बयान जारी कर कहा है कि जिस युग में पुलिस ही अपराधी बन जाए वही कलयुग है। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भाजपा सरकार के समय में हो रही पुलिसिया ज्यादतियों को देखकर उत्तर प्रदेश की पुलिस व्यवस्था पर जो सख्त टिप्पणी की है, उसे सुनकर तो नैतिक रूप से भाजपा सरकार को शासन करने का कोई अधिकार नहीं बचता है परंतु नैतिकता, निष्पक्षता, सत्यनिष्ठता, ईमानदारी व इंसाफ जैसे शब्द भाजपा के शब्दकोश में हैं ही नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में पुलिस भाजपा के भ्रष्टाचार की भ्रष्टपुतली बनकर, संविधान के स्थान पर अवैधानिक-आपराधिक तरीके अपनाकर सत्ता के सियासी फायदे के लिए कानून अपने हाथ में ले रही है। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट पुलिसवाले याद रखें भाजपा किसी की सगी नहीं है और संविधान सदैव रहेगा, ये भाजपाई तो अंतिम दौर में हैं। भाजपाई निश्चित रूप से जा रहे हैं और फिर कभी लौटकर आएंगे भी नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार चरम पर है। किसी को भी न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। उसे कानून और संविधान की कोई परवाह नहीं है।

संक्षेप

## संदिग्ध दशा में विवाहिता ने निगला जहर, रेफर

प्रतापगढ़। संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने जहर निगल लिया। हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने उसे सांगीपुर सीएचसी से रेफर कर दिया। उदयपुर थाना क्षेत्र के सेमरा निवासी कमलेश सरोज की पत्नी आशा देवी (27) ने शनिवार की रात संदिग्ध दशा में जहरीला पदार्थ निगल लिया। उसकी हालत बिगड़ती देख परिजनों ने पूछताछ की तो उसने बताया कि मेरे द्वारा जहरीला पदार्थ निगल लिया गया है। आवाक परिजन आनन फानन में आशा को लेकर सांगीपुर सीएचसी पहुंचे। यहां उसकी गम्भीर दशा देख चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन विवाहिता को लेकर पड़ोसी जिले रायबरेली के एम्स ले गये। सूत्रों के मुताबिक विवाहिता द्वारा गृह कलह से तंग आकर जहर निगलने की संभावना गांव में चर्चा का माहौल लिये हुये है।

## बदमाशों ने ताला तोड़कर उड़ाये नकदी व जेवरात

प्रतापगढ़। लीलापुर थाना क्षेत्र के कटैया गांव में बीती छह जून को अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर नकदी समेत कीमती जेवरात व कपड़े आदि पर हाथ साफ कर दिया। गांव के सुरेन्द्र बहादुर सिंह की पुत्री प्रियंका ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि वह अपनी ससुराल गयी थी। छह जून की रात बदमाशों ने घर का ताला तोड़कर बारह हजार नकद तथा सोने चांदी के जेवरात व कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना की अगली सुबह पड़ोसियों से पीड़िता को जानकारी हुई। पीड़िता ने घटना को लेकर पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक अमला सिंह का कहना है कि जांच कर घटना का खुलासा किया जायेगा।

## तकनीकी सहायक व वीडीओ को कारण बताओ नोटिस

प्रतापगढ़। गांव में हुये विकास कार्य में अनियमितता की शिकायत पर जांच के दौरान जिले के उपायुक्त श्रम एवं रोजगार ने ग्राम पंचायत विकास अधिकारी एवं तकनीकी सहायक को कारण बताओ नोटिस भेजा है। स्पष्टीकरण तलब किये जाने का फरमान ब्लाक पहुंचने पर हड़कम्प मच गया। सांगीपुर के भगतपुर गांव में निर्माण कार्यों को लेकर अनियमितता की शिकायत पर डीएम के निर्देश पर जांच टीम का गठन किया गया। इन कार्यों को लेकर जांच समिति द्वारा स्थिति स्पष्ट न होने पर उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी गयी। जिले के उपायुक्त श्रम एवं रोजगार संतोष कुमार सिंह ने भगतपुर में तैनात रहे तत्कालीन ग्राम पंचायत विकास अधिकारी व तकनीकी सहायक को कारण बताओ नोटिस निर्गत किया है। नोटिस को लेकर ब्लाक में हड़कम्प का माहौल बना हुआ है।

## ई-रिक्शा की टक्कर से मासूम की मौत, कोहराम

प्रतापगढ़। सड़क पार कर रहे चार साल के बालक की ई-रिक्शा की टक्कर से मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। मासूम की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के सराय जगत गड़रियन का पुरवा निवासी राकेश वर्मा का चार वर्षीय पुत्र रितिक रविवार को सुबह करीब दस बजे घर के सामने सड़क पार कर रहा था। वर्मानगर तिराहे से ई-रिक्शा घुइसरनाथ जा रहा था। अचानक ई-रिक्शा की टक्कर से मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। सूत्रों के मुताबिक मासूम की मौके पर ही मौत हो गयी। परिजन बाइक से उसे लालगंज ट्रामा सेण्टर ले आये। यहाँ चिकित्सकों ने बालक की मौत की पुष्टि कर दी। मासूम की दुर्घटना में मौत से परिजन दहाड़ मार कर रोने लगे। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुँची। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम को भेजवाया। ईधर ई-रिक्शा भी असंतुलित होकर पलट गया। चालक समेत कुछ सवारियों को भी मामूली चोटें आ गई। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि ई-रिक्शा कब्जे में लिया गया है। इधर दुर्घटना को लेकर मासूम के पिता राकेश वर्मा ने दी गयी तहरीर में कहा है कि ई-रिक्शा चालक असैनापुर लालगंज निवासी विकास केसरवानी पुत्र रामअभिलाष के खिलाफ लापरवाही पूर्वक दुर्घटना कर बेटे की मौत की तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने ई-रिक्शा चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।

# नहर में नहाने गये तीन सगे भाइयों की डूबने से मौत

जिला संवाददाता

एटा/कासगंज। कासगंज जिले की नदरई हजारा नहर में नहाने के दौरान डूबे हाथरस के तीन सगे भाइयों के शव लगभग 20 घंटे तक चले खोज एवं बचाव अभियान के बाद बरामद कर लिए गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, पीएसी बाढ़ इकाई और पुलिस की संयुक्त टीम ने तीनों शवों को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस ने बताया कि हाथरस जिले के सिकंदराराऊथाना क्षेत्र के टिकरी नगला गांव निवासी जयप्रकाश (25), अजय (24) और छोटू (22) शनिवार को अपने मित्र सुमित के साथ नदरई हजारा नहर में नहाने आए थे। नहाने के दौरान तीनों गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे हालांकि सुमित किसी तरह तैरकर बाहर निकल आया लेकिन तीनों भाई तेज बहाव में बह गए। पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही संयुक्त रूप से खोज एवं बचाव अभियान शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि रविवार को जयप्रकाश का शव घटनास्थल से करीब आधा किलोमीटर दूर और छोटू का शव लगभग ढाई किलोमीटर दूर बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि लगातार तलाशी के बाद तीसरे भाई अजय का शव भी बरामद कर लिया गया। ग्रामीणों के अनुसार, तीनों भाई खेती कर परिवार का भरण-पोषण करते थे और सभी विवाहित थे। छोटू का विवाह इस वर्ष 20 फरवरी को एटा जिले के लोधमई गांव निवासी तान्या के साथ हुआ था।

## ड्राइवर को लोहे के रॉड से पीटकर किया अधमरा, पांच गिरफ्तार

गीडा, गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात पास लेने को लेकर हुए मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बोलेनो कार सवार दबंगों ने एक ट्रक ड्राइवर को गाली-गलौज करते हुए लोहे की रॉड से बेरहमी से पीट दिया, जिससे वह मौके पर ही बेहोश हो गया। पीड़ित ड्राइवर को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी 5 नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार रामजानकीनगर निवासी अजय कुमार सिंह पुत्र परमात्मा सिंह ने गीडा थाने में तहरीर देकर बताया कि शनिवार की रात करीब 10:30 बजे उनके ड्राइवर राजेश पटेल का बोलेनो कार संख्या यूपी 53 एफएल 5237 के सवारों से पास लेने की बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ा कि कार सवार युवकों ने ड्राइवर राजेश को गाली-गलौज देना शुरू कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से लोहे की रॉड निकालकर ड्राइवर पर हमला कर दिया। सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आने के कारण वह मौके पर ही लहूलुहान होकर बेहोश हो गया। घटना की सूचना रविवार तड़के सुबह करीब 3 बजे पुलिस को दी गई। तहरीर के आधार पर गीडा थाना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 109, 191(2), 191(3) और 352 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर घटना में शामिल सभी 5 आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

## मोहर्रम को लेकर खेसरहा थाने में पीस कमेटी की बैठक

खे0 बांसी सिद्धार्थनगर। आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को खेसरहा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेन्दु सिंह एवं उपजिलाधिकारी बांसी निखिल चक्रवर्ती ने की। इस दौरान थानाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह की मौजूदगी में ताजियादारों, जुलूस आयोजकों, ग्राम प्रधानों, धर्मगुरुओं तथा क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों ने भाग लिया। बैठक में अधिकारियों ने मोहर्रम के दौरान कानून-व्यवस्था, आपसी सौहार्द और शांति बनाए रखने पर जोर देते हुए शासन एवं उच्चाधिकारियों द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों से सभी को अवगत कराया। अधिकारियों ने लोगों से प्रशासन का सहयोग करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश एवं अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के मार्गदर्शन में आयोजित इस बैठक में थाना खेसरहा के समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क और प्रतिबद्ध है।

## आज कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे उपनेता प्रमोद तिवारी

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज सोमवार को रामपुर खास विधान सभा क्षेत्र में विविध कार्यक्रमों में शामिल होगें। वह दिन में दो बजे लालगंज स्थित कैंप कार्यालय पर कार्यकताओं से मुलाकात व जन समस्याओं की सुनवाई करेगें। इसके पहले वह डेढ़ बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में पर्यटन से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा करेगें। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी पूर्वान्ह ग्यारह बजे ननौती, मंगापुर, अठेहा, सांगीपुर में भी विविध कार्यक्रमों में शामिल होगें। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने दी है।

## सिद्धार्थनगर में विश्व प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. भास्कर शर्मा को सम्मानित



सिद्धार्थनगर। केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद के महानिदेशक द्वारा प्रतिष्ठित प्रशांत सम्मान पत्र से सम्मानित होकर विश्व प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. भास्कर शर्मा ने एक बार फिर अपने अद्वितीय साहित्यिक और चिकित्सकीय योगदान को सराहनीय बनाया। डॉ. शर्मा ने होम्योपैथी के क्षेत्र में नई दिशाएं स्थापित की हैं और अपने अनुभव व अनुसंधान के माध्यम से सैकड़ों रोगियों के जीवन में सुधार लाया है। उनके प्रकाशित शोधपत्र और चिकित्सकीय लेख न केवल चिकित्सक समुदाय में बल्कि छात्रों और शोधकताओं के बीच भी प्रेरणा का स्रोत बने हुए हैं। केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद के महानिदेशक ने उनके योगदान को सराहा और उन्हें समाज तथा चिकित्सा जगत में होम्योपैथी के विकास के लिए उनके निरंतर प्रयासों के लिए प्रशांत सम्मान पत्र से सम्मानित किया। डॉ. शर्मा की इस उपलब्धि से सिद्धार्थनगर और पूरे चिकित्सा समुदाय में खुशी और गर्व का माहौल है।

## त्रिलोकपुर में मोहर्रम व श्रावण मास को सुरक्षित मनाने के लिए पीस कमेटी बैठक



सिद्धार्थनगर जिले के त्रिलोकपुर थाना प्रभारी निरीक्षक हरे कृष्ण उपाध्याय के नेतृत्व में 07 जून 2026 को थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना क्षेत्र के जूलूस आयोजक, ताजियादार, मौलवी, धर्मगुरु, ग्राम प्रधान व समाज के सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य आगामी श्रावण मास और मोहर्रम त्यौहार को सकुशल और सौहार्दपूर्ण रूप से मनाना था। इस अवसर पर डॉ. अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद तथा क्षेत्राधिकारी बृजेश कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में उच्च अधिकारियों व शासन द्वारा जारी आदेशों और निदेर्शों से सभी को अवगत कराया गया। प्रभारी निरीक्षक हरे कृष्ण उपाध्याय ने सभी उपस्थित लोगों से सहयोग और अनुशासन बनाए रखने का आग्रह किया, ताकि त्यौहार क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के साथ मनाया जा सके।

# बरेली में हवाला रैकेट का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

बरेली। जिले में पुलिस ने रविवार को एक कथित हवाला गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 35 लाख रुपये नकद और फर्जी आधार कार्ड बरामद करने के बाद दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने संवाददाताओं को बताया कि अवैध गतिविधियों के खिलाफ एक विशेष अभियान के दौरान गुप्त सूचना पर बारादरी थाना क्षेत्र में पुलिस ने ये गिरफ्तारियां कीं। आरोपियों की पहचान बरेली के हजियापुर चुंगी के रहने वाले जमीर अहमद और राजस्थान के बीकानेर के रहने वाले जगदीश चोटिया के रूप में हुई है। एसएसपी ने बताया कि आरोपियों के पास से 35 लाख रुपये नकद, दो फर्जी आधार कार्ड और मोबाइल फोन बरामद किये गये। अहमद ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया कि वह दुबई में अली जीशान नाम के एक व्यक्ति के संपर्क में था और हवाला का कारोबार करने के लिये मोइन अली के नाम पर केजीएन नाम की एक कंपनी खोली गई थी। पुलिस ने बताया कि इस कम्पनी का कार्यालय पीलीभीत बाईपास रोड पर स्थित था और उसमें जाहिर तौर पर कोई भी कारोबार नहीं होता था। जांचकर्ताओं के मुताबिक, गिरोह के सदस्यों ने टोकन-आधारित लेनदेन के जरिये धन अंतरित किया और उसे दिल्ली में अपने संपर्क में लोगों को भेजा गया। पुलिस के अनुसार, दूसरे आरोपी जगदीश ने पुलिस को बताया कि वह पिछले चार वर्षों से बरेली में हवाला के कारोबार में शामिल था और कमीशन पर काम करता था। पुलिस ने बताया कि इस मामले में मोईन अली और दिल्ली के रहने वाले लालचंद व धम्माराम की तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, इस सिलसिले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की सुसंगत धाराओं के तहत दर्ज किया गया है।

## ऑनर किलिंग में पिता, चाचा और चाची समेत चार गिरफ्तार

हरदोई। जिले के संडीला थाना क्षेत्र में इज्जत के नाम पर 19 वर्षीय युवती की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। समदखेड़ा गांव निवासी शुभी की मौत के मामले में उसकी मां मिथलेशा की तहरीर पर पुलिस ने हत्या और साक्ष्य नष्ट करने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार युवती की मौत के बाद घटना को छिपाने के लिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया था, जिसके बाद शिकायत मिलने पर मामले का खुलासा हुआ। इस मामले में पुलिस ने युवती के पिता, चाचा और चाची समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

# सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार



**श्रावस्ती।** श्रावस्ती पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सामूहिक दुष्कर्म, षड्यंत्र, एससी/एसटी एक्ट और अवैध हथियार के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार थाना सोनवा और कोतवाली भिनगा की संयुक्त टीम भाखला पुल के पास संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि ननके पुत्र रुस्तम निवासी लौकीपुरवा, थाना कोतवाली भिनगा एक सफेद रंग की टीवीएस मोटरसाइकिल से लक्ष्मणनगर-गिलौला मार्ग की ओर आ रहा है। उसके पास अवैध तमंचा होने की भी सूचना थी।

सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ग्राम नेवरिया मोड़ के पास घेराबंदी कर चेकिंग शुरू कर दी। रात करीब 12:30 बजे आरोपी मोटरसाइकिल से आता दिखाई दिया। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा किए जाने पर उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी।

पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लग गई और वह घायल होकर गिर पड़ा। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, एक मोबाइल फोन तथा 1200 रुपये नकद बरामद किए गए। घायल आरोपी को उपचार के लिए पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनवा ले जाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल भिनगा रेफर कर दिया गया। वर्तमान में उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म, षड्यंत्र, एससी/एसटी एक्ट तथा अवैध हथियार से संबंधित मुकदमा दर्ज है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## खेतों में नाले का गंदा पानी आने से आक्रोश

आजमगढ़। कोयलसा ब्लाक के मुखलिसपुर गांव में नाले की समय से सफाई न होने से वर्षों से झाड़-झंखाड़ उगकर जाम हो गया है। पानी का बहाव अवरुद्ध होने से बरसात के दिनों में नाले का गंदा पानी खेतों में जलभराव हो जाता है और किसानों की फसलें बर्बाद हो जाती हैं। इसे लेकर ग्रामीणों और किसानों में आक्रोश व्याप्त है। शिवराम, तिलकधारी आदि ग्रामीणों का कहना है कि नाले की सफाई न होने से हर वर्ष जलभराव के कारण सैकड़ों बीघा धान समेत अन्य फसलें बर्बाद हो जाती हैं, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इस समस्या को लेकर संबंधित अधिकारियों और ग्राम प्रधान तक शिकायतीपत्र दिया गया, लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से नाले की तत्काल सफाई कराएं जानी की मांग की।

# आबादी के बीच चल रही देशी शराब की दुकान, लोगों का विरोध

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के ग्राम चौरा स्थित गोरखपुर देवरिया राजमार्ग पर थाना मुख्यालय के बगल में देशी शराब की दुकान खुली हुई है। जो नगर की आवादी के बीचोंबीच है। जबकि सरकार का यह आदेश है कि कोई भी शराब की दुकान आवादी से पांच सौ मीटर दूर होना चाहिए। लेकिन सरकार का यह आदेश व निर्देश चौरीचौरा में हवा हवाई साबित हो रहा है। बताते चलें कि स्थानीय थाना क्षेत्र के चौरा स्थित गोरखपुर देवरिया राजमार्ग पर आवादी के बीच देशी शराब की दुकान खुली हुई है। जिसके अगल बगल आमने-सामने सैकड़ों परिवार बच्चों सहित निवास करते हैं। ठीक सामने छोटे छोटे बच्चों का विद्यालय भी है। जहां बच्चे रोज शिक्षा ग्रहण के लिए आते हैं। सरकार का आदेश है कि जहां परिवार, विद्यालय देवालय हो वहां शराब की दुकान नहीं खुलेगी। इतना ही नहीं, पचास कदम की दूरी पर थाना है। फिर भी वहां चकाचक धड़ल्ले से शराब की दुकान चलना, प्रशासन पर प्रश्न चिन्ह कायम करता है। स्थानीय कुछ लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पहले यह दुकान गली में किनारे थी। लेकिन अब यह दुकान आवादी के बीच में चली आई है। जहां परिवार के सामने ही पियक्कड़ों का अपार लीला सुबह से रात तक चालू रहता है। लोगों का कहना है कि सभ्य परिवार का रहना मुश्किल हो रहा है। लोगों ने प्रशासन से उक्त देशी शराब की दुकान को तत्काल आवादी से दूर हटाने की मांग किया है।

# विकास योजनाओं की समीक्षा में डीएम ने दिए निर्देश




**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में एक जनपद एक नदी, डिजिटल लाइब्रेरी, जीरो पॉवर्टी अभियान, गौशाला प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, स्वच्छता एवं अन्य विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

एक जनपद एक नदी अभियान के अंतर्गत सिरसा नदी की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नदी में प्रवाहित होने वाले जल को स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त बनाए रखने के लिए फिल्टर चैम्बर की व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि नदी में केवल स्वच्छ जल ही प्रवाहित हो। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की समीक्षा करते हुए उन्होंने नए पात्र परिवारों को योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। सामुदायिक शौचालयों के निर्माण हेतु स्थान चिन्हित करने के संबंध में उन्होंने कहा कि जहां वास्तविक आवश्यकता हो वहीं निर्माण कराया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कई ग्राम पंचायतें कस्बों का स्वरूप ले चुकी हैं, इसलिए बारात घरों, सब्जी मंडियों, बाजारों तथा अधिक जनसंख्या वाले क्षेत्रों के आसपास सामुदायिक शौचालयों के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय गौतम, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रमेश चन्द्र, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, जिला कृषि अधिकारी ओंकार सिंह सहित अन्य समस्त सम्बन्धित अधिकारी उपस्थिति रहे।

## इंडो-नेपाल सीमा पर पुलिस और एसएसबी की संयुक्त गश्त



श्रावस्ती। इंडो-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए श्रावस्ती पुलिस और सशस्त्र सीमा बल द्वारा लगातार संयुक्त गश्त और सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में थाना सिरसिया पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने सुईया बॉर्डर सहित अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में पेट्रोलिंग की। इस दौरान सीमा क्षेत्र से आने-जाने वाले लोगों और वाहनों की गहन जांच की गई तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना, अवैध गतिविधियों पर रोक लगाना तथा लोगों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ाना है। संयुक्त गश्त के चलते सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और अधिक प्रभावी हुई है। श्रावस्ती पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस या डायल 112 को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## आपराधिक घटनाओं में वांछित धराये, गये जेल

प्रतापगढ़। अपराध नियंत्रण अभियान के तहत सांगीपुर तथा लालगंज पुलिस ने रविवार को आपराधिक मुकदमों में वांछितों को दबोच कर जेल भेज दिया। सांगीपुर के दरोगा रोहित कुमार फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। थाना क्षेत्र के रामगंज भोजपुर तिराहे से हत्या के प्रयास के मुकदमें में फरार चल रहे आरोपी पूरे अमान भोजपुर निवासी दिनेश गौतम पुत्र ननकू को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया। वहीं लालगंज कोतवाली पुलिस ने किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटित वारदातों के दो आरोपियों को हिरासत में लेकर रविवार को जेल भेज दिया। कोतवाली के दरोगा बनवारी लाल फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। थाना क्षेत्र के पड़री नहर की पुलिया के समीप से दुष्कर्म के वांछित चरन का पुरवा गौखाड़ी निवासी सतेन्द्र कोरी पुत्र रामदुलारे को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। वहीं लालगंज कोतवाली में तैनात दरोगा राजेन्द्र राम को भी किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना में वांछित आरोपी को हिरासत में लेने में सफलता मिली है। पुलिस टीम ने जलेसरगंज निवासी आलम शाह पुत्र पप्पू शाह धारूपुर तिराहे स्थित एक मंदिर के पास से हिरासत में ले लिया है। आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

## पांडव नदी में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत

औरैया। जिले के थाना बेला क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पुर्वा भवन में रविवार को एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां पांडव नदी में नहाने गए दो मासूम बच्चों की डूबने से मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना के बाद से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है और पीड़ित परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुर्वा भवन निवासी धीरेंद्र पाल का 8 वर्षीय पुत्र विष्णु और हरजू पुर्वा निवासी सुदेश का 8 वर्षीय पुत्र अंश रविवार सुबह अपने चाचा धर्मेंद्र पाल के साथ भेड़ चराने के लिए निकले थे। घर से करीब 300 मीटर की दूरी पर स्थित पांडव नदी को देखकर दोनों बच्चे उसमें नहाने के लिए चले गए। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब बच्चे वापस नहीं लौटे, तो चिंतित चाचा धर्मेंद्र पाल ने सुबह करीब 11 बजे परिजनों को फोन कर बच्चों के बारे में पूछा। घर पर भी बच्चों के न होने की जानकारी मिलते ही परिजनों को किसी अनहोनी की आशंका सताने लगी।

## युवक ने पेड़ से लटककर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

श्रावस्ती। श्रावस्ती के थाना सोनवा क्षेत्र के ग्राम इतरौरी दाखिला चन्द्रखा बुजुर्ग निवासी 35 वर्षीय राधे पुत्र स्व. शंभर ने रविवार सुबह खेत में स्थित गूलर के पेड़ पर गमछे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही थाना सोनवा पुलिस मौके पर पहुंची। क्षेत्राधिकारी इकौना आलोक कुमार सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलित किए जा रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।

## कर्तव्य में लापरवाही पर तीन दरोगा निलंबित, एक लाइन हाजिर

मथुरा। जिले में कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने और अनुशासनहीनता के आरोप में रविवार को तीन पुलिस उपनिरीक्षकों को निलंबित और एक उपनिरीक्षक को लाइन हाजिर कर दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि राया थाने में तैनात उपनिरीक्षक वीरेन्द्र सिह को रिश्वत लेने की एक शिकायत मिलने पर तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रारंभिक रूप से दोषी मानते हुए निलंबित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इसके अलावा रिफाइनरी थाने में तैनात उपनिरीक्षक लोकेन्द्र सिंह को दो समुदायों के बीच हुए झगड़े के एक मामले को गम्भीरता से न लेने के कारण निलंबित किया गया। इसी तरह गोवर्धन थाने में तैनात उपनिरीक्षक रजत दुबे को विवेचना निस्तारण में लापरवाही बरतने के कारण निलंबित किया गया और वृन्दावन के रंगजी मंदिर चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह को चिह्नित माफिया की निगरानी करने में लापरवाही बरतने के कारण लाइन हाजिर कर दिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कर्तव्य में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## बस की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार बच्ची समेत तीन की मौत, दो घायल

गाजीपुर। जिले के सैदपुर कोतवाली क्षेत्र में रविवार को बस की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार एक बच्ची समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शरीफपुर गांव के पास बने रेलवे अंडरपास में एक निजी बस ने मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि घटना में मोटरसाइकिल पर सवार काजल गिरि (23), उसकी भाभी रितु देवी (25) और दो महीने की बेटी सेजल की बस की चपेट में आने से मौत हो गई।

सूत्रों के मुकाबिक, घटना में मोटरसाइकिल चालक प्रतीक गिरि और उसकी बेटी श्रेया (2) घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सैदपुर स्थित सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने बताया कि मिर्जापुर जिले के अदलहाट थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी प्रतीक मोटरसाइकिल पर पत्नी, भाभी और दो बच्चियों को बैठाकर बहरियाबाद से सैदपुर की ओर जा रहा था। उन्होंने बताया कि बस चालक को गिरफ्तार कर उसका वाहन जब्त कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है।

## गैर इरादतन हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा



सिद्धार्थनगर, । थाना कठेला समय माता पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मामले में वांछित आरोपी अवधेश उर्फ लल्लन पुत्र श्यामलाल, निवासी भुतहवा को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद माननीय न्यायालय भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी को भुतहवा चौराहे से गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई मु0अ0सं0-61/26, धारा 105 बीएनएस के तहत की गई। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक श्यामदेव प्रसाद, हेड कांस्टेबल कमलेश यादव, कांस्टेबल छेदी चौरसिया एवं आरक्षी चालक शिवपाल यादव शामिल रहे।

संक्षेप

## जज आवास में निकला 5 फीट का सांप

इटावा। सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित अंबेडकर चैराहा के पास न्यायिक अधिकारियों के सरकारी आवास परिसर में उस समय हड़कंप मच गया, जब एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज संजय कुमार चतुर्थ के सरकारी आवास बी-17 के गार्डन में करीब पांच फीट लंबा सांप दिखाई दिया। सांप को देखते हुए वहां मौजूद सुरक्षा कर्मी सतर्क हो गए और तत्काल आवास में मौजूद लोगों को इसकी जानकारी दी। सांप दिखने से पूरे परिवार व आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर जज संजय कुमार ने सर्पमित्र डा. आशीष से संपर्क किया। सूचना मिलते ही डा. त्रिपाठी मौके पर पहुंचे व काफी सावधान के साथ सांप का रेस्क्यू अभियान शुरू किया। कुछ देर की मशक्कत के बाद उन्होंने सांप को सुरक्षित पकड़ लिया जिससे वहां मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली। डा. आशीष त्रिपाठी ने बताया कि पकड़ा गया सांप रेट स्नेक, जिसे स्थानीय भाषा में घोड़ा पछाड़ कहा जाता था। इसका वैज्ञानिक नाम पत्यास म्यूकोसा है। यह निषहीन प्रजाति का सांप होता है। उन्होंने बताया कि यह सांप खेतों में चूहों व अन्य हानिकारक जीवों की संख्या नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, इसलिए इसे किसान मित्र भी कहा जाता है।

## पुलिस ने यमुना पुल पर बचायी महिला की जान

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में थाना चकरनगर पुलिस की तत्परता से महिला को यमुना नदी में कूदकर आत्महत्या करने से बचाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस द्वारा जनसुरक्षा एवं मानव जीवन की रक्षा हेतु सतत सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही की जा रही है। 6 जून को थाना चकरनगर क्षेत्रान्तर्गत सिकरोड़ी पुल पिकेट पर रिक्रूट आरक्षी रवि राणा एवं पीआरडी जवान सुदामा लाल ड्यूटी पर मौजूद थे। समय 1 बजे दोपहर राहगीरों द्वारा सूचना दी गयी कि यमुना पुल पर एक महिला नदी में कूदने का प्रयास कर रही है, जिसके साथ एक व्यक्ति भी मौजूद है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिसकर्मियों द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर सूझबूझ एवं तत्परता का परिचय देते हुए महिला को सुरक्षित बचा लिया गया तथा महिला एवं उसके पति को थाना चकरनगर लाया गया। पूछताछ में महिला द्वारा अपना नाम रीता देवी पत्नी राजू उर्फ बादशाह निषाद निवासी ग्राम ककरिया थाना चकरनगर जनपद इटावा बताया गया। महिला ने बताया कि पति-पत्नी के मध्य घरेलू विवाद एवं कहासुनी होने के कारण वह आक्रोश में आकर उक्त कदम उठाने जा रही थी। दोनों पक्षों के परिजनों को थाना पर बुलाकर काउंसलिंग की गयी तथा आपसी समझौता एवं समझाइश के बाद दोनों पक्षों को उनके परिवारीजनों के साथ सकुशल रवाना किया।

## पुलिस आरक्षी परीक्षा और स्वास्थ्य कारणों से सुनवाई तिथि बढ़ाने की मांग

उन्नाव। विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र के सहायक शिक्षक गोपाल बाबू ने जिला विद्यालय निरीक्षक को प्रार्थना-पत्र देकर 8 जून को निर्धारित सुनवाई की तिथि बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने अनुरोध किया है कि सुनवाई 15 जून के बाद नियत की जाए अथवा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई का अवसर प्रदान किया जाए। प्रार्थना-पत्र में बताया गया है कि 8, 9 और 10 जून को उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती की लिखित परीक्षा आयोजित हो रही है, जिसके चलते परिवहन व्यवस्था प्रभावित है और यात्रा करना कठिन हो गया है। इसके अतिरिक्त उन्होंने स्वयं को 61 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक एवं 45 प्रतिशत दिव्यांग बताते हुए कहा है कि वह बीपी के मरीज हैं तथा भीषण गर्मी और लंबी यात्रा उनके स्वास्थ्य के लिए जोखिमपूर्ण हो सकती है। गोपाल बाबू ने यह भी उल्लेख किया है कि वह वर्तमान में विभागीय स्तर पर स्वीकृत ग्रीष्मावकाश के कारण अलीगढ़ में निवास कर रहे हैं, जबकि सुनवाई के लिए उन्हें उन्नाव उपस्थित होना है। ऐसे में मानवीय आधार पर सुनवाई की तिथि 15 जून के बाद निर्धारित करने या ऑनलाइन माध्यम से सुनवाई कराने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि वह प्रकरण की जांच एवं सुनवाई में पूरा सहयोग देने के लिए तैयार हैं। किसी भी वैकल्पिक माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करने को इच्छुक हैं।

# ऑपरेशन के बाद प्रसूता की मौत

## परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप



चौरीचौरा, गोरखपुर। एकौना थाना क्षेत्र के बेलवा दुबौली निवासी प्रसूता 27 वर्षीय नीलम निषाद पत्नी देव निषाद की चौरीचौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। सैकड़ों की संख्या सैकड़ों ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौरीचौरा पहुंच गए। तथा जमकर हंगामा खड़ा कर दिया। सूचना पर भारी संख्या में पहुंची चौरीचौरा पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया। तथा शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बताते चलें कि आज से लगभग डेढ़ वर्ष पहले चौरीचौरा थाना क्षेत्र के चौरी निवासी नीलम पुत्री शेषनाथ निषाद की शादी देवरिया जनपद के एकौना थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बेलवा दुबौली निवासी देव निषाद के साथ हुई थी। डिलेवरी के दौरान नीलम अपने मायके चौरीचौरा थाना क्षेत्र के ग्राम चौरी में आयी हुई थी। परिजनों के अनुसार शनिवार की सुबह प्रसूता को काफी प्रसव पीड़ा होने के कारण परिजन उसे इलाज के निमित्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौरीचौरा लाये। जहां डाक्टरों ने उसी दिन लगभग 2 बजे उक्त पीड़िता का आपरेशन कर बच्चा पैदा कराया गया। पुत्र रत्न प्राप्त होते ही परिवार में खुशियां झलक आयीं। सभी लोग प्रसन्नता व्यक्त किए। लेकिन दुर्भाग्यवश रविवार की सुबह लगभग 5 बजे प्रसूता की अचानक मौत हो गई। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। प्रसूता के मौत की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। मौत की खबर फैलते ही परिजन सहित भारी संख्या में लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंच गए। तथा लगभग 6 घंटे तक हंगामा खड़ा कर दिया। सूचना मिलते ही भारी भरकम फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे थाना प्रभारी चौरीचौरा वेदप्रकाश शर्मा ने लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। तथा शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर विधानसभा चौरीचौरा विधायक ई0 सरवन निषाद, उपजिलाधिकारी चौरीचौरा कुंवर सचिन सिंह, नायब तहसीलदार संजय सिंह, पूर्व चेयरमैन जेपी गुप्ता विधायक प्रतिनिधि अमित जायसवाल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

उक्त घटना के संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी सर्वजीत प्रसाद ने परिजनों द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को गलत बताया। तथा प्रसूता के मौत का कारण हार्ट अटैक होना बताया।

*प्रसूता के मौत के संबंध में सीएमओ गोरखपुर ने कहा कि परिजनों अथवा अन्य लोगों द्वारा लगाए गये आरोपों की टीम गठित कर जांच कराई जाएगी। जांच में दोषी पाए जाने पर दोषी के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।*

*विधायक बोले घटनास्थल पर पहुंचे चौरीचौरा विधायक ई0 सरवन निषाद ने प्रसूता की मौत के दुख व्यक्त करते हुए बताया कि आरोपों की जांच करायी जायेगी। दोष सिद्ध होने पर दोषी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। परिवार की हर संभव मदद की जायेगी।*

### नवजात के सिर से उठ गई मां की छाया

विधाता की लीला अपरम्पार होती है। जिस घर में पुत्र रत्न के प्राप्त होते ही लोग खुशी से पागल हो रहें थे। चारों ओर से बधाइयां आ रही थी। क्या मालूम था कि यह खुशियां कुछ पल बाद मातम में बदल जायेगी। देवरिया जिले के एकौना थाना क्षेत्र के बेलवा दुबौली निवासी नीलम निषाद पत्नी देव निषाद शनिवार की सुबह हो रही प्रसव पीड़ा का इलाज कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौरीचौरा आयी थी। जहां डाक्टरों ने आपरेशन द्वारा बच्चा पैदा कराया। पुत्र रत्न प्राप्त होते ही चारों ओर खुशियां फैल गई। लेकिन विधि का विधान निराला होता है। लगभग 17 घंटे बाद ही प्रसूता की मौत हो गई। जिससे दुधमुंहे बच्चे के सिर से मां की छाया सदा सदा के लिए उठ गई।

# सड़क चौड़ीकरण पर बवाल ग्रामीणों ने रुकवाया निर्माण कार्य

- **ठेकेदार पर मनमानी का आरोप, एक तरफ से 3 मीटर जमीन लेने का विरोध; पीडब्ल्यूडी ने दिया बराबर अधिग्रहण का भरोसा**

पिपरौली, गोरखपुर। सहजनवां तहसील क्षेत्र के पिपरौली ब्लॉक अंतर्गत जैतपुरझसाहिबाबाद 8.20 किलोमीटर सड़क चौड़ीकरण परियोजना विवादों में घिर गई है। बनौडा गांव में ग्रामीणों ने निर्माण कार्य रुकवा दिया और ठेकेदार पर मनमानी करने का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण के नाम पर केवल एक तरफ के किसानों की लगभग 3 मीटर जमीन ली जा रही है, जबकि दूसरी तरफ की जमीन को छोड़ दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क के दोनों ओर से समान रूप से भूमि अधिग्रहित कर चौड़ीकरण किया जाना चाहिए, लेकिन ठेकेदार द्वारा एकतरफा कार्रवाई किए जाने से प्रभावित परिवारों में आक्रोश है। विरोध के चलते निर्माण कार्य कुछ समय के लिए ठप हो गया। गौरतलब है कि 22.38 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत इस परियोजना से अमटौरा, बनौडा, बेलवाडाड़ी, कैली, गाडर, साहिबाबाद, डोडो और सतुआभार समेत कई गांवों के लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलने की उम्मीद है। पहले यह मार्ग संकरा होने के कारण दो वाहनों के आमने-सामने आने पर जाम और दुर्घटना की स्थिति बन जाती थी।



मामले पर पीडब्ल्यूडी के जूनियर इंजीनियरञ आर.एन. यादव ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण में किसी प्रकार की पक्षपातपूर्ण कार्रवाई नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क के दोनों तरफ बराबर भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। यदि कहीं बाउंड्री वॉल अथवा अन्य निर्माण बाधा बन रहे हैं तो नियमानुसार उनका समाधान किया जाएगा।

# अंतर्राष्ट्रीय साइकिलिंग दिवस पर भव्य साइकिल रैली निकाली



उन्नाव। भारत सरकार के फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत जिला खेल कार्यालय उन्नाव द्वारा अंतर्राष्ट्रीय साइकिलिंग दिवस के अवसर पर भव्य साइकिल रैली एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जनपद उन्नाव के लगभग 100 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। 7 किलोमीटर लंबी साइकिल रेस का शुभारंभ जिला क्रीड़ा अधिकारी मुकेश कुमार सब्बरवाल एवं डॉ. राजेश द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों में संजय, सरोज कुमार वर्मा, आकाश, अरमान, आराध्य त्रिवेदी, मीनाक्षी, उन्नति कृष्णा देवी एवं प्रतिभा कुशवाहा प्रमुख रहे। सभी विजेता खिलाड़ियों को जिला खेल कार्यालय द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री मुकेश कुमार सब्बरवाल ने खिलाड़ियों एवं उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि ष्यदि हमें स्वस्थ एवं फिट रहना है तो हमें अपने दैनिक जीवन में साइकिल चलाने की आदत को अपनाना होगा। साइकिल न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में कार्यालय लेखाकार आनंद मोहन एवं प्रशिक्षक ह्वविकास अवस्थी, कुशमेश कुमार, मनोज कुमार, शिवानी गुप्ता, इरशाद अहमद, सलोनी एवं कृष्ण प्रताप सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए फिट इंडिया अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण एवं फिट रहने के संदेश के साथ किया गया।

# ओमनी व बाइक की जोरदार टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल



पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। कोतवाली क्षेत्र के चमियानी गांव स्थित पक्के तालाब चैराहे के पास रविवार को एक तेज रफ्तार ओमनी कार और मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम हरीखेड़ा निवासी शैलेश कुमार पुत्र रमेश कुमार तथा अनूप कुमार पुत्र भीम शंकर निवासी हिम्मत खेड़ा महरामऊ क्षेत्र से अपनी जेसीबी मशीन चलाकर दोपहर के समय हरीखेड़ा अपने गाँव खाना खाने के लिए बाइक से आ रहे थे जैसे ही उनकी मोटरसाइकिल चमियानी के पक्के तालाब चैराहे के पास पहुंची, तभी तेज रफ्तार आ रही एक ओमनी कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क किनारे दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ओमनी कार काफी तेज गति में थी, जिसके कारण हादसा हुआ। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरवा ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल से भी चिकित्सकों ने दोनों को कानपुर ट्रॉमा सेंटर भेजने की सलाह दी। हालांकि परिजन दोनों घायलों को इलाज के लिए कालूखेड़ा स्थित एक निजी नर्सिंग होम ले गए। परिजनों के अनुसार दुर्घटना में शैलेश का जबड़ा टूट गया है, जबकि अनूप का दाहिना पैर नीचे तक गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना के बाद क्षेत्र में चिंता का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा दुर्घटना में शामिल ओमनी वाहन की तलाश की जा रही है।

# गोली चलने से हड़कंप युवक बाल – बाल बचा

## बाइक सवार बदमाशों ने घर जा रहे युवक को निशाना कर चलायी गोली

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र अंतर्गत मजनू चौकी क्षेत्र के डोहरिया बाजार में शनिवार की दोपहर बाइक सवार बदमाशों द्वारा पैदल घर जा रहे युवक पर गोली चलाने की घटना से हड़कंप मच गया। बाइक सवार बदमाशों ने पहले युवक से कहासूनी कर विवाद किया और फिर माहौल बिगड़ता देख गोली चला दी। युवक किसी तरह भागकर जान बचाई। लेकिन गनीमत रहा गोली युवक के शरीर को छूते हुए दिवार में जा लगी, जबकि कुछ छर्रे उसकी गर्दन पर जा लगे। जिससे वह बाल-बाल बच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस जाँच पड़ताल में जुटी तो वही पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर उसके पास से तमंचा बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक, मजनू चौकी अंतर्गत डोहरिया बाजार में शनिवार की दोपहर करीब 2 बजे अजीज पुत्र इनातुल्ला निवासी डोहरिया बाजार नमाज पढने के बाद सामान लेकर घर जा रहा था।

तभी पीछे से अब्दुल मुकिर (दरोगा) पुत्र अब्दुल कलाम व साजिद अली पुत्र जुम्मन निवासी डोहारिया टोला केवटलवा ने रास्ते में रोककर गाली देने लगे तब तक अजीज अपने घर के करीब पहुंच गया, तभी आनन फानन में बाइक सवारों ने गोली चला दी। गोली अजीज के शरीर को टच करते हुये दिवार में जा लगी गनीमत रही बड़ी घटना टल गई।

सुचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने खोखा बरामद कर लिया है और पीड़ित पक्ष से प्रार्थना पत्र लेकर आवश्यक कार्यवाई में जुट गई है वही आरोपी घटना को कारित कर गोरखपुर की तरफ फरार हो गये। घटना के बाद से पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटना के महज कुछ घंटो बाद ही घटना के

मुख्य आरोपी अब्दुल मुकीत उर्फ दरोना पुत्र इनायत उल्लाह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के निसानदेही पर उक्त तमंचा भी बरामद कर लिया।

काला जादू के शक में विवाद के बाद चली गोली पूछताछ में अब्दुत मुकीत उर्फ दरोगा ने बताया कि मेरे पिता एवं मेरी तबियत अक्सर खराब ही रहती है मुझे शक है अजीज मेरे घर परिवार पर कुछ गलत करतब कर दिया। जिससे हम लोगो की तबियत खराब रहती है। पुलिस आरोपी के खिलाफ बिधिक कार्यवाही करने के पश्चात दूसरे नामजद आरोपी की तलास कर रही है।

# मिशन शक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

चौरीचौरा, गोरखपुर। छात्र-छात्राओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा तथा आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से झंगहा थाना द्वारा ह्यमिशन शक्तिह्नके तहत अमहिया स्थित एक कोचिंग सेंटर परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मिशन शक्ति प्रभारी एसआई मोहम्मद अरशद खान ने छात्राओं को महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी। उन्होंने संकट की स्थिति में उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 महिला पावर लाइन तथा 112 आपातकालीन सेवा के बारे में विस्तार



से बताया। तथा उनका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ह्लनारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन ही एक सशक्त समाज की पहचान है। ह्व साथ ही छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और किसी भी समस्या की स्थिति में बिना संकोच सहायता लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम की सफलता पर कोचिंग सेंटर के प्रवन्धक ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर कांस्टेबल मोहित कुमार, रिक्रूट कांस्टेबल मनोज यादव, आकाश मौर्य, रिक्रूट महिला कांस्टेबल प्रतिभा रावत, साक्षी तिवारी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन का 120वां स्थापना दिवस मना




उन्नाव। अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन के 120वें स्थापना दिवस के अवसर पर नंदन पार्क में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के प्रचार-प्रसार, जनस्वास्थ्य में इसकी उपयोगिता तथा वर्तमान समय में इसकी बढ़ती आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ. जगत नारायण तिवारी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में वैद्य गुरु प्रसाद मिश्र उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्वेता भानू मिश्रा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि आयुर्वेद भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति होने के साथ-साथ एक संपूर्ण जीवन दर्शन भी है। वर्तमान समय में बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं और दुष्प्रभावों के बीच आयुर्वेद लोगों के लिए एक सुरक्षित एवं प्रभावी विकल्प के रूप में उभर रहा है। वक्ताओं ने आयुर्वेद के प्रति लोगों की बढ़ती आस्था को इसके वैज्ञानिक आधार और दीर्घकालिक लाभों का परिणाम बताया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अवधेश कुमार सिंह ने आयुर्वेद के विकास, उसके व्यापक प्रचार-प्रसार तथा जनजागरूकता के लिए किए जा रहे प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित लोगों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के प्रभाव के बावजूद आयुर्वेद की उपयोगिता आज भी बनी हुई है और समाज में इसके प्रति विश्वास लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार और प्राकृतिक उपचार पद्धति के कारण आयुर्वेद की स्वीकार्यता निरंतर बढ़ रही है। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों एवं आयुर्वेद प्रेमियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया।

# शिवपाल सिंह ने किया अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का अनावरण



इटावा। ग्राम रतनपुर में रविवार को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा स्थापना एवं अनावरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना के बाद अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का अनावरण किया व उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को नमन किया। कार्यक्रम का आयोजन भरथना विधानसभा क्षेत्र के विधायक राघवेन्द्र सिंह गौतम द्वारा कराया गया था। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल, जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, महासिचव वीरू भदौरिया, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, सांसद जितेन्द्र दोहरे, अशोक यादव, रूबी सहित सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता व समर्थक व क्षेत्रीय ग्रामीण भी शामिल हुए। प्रतिमा अनावरण के बाद आयोजित के बाद आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन संघर्ष, प्रशासनिक दक्षता व समाज के प्रति उनके उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की उन महान शासकों में शामिल है जिन्होंने जनकल्याण, धार्मिक स्थलों के संरक्षण व सामाजिक समरसता के उल्लेखनीय कार्य किए।

# एसएसपी पत्नी ने वेलनेस होम्योपैथिक कैंप का शुभारंभ किया




इटावा। वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को वामा सारथी अध्यक्षा रीना श्रीवास्तव पत्नी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्राप्त वार्षिक कैलेंडर के अनुसार वामा वेलनेस होम्योपैथिक कैंप का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में टाटा 1 एमजी की सहभागिता से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर तथा जिला अस्पताल की सहभागिता से स्वास्थ्य जागरूकता एवं परीक्षण शिविर आयोजन पुलिस लाइन में किया गया। शिविर में जनपद के पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस परिवार की महिलाओं एवं बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। साथ ही मौसम जनित बीमारियों से बचाव हेतु आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्रदान किए गए। वामा वेलनेस होम्योपैथिक कैंप के अंतर्गत विशेषज्ञ होम्योपैथिक चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श एवं औषधि वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अपराध संतोष कुमार सिंह द्वारा शिविर स्थल का भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया गया तथा उपस्थित चिकित्सकों से शिविर की व्यवस्थाओं एवं लाभार्थियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। कार्यक्रम में प्रतिसार निरीक्षक सुभाष चंद्र यादव उपस्थित रहे। शिविर के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन में वामा सारथी वालंटियर्स का विशेष योगदान रहा। वामा सारथी द्वारा आयोजित इस प्रकार के स्वास्थ्य जागरूकता एवं चिकित्सा शिविर पुलिस परिवार के स्वास्थ्य संरक्षण एवं कल्याण हेतु निरंतर संचालित किए जाते रहेंगे।

# सौरभ अग्रवाल बने युवा शहर अध्यक्ष



इटावा। युवा उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की शहर इकाई का गठन युवा व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष रियाज अब्बासी ने होटल इम्पीरियल में प्रदेश बरिष्ठ उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह चैहान, जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, महिला प्रदेशमंत्री मंजूलता द्विवेदी, शहर अध्यक्ष सुनील कुमार कुशवाहा, महिला जिला अध्यक्ष शकीला बेगम की उपस्थिति में सर्वसम्मति से किया। जिसमें सौरभ अग्रवाल उर्फ सोनू को युवा शहर कमेटी का अध्यक्ष मनोनीत किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के तौर पर मोजूद प्रदेश बरिष्ठ उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह चैहान ने कहा कि व्यापारियों के मान सम्मान सुरक्षा के लिए व्यापार मंडल दिन प्रतिदिन अपना कुनबा बड़ा रहा है, सरकारी तंत्र सबसे ज्यादा उत्पीड़न हम व्यापारियों का ही करता है, इसलिए व्यापार मंडल का मजबूत होना अति आवश्यक है, जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने कहा कि व्यापारियों की समस्या का समाधान कराने के लिए हम संकल्पित हैं, आपकी एकजुटता हमारा मनोबल ऊंचा करती है। इस अवसर पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष हाजी शेख आफताब, युवा जिला महामंत्री अजीत कुमार, युवा जिलाउपाध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव, महिला जिलामहामंत्री ममता दुबे, महिला जिलाउपाध्यक्ष तनु वर्मा, करिश्मा ठाकुर, कोषाध्यक्ष रोशनी वर्मा, महिला संगठन मंत्री ज्योति पालीवाल, सुमन यादव, महिला शहर अध्यक्ष पूर्वी सक्सेना, प्रीति शर्मा, खुशी सक्सेना, टीना वर्मा भी मौजूद रहे। इससे पूर्व नवनियुक्त पदाधिकारियों ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत किया।

# सभासद ने खराब ट्यूबवेल को शीघ्र ठीक कराया



इटावा। शनिवार सुबह वरिष्ठ भाजपा नेता व नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष शरद बाजपेयी को क्षेत्र वासियों के द्वारा सूचना मिली कि ट्यूबवेल खराब हो गया है और पानी नहीं आ रहा है तो उन्होंने तत्काल जेई अवनीश कुमार से बात की और तत्काल मौके पर पहुंचकर ट्यूबवेल खुलवाया और नई मोटर डलवाकर ट्यूबवेल सही कराया। भाजपा नेता शरद बाजपेयी ने कहा कि मेरे क्षेत्र में अभी तक पिछले 14 वर्षों में क्षेत्र वासियों को पानी की अच्छी व सुदृढ़ व्यवस्था उपलब्ध कराई है और कभी भी पानी की समस्या नहीं हुई है जब भी ट्यूबवेल खराब हुआ है तत्काल प्रभाव से मैंने सही कराया है आज भी कटरा टेक चंद्र के ट्यूबवेल के खराब होने की जनता के द्वारा मुझे सूचना दी गई तो मैंने तत्काल जेई से बात की और मौके पर पहुंचकर तत्काल प्रभाव से ट्यूबवेल में नई मोटर डलवा कर सही कराया जिससे जनता को पानी की समस्या ना हो। इस अवसर पर अनिल बाजपेयी, शिवहरि दीक्षित, बंगाली बाबू आदि सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अविनाश परशुराम समिति के संरक्षक मनोनीत

इकदिल, इटावा। परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट ने प्रदेश उपाध्यक्ष के.के. चतुर्वेदी की सहमति पर ओमनगर औरैया निवासी अविनाश अग्निहोत्री को परशुराम समिति का संरक्षक मनोनीत किया है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सम्राट ने श्री अग्निहोत्री से आशा व्यक्त की है कि वह संगठन को मजबूती प्रदान करने में अपनी अहम भूमिका निभाएगें। श्री अग्निहोत्री को संरक्षक मनोनीत किये जाने परशुराम सेवा समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

संक्षेप

### गोमती नदी संरक्षण को लेकर हुआ श्रमदान

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र से बह रही गोमती नदी की साफ सफाई और संरक्षण को लेकर श्रमदान करने का संकल्प लिया गया है जिसके तहत लोगों ने सप्ताह में एक दिवस श्रमदान कर नदी की साफ सफाई कर योगदान दिया जिससे कई किलोमीटर गोमती की धारा को स्वच्छ एवं अवरोध मुक्त किया जा चुका है। प्रत्येक रविवार को गोमती संरक्षण को लेकर होने वाले श्रमदान में अंकुरयादव,शिवम राठौर, अश्वनी राजपूत, विजय कटियार, गोपाल तिवारी,प्रवीन मेहरोत्रा,आलोक मेहरोत्रा,ओम वाजपेई समेत सैकड़ो लोगों ने अभियान में जुड़कर मुहिम को सफल बनाते हुए श्रमदान किया है। वही पर्यावरण को लेकर छायादार और फलदार वृक्षों की पौध लगाकर उनको जीवंत करने का संकल्प लिया गया है। शिकायत के बाद प्रशासन ने गोमती नदी की संरक्षित भूमि पर अवैध कब्जा हटाने को लेकर कार्रवाई शुरू की है।

### घर के ताले तोड़ लाखों की चोरी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शहर के मोहल्ला ईदगाह में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये मूल्य के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला ईदगाह निवासी शोबीन के अनुसार शुक्रवार रात करीब 8 बजे परिवार के सभी सदस्य गढ़ी मोहल्ले में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। इसी दौरान उनका भाई दुकान से घर पहुंचा तो देखा कि मकान के ताले टूटे पड़े हैं और अंदर सामान बिखरा हुआ है। उसने तुरंत परिवार के अन्य सदस्यों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और घर की जांच की तो अलमारी समेत अन्य स्थानों के ताले टूटे मिले। आरोप है कि चोर सोने का हार, मांग टीका, एक जोड़ी झुमकी, एक सोने की अंगूठी तथा करीब 50 हजार रुपये की नकदी समेत लाखों रुपये मूल्य का सामान चोरी कर ले गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### युवक का रेलवे ट्रैक किनारे शव मिलने से सनसनी

सीतापुर। हरगांव थाना क्षेत्र में रविवार सुबह रेलवे लाइन के किनारे एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसे लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। जानकारी के अनुसार बड़ेखेरा गांव के पास प्लाईवुड फैक्ट्री के पीछे रेलवे ट्रैक के किनारे पोल संख्या 103बी के पास एक युवक का शव पड़ा होने की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के बेलामाऊ खुर्द निवासी विकास गौतम (22) के रूप में की। घटनास्थल की परिस्थितियां युवक की मौत को रहस्यमयी बना रही हैं। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि मामला हादसे का है, आत्महत्या का या फिर किसी साजिश का। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच में जुटी है। झरेखापुर चैकी प्रभारी राजेश कुमार सरोज ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी का माहौल है और लोग युवक की मौत को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगा रहे हैं।

# अंतरजनपदीय वाहन चोर गैंग का पर्दाफाश

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जनपद पुलिस को अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में दो बड़ी सफलताएं मिली हैं। एक ओर अटरिया पुलिस और स्वाट टीम ने लग्जरी कारों का इस्तेमाल कर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लगभग 77 लाख रुपये का माल बरामद किया है, वहीं दूसरी ओर महमूदाबाद पुलिस ने अंतरजनपदीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन बदमाशों को दबोचकर पांच चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।



## लग्जरी कार से करते थे चोरी, 77 लाख का माल बरामद

सीतापुर। अटरिया पुलिस और एसओजी टीम ने पहाड़ापुर चैराहा, रामपुर-भगौतीपुर रोड से योगेंद्र चैहान और धर्मराज यादव को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने अटरिया क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं में संलिप्तता स्वीकार की। एएसपी दक्षिणी दुर्गेश सिंह ने बताया कि योगेंद्र चैहान हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ करीब 30 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। आरोपियों ने अलवदा और मनवा गांव में घरों का ताला तोड़कर जेवरात व नकदी चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस ने इनके कब्जे से दो तमंचे, दो कारतूस, नकदी, मोबाइल, सोने-चांदी के जेवर, लगभग 60 लाख रुपये कीमत की ऑडी कार तथा फर्जी नंबर प्लेट लगी करीब 12 लाख रुपये की सियाज कार बरामद की है। पुलिस अधीक्षक ने टीम को 25 हजार रुपये पुरस्कार देने की घोषणा की है।

## वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, पांच बाइक बरामद

सीतापुर। महमूदाबाद कोतवाली पुलिस ने बाबाकुटी पुलिया के पास घेराबंदी कर सलमान, छोटू यादव उर्फ राजकुमार यादव और पंकज कुमार को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से तीन एचएफ डीलक्स, एक स्प्लेंडर प्लस और एक अपाचे मोटरसाइकिल बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने महमूदाबाद तथा बाराबंकी जनपद से वाहन चोरी की घटनाएं स्वीकार कीं। पुलिस के अनुसार तीनों अभियुक्तों का लंबा आपराधिक इतिहास है और इनके खिलाफ विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय भेजते हुए आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।



## चोरो ने जेवर और नकदी की पार

सीतापुर। हरगांव थाना क्षेत्र की अरमी ग्राम पंचायत के मजरा पिछौरा में चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना के समय परिवार के लोग छत पर सो रहे थे और बेखौफ चोर घर के भीतर घुसकर जेवरात व नकदी समेट ले गए। पीड़ित बलीराम के अनुसार शनिवार रात अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर प्रवेश किया। इसके बाद कमरे में रखी अलमारी का लॉकर तोड़ डाला और उसमें रखे करीब तीन लाख रुपये मूल्य के सोने के जेवर चोरी कर लिए। इतना ही नहीं, घर में अलग-अलग स्थानों पर रखी करीब 87 हजार रुपये की नकदी भी चोर उठा ले गए। सुबह जब परिवार की नींद खुली तो घर के ताले और लॉकर टूटे देखकर उनके होश उड़ गए। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। पीड़ित ने हरगांव थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत और पुलिस गश्त को लेकर नाराजगी है। अपराध निरीक्षक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा। फिलहाल पुलिस संदिग्धों की तलाश में जुटी हुई है।

# ओपन शतरंज प्रतियोगिता में उदित बने विजेता, अभ्यम दूसरे स्थान पर



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कृषक समाज इंटर कॉलेज के गोवर्धन हाल में रविवार को आयोजित ओपन शतरंज प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और पांच राउंड तक चले मुकाबलों में अपनी रणनीतिक क्षमता का परिचय दिया। प्रतियोगिता में प्रत्येक खिलाड़ी को 10 मिनट का समय दिया गया। कड़े मुकाबलों के बाद 16 वर्षीय उदित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। छह वर्षीय अभ्यम मिश्रा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि सहर्ष मिश्रा तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता का विशेष आकर्षण पिता-पुत्र की जोड़ी रही। अभ्यम मिश्रा और उनके पिता सहर्ष मिश्रा दोनों ने विजेता सूची में स्थान बनाकर उपस्थित लोगों की सराहना प्राप्त की। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज, डॉ. अनिल कुमार, सुमन कनौजिया, आदित्य सक्सेना, कुशाग्र अग्निहोत्री, प्रांशु प्रजापति सहित बड़ी संख्या में शतरंज प्रेमी मौजूद रहे। प्रतियोगिता के समापन पर विजेताओं को सम्मानित किया गया।

## 12 को मनायी जायेगी माता मन्जेश्वरी देवी की 53वीं जयंती व वार्षिकोत्सव



पलियाकलां खीरी। पलिया क्षेत्र के मझगई कस्बे मे स्थित सुप्रसिद्ध माता मन्जेश्वरी देवी जी का भव्य 4 मंजिला मंदिर बनकर तैयार हो गया है जिमसें इस बार श्रद्धालु माता का जन्मोत्सव व वार्षिक उत्सव मनाएंगे। 52 वर्ष पहले इसी कस्बे में क्षत्रिय परिवार में जन्मी एक अदभुत कन्या जिसके चमत्कारों के बाद लोगों की आस्था व श्रद्धा लगातार बढ़ती चली गई पिछले दो दशक से ज्यादा समय से प्रत्येक वर्ष माता मन्जेश्वरी के जन्मदिन पर क्षेत्र व दूर दराज से आए हजारों की संख्या में श्रद्धालु धूमधाम से उनका जन्मदिन उत्सव के रूप में मनाते हैं। इस वर्ष माता जी का 53वाँ महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाए जाने की तैयारियों को मूर्त रूप दिया जा रहा है। यहां जन्मदिन के एकदिन पहले से मेला लग जाता है जो 12 जून को पूरा दिन व रात चलता है 13 तारीख को समापन होता है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य कार्यक्रमों का आयोजन क्षेत्रीय व गणमान्य लोगों के सहयोग से किया जा रहा है। जिसमें 11 जून से हवन पूजन वह 12 तारीख को विशाल भंडारा उसके उपरांत भव्य शोभायात्रा व रात्रि में पीलीभीत शाहजहांपुर कानपुर बरेली आदि स्थानों से आए कलाकारों के द्वारा विशाल जागरण व सुंदर सुंदर झांकियों का आयोजन किया जा रहा है ।यह जानकारी माता मन्जेश्वरी देवी सेवा दल के अध्यक्ष उदयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया क्षेत्र के लोगों के सहयोग से इस बार अभी तक का सबसे बड़ा आयोजन होने की उम्मीद है। जिसमें बहुत बड़ी संख्या में लोग सम्मिलित होंगे मंदिर प्रमुख व कार्यक्रम संयोजक अंजू सिंह ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा आप सभी इस कार्यक्रम में अपना बहुमूल्य योगदान देकर कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

# दो बाइक भिड़ीं, दो युवकों की मौत

सीतापुर। नैमिषारण्य थाना क्षेत्र में शनिवार देर शाम दो बाइकों की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान दो लोगों ने दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार अटवा-बीबीपुर मार्ग पर बांकेनिया गांव निवासी विशाल (30) पुत्र महेंद्र बाइक से अटवा से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। दूसरी बाइक पर औरंगाबाद नौहसहरा निवासी गोविंद पुत्र सरजू तथा उसका साथी मिथुन सवार थे, जो अटवा से अपने गांव वापस जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं और तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नैमिषारण्य पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने तीनों को जिला अस्पताल सीतापुर रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान विशाल और गोविंद की मौत हो गई। मिथुन का उपचार जारी है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के बाद एंबुलेंस व्यवस्था को लेकर भी विवाद खड़ा हो गया। मृतक विशाल के परिजनों ने आरोप लगाया कि रेफर किए जाने के बावजूद समय पर एंबुलेंस उपलब्ध नहीं कराई गई। उनका कहना था कि एंबुलेंस चालक आईडी जनरेट न होने का हवाला देकर मरीज को ले जाने से इंकार कर रहा था, जिससे अस्पताल परिसर में हंगामे की स्थिति बन गई। बाद में स्वास्थ्य अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद एंबुलेंस रवाना की गई। थाना प्रभारी नवनीत मिश्रा ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# कंचन इलेक्ट्रॉनिक की दुकान पर छापा

## नामी कंपनियों के स्टीकर लगाकर बेच रहे थे नकली सामान

लखीमपुर खीरी। इलेक्ट्रॉनिक की दुकान पर नकली सामानों पर नामी कंपनियों के ट्रेडमार्क लगाकर बेचने वाली एक। दुकान पर छापा मारा गया है।

इस दौरान मौके से काफी सामान जब्त कर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। स्पीड सर्च सिक्यूरिटी नेटवर्क लिमिटेड जांच अधिकारी प्रभात कुमार गुप्ता ने बताया कि उनकी टीम को जनपद लखीमपुर खीरी के कस्बा जंगबहादुरगंज कस्बे में स्थिति कंचन इलेक्ट्रानिक दुकान की लगातार शिकायतें मिल रही थी। इस दुकान पर उषा,बजाज, और और प्रेस्टीज कंपनियों के ट्रेडमार्क लगाकर नकली सामानों को असली बताकर बेचा जा रहा है। जिससे ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी हो रही थी,यह कॉपीराइट और ट्रेडमार्क अधिनियम का उल्लंघन था,जिससे कंपनियों की छवि और आर्थिक स्थिति को भी नुकसान हो रहा था। जिसके चलते शनिवार की दोपहर जे बी चौकी प्रभारी राघवेंद्र प्रताप सिंह ने स्पीड सर्च सिक्यूरिटी नेटवर्क लिमिटेड के जांच अधिकारी प्रभात गुप्ता के साथ कंचन इलेक्ट्रानिक पर छापेमारी की वही दुकान पर दुकान के मालिक मिथलेश कुमार राठौर मौजूद मिले। जांच के दौरान दुकान और गोदाम से नकली ऊषा कंपनी के 48 नकली सीलिंग फैन,बजाज कंपनी के 41 नकली सीलिंग फैन,और प्रेस्टीज कंपनी के 38 प्रेशर कुकर




बरामद हुए ।पुलिस ने दुकान मालिक को मिथलेश कुमार राठौर को हिरासत में ले लिया। और नकली ट्रेडमार्क माल को जब्त कर लिया। पसगवां पुलिस ने कंचन इलेक्ट्रानिक के विक्रेता मिलथेश कुमार राठौर के खिलाफ ऊषा इंटरनेशनल लिमिटेड, टी टी के प्रेस्टीज लिमटेड,और बजाज लिमिटेड के नकली उत्पाद बेचने के आरोप में कॉपीराइट एक्ट 1957 की धारा 63 और 65 ट्रेडमार्क अधिनियम 1999 की धारा 103 और 104,बी एन एस 2023 की धारा 318 के तरह मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई है।

## ट्रक चालक ने बाइक सवार को कुचला हालत, हालत नाजुक

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर गांव भौनापुर के पास गांव के युवक को बाइक से जाते समय ट्रक चालक ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया इलाज के लिए एंबुलेंस से मोहम्मदी सी एच सी पर भर्ती कराया गया जहां से इलाज के लिए जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार जाहिद अली अपनी बाइक से गांव के बाहर हाईवे पर निकले तभी पीछे से आ रहे ट्रक चालक ने टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए शाहजहांपुर भेजा गया है पुलिस ने ट्रक चालक मौका पाकर भाग निकला वाहन को पुलिस ने कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू की है।

## मुकदमे में विवेचना को लेकर एसपी से शिकायत

मोहम्मदी खीरी। कस्बा की एक पीड़िता के पति की स्कूटी में कार चालक ने टक्कर मारकर जख्मी कर दिया था इलाज के दौरान मौत हो गई 2 महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद विवेचक प्रत्यक्षदर्शी गवाहों के होने के बाद आरोपी वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई न करने पर क्षुब्ध होकर एसपी खीरी से गुहार लगाई मामले की सच्चाई जानकर पुलिस कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए सुधर जाने की बात कहा जाना चर्चा बना हुआ है। पीड़िता पूर्ति गुप्ता ने शिकायती पत्र में बताया 18 मार्च को उसके पति स्कूटी से मियापुर कॉलोनी से वापस निकलते समय एक कार चालक ने टक्कर मार दी थी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए घटना स्थल पर मौजूद प्रत्यक्ष दर्शियो ने एंबुलेंस से घायल को सरकारी अस्पताल भेजा था जिसे एक बाहर इलाज के दौरान ले जाते समय मौत हो गई थी। कार नंबर और अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया था 70 दिन से अधिक समय बीत जाने के बाद राजनीतिक और अधिकारियों के दबाव के चलते विवेचक ने हीला हवाली करते हुए लंबा समय बीत जाने के बाद आरोपी कार और चालक को बचाने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। एसपी खीरी ख्याति गर्ग ने मामले को गंभीरता से लेकर पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े किए और सुधार जाने की बात कही है। पीड़िता ने न्याय न मिलने पर मुख्यमंत्री से शिकायत करने की बात कही है। उधर पुलिस की शिकायत से अधिकारियों के हाथ पैर फूल हैं।



# विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन की बंदरबांट का मामला

जिला संवाददाता(vol)

सकरन/सीतापुर। विकास खंड सकरन की ग्राम पंचायत सेमरा खुर्द में



विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन के कथित बंदरबांट का मामला सामने आया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि हैंडपंप रिबोर और ह्यूम पाइप डालने के नाम पर करीब दो लाख रुपये की धनराशि निकाल ली गई, जबकि धरातल पर कोई कार्य नहीं हुआ। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत में लगे 22 इंडिया मार्का हैंडपंपों में से छह हैंडपंप पिछले एक वर्ष से खराब पड़े हैं। कई बार शिकायत के बावजूद कल्लूराम, कमलेश, साइना खां, प्रेम कुमार समेत अन्य स्थानों के खराब हैंडपंपों की मरम्मत नहीं कराई गई। आरोप है कि इसके बावजूद प्रधान जगरानी और सचिव प्रदीप चैधरी ने 14 अप्रैल को हैंडपंप रिबोर के नाम पर 1 लाख 41 हजार रुपये का भुगतान करा लिया। इतना ही नहीं, गांव के रास्तों में जल निकासी के लिए ह्यूम पाइप डालने के नाम पर 48 हजार 700 रुपये भी निकाल लिए गए। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत क्षेत्र के किसी भी रास्ते पर ह्यूम पाइप नहीं डाली गई। केवल दो पाइप गांव के बाहर एक खेत के पास रखवा दी गईं, जो आज भी वहीं पड़ी हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि बिना कार्य कराए करीब 1 लाख 99 हजार 700 रुपये की सरकारी धनराशि फर्जी तरीके से निकाल ली गई। मामले की शिकायत जिलाधिकारी से कर निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। खंड विकास अधिकारी श्रीश कुमार गुप्ता ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच कराई जा रही है। जांच में आरोप सही पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व सांसद जनार्दन प्रसाद मिश्र की जयंती पर हुई श्रद्धांजलि सभा



सीतापुर। पूर्व सांसद स्वर्गीय जनार्दन प्रसाद मिश्र की जयंती के अवसर पर उनके लोहरबाग स्थित आवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान सामाजिक कार्यकताओं एवं शुभचिंतकों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा में स्वर्गीय जनार्दन प्रसाद मिश्र की बहू रानू मिश्रा ने कहा कि उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष तथा सीतापुर जिलाध्यक्ष के रूप में संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके नेतृत्व और संगठन क्षमता को आज भी कार्यकर्ता याद करते हैं। स्वर्गीय पूर्व सांसद के बचपन के मित्र एवं अधिवक्ता प्रमोद मिश्रा ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनसंघ से लेकर संसद तक की उनकी राजनीतिक यात्रा जनसेवा के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण रही। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय मिश्र भाजपा कार्यकताओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। वर्ष 1991 में राम मंदिर आंदोलन की लहर के दौरान उन्होंने सीतापुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा को ऐतिहासिक विजय दिलाकर सांसद बनने का गौरव प्राप्त किया था। सभा के अंत में प्रमोद मिश्रा ने भावुक होकर स्वर्गीय जनार्दन प्रसाद मिश्र की स्मृति में एक गीत प्रस्तुत किया, जिससे उपस्थित लोग भावुक हो उठे। इस अवसर पर रानू मिश्रा, आशीष मिश्रा, राकेश त्रिपाठी, उपेंद्र शुक्ला, आकाश राय, नरेश मिश्रा, प्रमोद शुक्ला, कमलेश पांडेय, अनीत मिश्रा, विजय शुक्ला, संजय शुक्ला, विपिन बिहारी शुक्ला, अमित अग्निहोत्री, अभिषेक त्रिपाठी, अमर ज्योति शुक्ला, शुभित बाजपेयी एवं श्रवण बाजपेयी सहित अनेक लोगों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बैठक में संगठन विस्तार और जनसेवा पर हुई चर्चा

सीतापुर। भारतीय अटल सेवा संगठन सीतापुर की समीक्षा बैठक का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष नीरज झा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में संगठन के विस्तार, जनहित कार्यों तथा समाज के गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष नीरज झा ने पदाधिकारियों को संगठन को अधिक मजबूत बनाने तथा सेवा कार्यों को गांव-गांव तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना है और सभी कार्यकर्ता इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में प्रदेश संगठन विस्तारक राकेश पांडे, जिला अध्यक्ष मनोज वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी आदर्श विश्वकर्मा, जिला मंत्री अर्पित पाल, वरिष्ठ जिला महामंत्री विनीत पाल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनम शुक्ला, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष गायत्री सिंह सहित प्रेम पांडे, नवीन सिंह, चेतन सिंह, डॉ. गुरनाम सिंह, श्रीवास्तव, एवं संगठन के सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# घुंसी में सड़क और नाली निर्माण का विधायक ने किया भूमि पूजन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ब्लॉक कुम्भी के ग्राम घुँसी में स्वीकृत सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधायक अमन अरविन्द गिरि ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर किया। ग्रामीणों की उपस्थिति में हुए कार्यक्रम में निर्माण कार्य शुरू होने पर लोगों ने खुशी जताई।

विधायक अमन गिरि ने कहा कि सड़क और नाली निर्माण से गांव की वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान होगा तथा आवागमन अधिक सुगम बनेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क बनने से आने-जाने में होने वाली परेशानियां दूर होंगी और बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से भी राहत मिलेगी। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया ।कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि सोनू, बाबूराम, ललाराम वर्मा, जमुना प्रसाद वर्मा, शिव प्रसाद अवस्थी, मुकेश अवस्थी, प्रधान मोहम्मद इलियास, हजारी प्रसाद वर्मा, आत्माराम वर्मा, पूर्व प्रधान राधेश्याम वर्मा, के.के. शुक्ला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# ट्रैवल 11 गोमती मोड़ बना चैंपियन, फाइनल में किंग 11 शिवपुरी को हराया

पिपरिया धनी, खीरी। वीओएल। रेहरिया क्षेत्र में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार शाम उत्साह और रोमांच के बीच खेला गया। खिताबी मुकाबले में ट्रैवल 11 गोमती मोड़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए किंग 11 शिवपुरी को 39 रन से पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

फाइनल मैच में ट्रैवल 11 गोमती मोड़ और किंग 11 शिवपुरी आमने-सामने थीं। टॉस जीतकर ट्रैवल 11 गोमती मोड़ ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में सात विकेट के नुकसान पर 121 रन बनाए और किंग 11 शिवपुरी के सामने 122 रन का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी किंग 11 शिवपुरी की टीम ट्रैवल 11 के गेंदबाजों के सामने संघर्ष करती नजर आई। नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से टीम दबाव में आ गई और 12 ओवर में 82 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह ट्रैवल 11 गोमती मोड़ ने 39 रन से जीत दर्ज कर प्रतियोगिता का खिताब



अपने नाम कर लिया। समापन समारोह में विजेता टीम ट्रैवल 11 गोमती मोड़ को 11 हजार रुपये नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं उपविजेता किंग 11 शिवपुरी को 3100 रुपये नकद पुरस्कार और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी स्वर्ण सिंह भुल्लर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में हार और जीत दोनों महत्वपूर्ण हैं। खिलाड़ियों को हमेशा खेल भावना बनाए रखते हुए आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती हैं।

इस अवसर पर समिति के संदीप सिंह, गोपी चहल, उधम सिंह, युवराज गिल, अमन सिंह, जुल्फिकार गाजी, निखिल राठौर, सानू गाजी, लवप्रीत सिंह, उज्ज्वल गाजी, विशाल गाजी, फरियाद गाजी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। मैच की कमेंट्री सानू गाजी ने की।

## डीएलएफ, हसन और बालाजी परेली की जीत से टूर्नामेंट में बढ़ा रोमांच

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। स्वर्गीय राजेंद्र गिरि स्टेडियम में चल रहे 19वें गोला कप डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में खेले गए मुकाबलों में डीएलएफ क्लब, हसन क्रिकेट क्लब और बालाजी परेली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मैच जीतकर अगले दौर की ओर मजबूत कदम बढ़ाया। दूधिया रोशनी में खेले गए रोमांचक मुकाबलों का बड़ी संख्या में मौजूद दर्शकों और खेल प्रेमियों ने आनंद लिया।

पहले मुकाबले में ईदगाह क्लब और डीएलएफ क्लब आमने-सामने थे। डीएलएफ की ओर से आयुष ने शानदार 70 रन और राजा ने 16 रन बनाए, जिसकी बदौलत टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 134 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में ईदगाह क्लब की ओर से मिंटू और जुनैद ने संघर्ष किया, लेकिन टीम 95 रन ही बना सकी और डीएलएफ ने 39 रन से जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले में चिल्ड्रेन्स एकेडमी के युवा खिलाड़ियों का सामना हसन क्रिकेट क्लब के अनुभवी खिलाड़ियों से हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए चिल्ड्रेन्स एकेडमी की टीम 90 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हसन क्लब की टीम ने अनुभव का फायदा उठाते हुए मुकाबला 23 रन से अपने नाम कर लिया। तीसरे मैच में बालाजी परेली ने बल्लेबाजी करते हुए टूर्नामेंट का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। चाँद ने 73 और बाउचर ने 30 रन की शानदार पारी खेली। जवाब में धिरावां



टीम की ओर से सुशील ने 45 रन बनाए, लेकिन अन्य बल्लेबाज ज्यादा देर नहीं टिक सके और टीम 37 रन से मुकाबला हार गई। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए डीएलएफ के आयुष (70 रन व 1 विकेट), हसन क्लब के आयाज (25 रन व 2 विकेट) तथा बालाजी परेली के चाँद (73 रन) को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैचों में अंपायरिंग अनवर, सौरभ शुक्ल, पवन कश्यप और रोहित गुप्त ने की। खिलाड़ियों से परिचय भारत विकास परिषद के शैलेंद्र सक्सेना, अनुज खरे, सुशील वर्मा तथा एलबीएस इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य दिनेश यादव ने प्राप्त किया। इस दौरान टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष जनार्दन गिरी, मंत्री केके शुक्ल, कमाल अहमद, राकेश तिवारी, देशराज भसीन, शोभित सिंह सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी, पदाधिकारी और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

संक्षेप

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन

**परशदेपुर, रायबरेली।** नगर पंचायत परशदेपुर कस्बे के नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। आयोजित मेले में पहुंचे 40 मरीजो की जांच कर निःशुल्क दवाएं दी गयी। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में सबसे अधिक डायबिटीज,त्वचारोग ,बुखार व शुगर के मरीज पहुंचे जिनका इलाज कर उन्हें दवाएं दी गयी। कस्बे की रुकैया बानो चर्मरोग ,सन्तप्रसाद उपाध्याय बुखार,सुखराम चर्मरोग से पीड़ित थे जिनका इलाज कर दवाएं दी गयी। चिकित्साधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि अस्पताल आये 40 मरीजो की जांच कर इलाज किया गया।

## औघड़ आश्रम में पथरी के मरीजों को निःशुल्क दवा वितरित

**रायबरेली।** श्री सर्वेश्वरी समूह औघड़ भगवान राम कुष्ठ सेवा आश्रम मुन्शीगंज में सैकड़ों पथरी रोगियों को फकीरी पद्धति से आयुर्वेदिक दवा का दूर दराज से आए हुवे सैकड़ों मरीजों को निःशुल्क वितरण राम प्यारे मौर्य के द्वारा किया गया। रविवार के दिन पूर्व की तरह ही सैकड़ों पथरी रोगियों को निःशुल्क आयुर्वेदिक दवा का वितरण फकीरी पद्धति से किया गया। दवा वितरण करने वाले रामप्यारे मौर्य ने मरीजों को दवा लेने का तरीका बताएं,तथा दवा लेते समय किस-किस चीज का परहेज करें इसे कैसे खाएं इन सब चीजों के विषय में आए हुए मरीजों को विस्तार से समझाया। आजाद शक्ति सेवा संगठन की ओर से श्री सर्वेश्वरी समूह औघड़ आश्रम शाखा मुंशीगंज के प्रांगण में श्रमदान भी किया गया। श्रमदान करने वालों में से विवेक राठौर, कुलभूषण ओझा, विवेक शर्मा, दिवाकर सिंह, विनीत सिंह और गोविंद सिंह व सेवादार प्रशांतमणि सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित है।

## हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने किये द्वारकाधीश के दर्शन

**मथुरा।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली ने परिवार सहित मथुरा के ठाकुर द्वारकाधीश मंदिर में दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंदिर में उनका भव्य स्वागत किया गया और उन्होंने विजिटर बुक में अपनी अनुभूति दर्ज की। पुष्टिमार्गीय संप्रदाय के मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश में रविवार प्रातः काल 8:25 से 8:40 बजे के बीच इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली, उनकी पत्नी, रजिस्ट्रार जनरल मंजीत सिंह सिरोही, उनकी पत्नी, जिला जज विकास कुमार, उनकी पत्नी और आगरा के जिला जज मलिक ने ठाकुर द्वारकाधीश महाराज के भव्य दर्शन किए एवं उनका आशीर्वाद लिया गया। इस अवसर पर मंदिर के गोस्वामी श्री श्री 108 डॉक्टर वागीश कुमार जी महाराज तृतीय पीठाधीश्वर द्वारा मुख्य न्यायाधीश महोदय को प्रभु का आशीर्वाद प्रदान किया गया। मंदिर के विधि एवं मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी (एडवोकेट) ने भंसाली को मंदिर के इतिहास व पूजा-सेवा पद्धति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इससे पूर्व, मंदिर के आचार्य सहदेव कृष्ण चतुर्वेदी द्वारा सर्वप्रथम स्वस्तिवाचन कर उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात वीआईपी रूम में उन्हें दुपट्टा, प्रसाद और स्मृति चिह्न भेंट किया गया। दर्शन करने के पश्चात चीफ जस्टिस ऑफ यूपी ने विजिटर बुक में लिखा दर्शन करने के बाद मुझे आनंद की अनुभूति हुई।

# विधायक अदिति सिंह ने सुनीं जनता की समस्याएं

### लोगों ने विभिन्न समस्याओं व जनहित से जुड़े मुद्दों को विधायक के समक्ष रखा



जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह ने लालूपुर चैहान स्थित अपने आवास पर आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और जनहित से जुड़े मुद्दों को विधायक के समक्ष रखा।

इस दौरान विधायक ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए समस्याओं के शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने को कहा। सदर विधायक ने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए विकास कार्यों को गति देने तथा जनसमस्याओं के निराकरण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

जनसुनवाई कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक नागरिक उपस्थित रहे और विधायक के समक्ष अपनी समस्याएं एवं सुझाव प्रस्तुत किए। विधायक ने सभी को आश्वस्त किया कि जनहित के मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

## लोगों के लिए वरदान साबित होगा राणा बेनी माधव बक्श सिंह स्मारक सभागार

**रायबरेली।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन फॉर इंडियन डेंटल एसोसिएशन के तत्वाधान में निमार्णाधीन राणा बेनी माधव बक्श सिंह स्मारक सभागार के परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

● आईएमए व आईडीए ने किया पौधरोपण

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ संजीव जायसवाल के नेतृत्व में आईएमए व इंडियन डेंटिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ आशीष पांडे के नेतृत्व में के चिकित्सकों ने पौधरोपण किया।

इस अवसर पर डॉ संजीव जायसवाल ने कहा कि पर्यावरण सप्ताह के अवसर पर हम सभी को एक एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। डॉ संजय रस्तोगी ने कहा कि यह हम सब के लिए सौभाग्य की बात है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की कृपा से बन रहे विशाल सभागार परिसर में पौधरोपण कर रहे हैं। यह सभागार जिले के लोगों के लिए एक वरदान साबित होगा। राना बेनी माधव बक्श सिंह स्मारक समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने सभी का स्वागत किया और बताया कि इसी माह सभागार पूर्ण रूप से तैयार हो जाएगा। राना जी की जयंती के अवसर पर 24 अगस्त को सभागार का लोकार्पण होगा।



इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष रवीन्द्र सिंह, राकेश भदौरिया, अभिषेक विक्रम सिंह, आरबी सिंह, महेंद्र अग्रवाल, डॉ संजय रस्तोगी, डॉक्टर मनीष चैहान, डॉ बृजेश सिंह, आईएमए अध्यक्ष डॉक्टर संजीव जायसवाल, इंडियन डेंटिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ आशीष पांडे, सेक्रेटरी डॉ अनुराग श्रीवास्तव, डॉ जीके बरनवाल, डॉ गीता कुमार, डॉ नीतीश सिंह, डॉ रवि प्रताप सिंह , मंगलेश आदि उपस्थित रहे।

## गुड़ बेचने वाले किसान का बेटा बना डॉक्टर, खुशी




**सुलतानपुर (वीओएल)।** कहते हैं कि सपनों की उड़ान के लिए ऊंचे आसमान नहीं, मजबूत इरादों की जरूरत होती है। इस कहावत को सच कर दिखाया है देहली बाजार क्षेत्र के शुकुलपुर गांव निवासी किसान पुत्र प्रशांत शुक्ला ने, जिन्होंने तमाम आर्थिक चुनौतियों और अभावों के बीच देश के प्रतिष्ठित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली से मृदा एवं जल संरक्षण अभियांत्रिकी विषय में पीएचडी की उपाधि हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया है। प्रशांत के पिता राजदेव शुक्ला एक छोटे किसान हैं। खेती के साथ-साथ गांव के बाजार में गुड़ बेचकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने बेटे की शिक्षा को कभी रुकने नहीं दिया।

● संघर्ष की मिट्टी से उगा सफलता का सुनहरा पौधा

यही त्याग और मेहनत आज सफलता की मिसाल बन गई। प्रशांत ने यूपीकैटेट परीक्षा उत्तीर्ण कर आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या से कृषि अभियांत्रिकी में स्नातक किया। इसके बाद आईसीएआर की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना से स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की। राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा और आईसीएआर की जूनियर व सीनियर रिसर्च फेलोशिप परीक्षा में सफलता के बाद उन्हें आईएआरआई, नई दिल्ली में पीएच.डी. के लिए प्रवेश मिला। प्रशांत की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सफलता उन युवाओं के लिए प्रेरणा है जो संसाधनों के अभाव में अपने सपनों को छोटा मान लेते हैं। प्रशांत ने अपनी उपलब्धि का श्रेय माता-पिता के त्याग, गुरुजनों के मार्गदर्शन और निरंतर मेहनत को दिया है। उनकी यह सफलता गांव की पगडंडी से निकलकर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने की प्रेरक कहानी बन गई है।

## दवा लेकर लौट रहे युवक पर चाकू से हमला हाथ में गंभीर चोट, पुलिस ने केस दर्ज किया

**सुलतानपुर (वीओएल)।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के वैदहा गांव में एक युवक पर कथित चाकू हमले का मामला सामने आया है। कुलदीप मौर्या ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि 5 जून को दोपहर करीब 12 बजे वह गांव के पास स्थित बाग की ओर दवा लेकर पहुंचा था। इसी दौरान गांव के ही कुछ लोगों ने उसे रोक लिया और विवाद शुरू कर दिया। तहरीर के अनुसार आसिफ, आकाश सिंह और मैमून निशा ने कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए कुलदीप पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमले के दौरान चाकू से वार किया गया, जिससे उसके बाएं हाथ में गंभीर चोट लग गई। घटना के समय कुलदीप की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़े, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। घटना के बाद घायल युवक ने गोसाईगंज थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले को लेकर गांव में चर्चा का माहौल है, जबकि पुलिस आरोपों की सत्यता की जांच कर आगे की विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

## रायबरेली में भी मिलेंगे भारत-अफगानिस्तान एक दिवसीय अंतराष्ट्रीय मैच के टिकट

**रायबरेली।** भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैंचों की वनडे श्रृंखला का दूसरा मुकाबला 17 जून को लखनऊ के अटल बिहारी बाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम लखनऊ में खेलाा जाएगा। यूपीसीए के मीडिया मैनेजर मो. फहीम ने बताया रायबरेली जनपद में मैच देखने वालों के लिए उत्तर प्रदेष क्रिकेट एसो.की मदद से एक टिकट काउंटर 8 एवं 9 जून 2026 को रायबरेली में खुलेगा। यूपीसीए के मीडिया मैनेजर मो. फहीम ने कहा कि एसो. ने टिकटों की व्यवस्था की जानकारी देते हुए बताया कि मुकाबले के लिए टिकटों की शुरुआती कीमत 599 रुपए निर्धारित की गई है, जबकि प्रीमियम श्रेणी के टिकट 25000 रुपए तक उपलब्ध होंगे। टिकटों की कीमत मांग और उपलब्धता के आधार पर परिवर्तित हो सकती है।

# ससुराल में युवक की मौत पर बवाल

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के ओनई जंगल मजरे जतुवा गांव निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले ने रविवार को तूल पकड़ लिया। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचते ही परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा। उन्होंने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज किए जाने तक अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया और शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। कई घंटे तक चले हंगामे और प्रशासनिक अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ, जिसके बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार किया।

● हत्या का मुकदमा दर्ज कराने की मांग को लेकर परिजनों ने रोका अंतिम संस्कार, प्रदर्शन के बाद चार पर केस

जानकारी के अनुसार ओनई जंगल निवासी 24 वर्षीय बृजेश कुमार का शव शनिवार सुबह उसकी ससुराल गोलहा मजरे थुलवासा स्थित एक कमरे में गमछे के फंदे से लटका हुआ मिला था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों का आरोप है कि बृजेश की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया। परिजनों ने बताया कि शव फंदे से लटका जरूर था, लेकिन उसके पैर जमीन पर मुड़े हुए थे, जिससे उन्हें घटना संदिग्ध प्रतीत हुई।

मृतक के बड़े भाई ने घटना के तुरंत बाद पुलिस को तहरीर देकर ससुराल पक्ष के लोगों पर हत्या की आशंका जताई थी। परिजनों का आरोप है कि तहरीर देने के बावजूद एक दिन तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसी नाराजगी के चलते रविवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचते ही परिवार और ग्रामीणों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजनों ने स्पष्ट कहा कि जब तक आरोपितों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज नहीं किया जाएगा, तब तक अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार मौके पर पहुंचे। बढ़ते तनाव और ग्रामीणों की भीड़ को देखते हुए कई थानों की पुलिस भी बुला ली गई। इसके बावजूद परिजन अपनी मांग पर अड़े रहे। गांव में कई घंटों तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा और प्रशासन लगातार परिजनों को समझाने का प्रयास करता रहा।

दोपहर करीब 12 बजे उपजिलाधिकारी गौतम सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को आश्वस्त किया कि उनकी तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा और निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की ओर से कार्रवाई का भरोसा मिलने के बाद परिजन शांत हुए और अंतिम संस्कार के लिए सहमत हुए। इसके बाद मृतक बृजेश के बड़े भाई की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मृतक की पत्नी सोमवती, साली फूलमती, ससुर देवता दीन तथा सास माधुरी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मृतक के ससुराल पक्ष के चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम बन डॉ. से मांगे पैसे सतर्कता से टली साइबर ठगी, साइबर थाने में केस दर्ज

**सुलतानपुर (वीओएल)।** साइबर अपराधियों के नए हथकंडे का मामला सामने आया है। कादीपुर क्षेत्र के गोपालपुर नमाजगढ़ निवासी डॉ. संजीव कुमार पांडेय को व्हाट्सएप पर जिलाधिकारी के नाम से धनराशि भेजने का संदेश प्राप्त हुआ, हालांकि उनकी सतर्कता से संभावित साइबर ठगी की कोशिश नाकाम हो गई। डॉक्टर पांडेय ने साइबर थाने को दी शिकायत में बताया कि 5 जून की शाम करीब 4 बजे उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप संदेश आया। संदेश में खुद को जिलाधिकारी बताकर कुछ पैसे भेजने की मांग की गई थी। संदेश का तरीका और नंबर संदिग्ध लगने पर उन्हें मामला भ्रामक प्रतीत हुआ। उन्होंने बिना किसी लेनदेन के तत्काल इसकी सूचना साइबर पुलिस को दे दी। गौरतलब है कि जिलाधिकारी सुलतानपुर इंद्रजीत सिंह की प्रोफाइल फोटो लगा बाहर के नंबर से कुछ लोगो को पैसे का मैसेज गया। कुछ लोगो तो डर गए वही कुछ ने इसकी जानकारी प्रशासन को दी। सूचना पर सक्रिय हुए जिलाधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसे फर्जी बता लोगों से शिकायत दर्ज कराने की अपील की थी। वहीं विशेषज्ञों का मानना है कि इन दिनों साइबर ठग प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों और प्रभावशाली व्यक्तियों के नाम का इस्तेमाल कर लोगों को झांसे में लेने का प्रयास कर रहे हैं। साइबर थाना अब संबंधित नंबर की जांच में जुट गया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान नंबर से आए धन मांगने वाले संदेश पर बिना पुष्टि किए भरोसा न करें और तुरंत इसकी सूचना साइबर हेल्पलाइन या पुलिस को दें।

## अवैध खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और लोडर जब्त

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** तहसील क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ प्रशासन का अभियान लगातार जारी है। रविवार को तहसीलदार मयंक मिश्र ने कोतवाली क्षेत्र के सरैया हरदो गांव में तालाब के भीटे से हो रहे अवैध खनन पर कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर, एक ट्रॉली और एक लोडर मशीन को पकड़कर कोतवाली जयसिंहपुर में दाखिल कराया। मामले में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। तहसीलदार ने बताया कि मौके पर मिट्टी की अवैध खुदाई कर ढुलाई की जा रही थी। जांच के दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली पर कोई आरटीओ पंजीकरण संख्या अंकित नहीं मिली। वहीं खनन से संबंधित अनुमति या अन्य आवश्यक अभिलेख भी संचालकों द्वारा प्रस्तुत नहीं किए जा सके। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व पिछले सप्ताह तहसील प्रशासन ने बरेहता गांव में छापेमारी कर अवैध खनन में लगे तीन ट्रैक्टर, एक लोडर और दो ट्रॉलियों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया था। इसी सप्ताह सेमरी चैकी क्षेत्र में भी कार्रवाई करते हुए चार ट्रैक्टर, एक लोडर और तीन ट्रॉलियां जब्त की गई थीं। उपजिलाधिकारी प्रभात कुमार सिंह ने कहा कि अवैध खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने खनन माफियाओं को चेतावनी देते हुए कहा कि कोई भी दोषी बख्शा नहीं जाएगा।

# जल जीवन मिशन का सपना हुआ साकार



● हर घर पहुंचा नल से शुद्ध जल ग्रामीणों को लाभ

**सुलतानपुर (वीओएल)।** केंद्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के तहत जनपद सुल्तानपुर के विकास खंड बल्दीराय की ग्राम पंचायत हैधना कला के दुगार्पुर राजस्व गांव में हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का सपना साकार हो गया है। योजना के अंतर्गत गांव के 825 परिवारों को फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे अब ग्रामीणों को घर बैठे शुद्ध पेयजल मिल रहा है। करीब 416.07 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस पेयजल परियोजना के अंतर्गत 325 किलोलीटर क्षमता की ऊंची पानी की टंकी का निर्माण कराया गया है। योजना के तहत प्रतिदिन सुबह 7 से 10 बजे तक तथा शाम 3 से 6बजे तक जलापूर्ति की जा रही है। इससे ग्रामीणों को पानी के लिए हैंडपंपों और दूरस्थ स्रोतों पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि योजना के लागू होने से उनकी दैनिक दिनचर्या आसान हुई है और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में भी कमी आई है। ग्रामीण सुरेश कुमार ने बताया कि पहले शुद्ध पेयजल नही मिल पाता था, लेकिन अब घर के बाहर लगे नल से आसानी से शुद्ध पानी मिल रहा है। सावित्री देवी ने कहा कि महिलाओं को सबसे अधिक लाभ हुआ है। राजेश कुमार ने बताया कि नियमित जलापूर्ति से गांव में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर हुई है और लोगों का जीवन स्तर सुधरा है। वहीं गीतादेवी ने कहा कि शुद्ध पानी मिलने से परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य में सुधार देखने को मिलेगा, और दूषित जल से भी निजात मिल गई। यह योजना गांव के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। ग्रामीणों ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार के साथ-साथ जल निगम और संबंधित विभाग के अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन ने वास्तव में गांवों में विकास की नई धारा बहाने का कार्य किया है। अब दुगार्पुर गांव भी उन गांवों की श्रेणी में शामिल हो गया है जहां हरघर तक सुरक्षित व स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध है।

## राष्ट्रीय युवा वाहिनी का कार्यालय खुला



**नसीराबाद, रायबरेली।** रविवार को ब्लॉक छतोह में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय युवा वाहिनी के कार्यालय का वैदिक मंत्रोच्चारके साथ उद्घाटन किया गया। राष्ट्रीय युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष देव प्रकाश शुक्ल और प्रदेश अध्यक्ष राम निवास भार्गव अपनी टीम के साथ ग्राम परैया नमकसार पहुंचे तो वहां मौजूद सैकड़ों लोगों की भीड़ ने जय श्री राम के जयकारे और पुष्प वर्षा करके उनका स्वागत किया। शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय महामंत्री गौतम सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा प्रभारी एसपी सिंह, सहायक सुरक्षा प्रभारी अजीत सिंह, जिला अध्यक्ष अशोक सिंह, जिला सचिव नरेंद्र बहादुर सिंह और युवा मोर्चा के जिला मंत्री अंकुश सिंह सहित सैकड़ों भाजपा समर्थक, वाहिनी के सदस्य और स्थानीय लोग मौजूद रहे। इस दौरान कार्यवाहक थाना प्रभारी करुणा शंकर तिवारी पुलिस फोर्स के साथ सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रहे।

## डाकघरों में अब लगेगी ऑनलाइन हाजिरी, नयी योजनाओं के विस्तार पर डाक अधीक्षक का जोर



**सुलतानपुर (वीओएल)।** डाक सेवाओं को अधिक पारदर्शी, आधुनिक और जनहितकारी बनाने की दिशा में डाक विभाग ने कदम तेज कर दिए हैं। रविवार को प्रधान डाकघर परिसर में आयोजित समीक्षा बैठक में नवागत डाक अधीक्षक प्रेमचंद तिवारी ने जिले के करीब 50 उपडाकघरों के सब पोस्टमास्टरों और पोस्टमास्टरों को विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। बैठक के दौरान डाक अधीक्षक ने सभी शाखा एवं उपडाकघरों में आधार आधारित ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली को अनिवार्य रूप से लागू करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे कर्मचारियों की उपस्थिति व्यवस्था अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनेगी। साथ ही स्पीड पोस्ट बुकिंग, डीएसएस ऐप के माध्यम से डाक वितरण, पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस और ग्रामीण डाक जीवन बीमा की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने तथा आम नागरिकों को डाक विभाग की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने की रणनीति पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर परिवाद निरीक्षक शैलेश शर्मा, डाक निरीक्षक दीपक मौर्य, पोस्टमास्टर सुरेश चंद्र तिवारी तथा सहायक डाक अधीक्षक प्रकाश चंद्र तिवारी सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि प्रेमचंद तिवारी ने लगभग एक सप्ताह पूर्व ही सुलतानपुर डाक विभाग का कार्यभार संभाला है और पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनकी पहली बड़ी समीक्षा बैठक रही।

## सेवा भारती किशोरी विकास प्रशिक्षण 14 तक



**रायबरेली।** सेवा भारती द्वारा लखनऊ में आयोजित किशोरी विकास प्रशिक्षण वर्ग में रायबरेली कि विभिन्न बस्तियों से 30 बालिकाएं भाग लेगी। लखनऊ प्रस्थान के समय डाक्टर सुमेधा रस्तोगी ने बच्चियों को प्रशिक्षण वर्ग में गर्मी के प्रभाव से बचते हुए प्रशिक्षण प्राप्त करने के बारे में बताया, राष्ट्रीय स्वयंसेवक के विभाग संघ चालक अमरेश बहादुर सिंह ने कहा प्रशिक्षण वर्ग एक तपस्या है जिसमें सात दिन में बालिकाओं को हर परिस्थिति का सामना करने का साहस का विकास होगा। गायत्री मंदिर में सभी बालिकाओं का मंत्रोच्चारण के साथ टीका कर विदा किया गया। विभाग सेवा प्रमुख गया प्रसाद शुक्ला ने बताया सेवा बस्तियों से तीस बालिकाएं प्रशिक्षण में भाग लेगी जो सलोन, परशदेपुर, अमावा, महराजगंज की बालिकाएं षामिल हैं। विदाई के अवसर पर सेवा भारती के विभाग अध्यक्ष सुशील गुप्ता, संरक्षक विनोद बाजपेई, विजय रस्तोगी, जिला उपाध्यक्ष साधना शर्मा, मीना सिंह चैहान, अंजली शुक्ला, अनंता मौर्य गजेन्द्र मौर्य,लाल बहादुर मौजूद रहे।

# नगर पंचायत अध्यक्षों को सुरक्षा दी जाये

**लालगंज, रायबरेली।** स्थानीय निकाय संघ रायबरेली की एक बैठक लालगंज नगर पंचायत कार्यालय में संपन्न हुई है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे संघ के जिला अध्यक्ष डलमऊ नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित बृजेश दत्त गौड़ ने कहा कि गौशालाओं को लेकर नगर पंचायत प्रशासन के सामने विभिन्न समस्याएं आ रही हैं जिसमें पशु शव निस्तारण की भी प्रमुख समस्या है ।वही कूड़ा निस्तारण के लिए जमीन नहीं है। नगर पंचायत अध्यक्षों को कार्य के दौरान अक्सर विरोधियों का सामना करना पड़ता है जिससे उनकी सुरक्षा खतरे में है। चुने हुए जनप्रतिनिधियों और कार्यालय के लिए सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाने की शासन से मांग की गई। लालगंज नगर पंचायत में पेयजल की समस्या के लिए कई बार प्रत्यावेदन के बावजूद जमीन नहीं मिल रही है जिसको लेकर समस्या गंभीर बनी हुई है। शिवगढ़ की अध्यक्ष सुमन




के खिलाफ सोशल मीडिया पर हुई टिप्पणी की बात भी बैठक में उठाई गई जिसको सभी लोगों ने निंदा प्रस्ताव के जरिए अशोभनीय बताया। पंडित बृजेश दत्त गौड ने कहा कि पूर्व में लालगंज नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ भी आपत्ति जनक नारेबाजी और अमर्यादित शब्दों का प्रयोग हुआ था लेकिन प्रशासन ने कोई कार्यवाही नहीं की जिसके चलते शिवगढ़ की अध्यक्ष के साथ भी उसी तरह की पुनरावृत्ति हुई है। उन्होंने कहा कि हम सभी लोग मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी से मिलकर उक्त समस्त समस्याओं के निस्तारण की मांग उठाएंगे। उन्होंने कहा कि लालगंज, महराजगंज और ऊंचाहार नगर पंचायत के विस्तार का प्रस्ताव शासन भेजा गया है। निश्चित रूप से आगे चलकर नगर पंचायत का विस्तारीरण हो जाएगा। वहीं लालगंज नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता ने कहा कि चैराहों पर बने हुए स्मारकों का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। लालगंज नगर पंचायत के स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर दीपेंद्र गुप्ता ने कहा कि नगर के लोगों को सभी तरह की सुविधाये उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस अवसर पर नगर पंचायत महाराजगंज प्रतिनिधि प्रभात साहू, शिवगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष सुमन , लालगंज नगर पंचायत प्रतिनिधि दीपेंद्र गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## चोरी के मामले में गिरफ्तार

**महराजगंज, रायबरेली।** थाना क्षेत्र में चोरी के एक मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने संबंधित वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अभिषेक कुमार पुत्र पारसनाथ निवासी ग्राम भैयापुर मजरे हिलहा को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त चोरी के एक मामले में काफी समय से वांछित चल रहा था।

संक्षेप

## तबादले के बाद 16 स्वास्थ्य अधिकारियों ने सौंपा सामूहिक इस्तीफा

देवरिया। जिले में स्वास्थ्य अधिकारियों के बड़े पैमाने पर तबादले के बाद स्वास्थ्य अधिकारियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सामूहिक इस्तीफा सौंपकर सनसनी फैला दी है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार शनिवार को यहां सीएमओ ने स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए अधीक्षकों और प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों का तबादला जिले में ही एक दूसरे स्वास्थ्य केन्द्रों पर किया है। सूत्रों ने बताया कि तबादलारत स्वास्थ्य अधिकारी सीएमओ पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि जिले के करीब 16 चिकित्सा अधिकारियों ने शनिवार की देर शाम सीएमओ आवास पर जाकर अपना अपना लिखित सामूहिक इस्तीफा सौंपा है। उन्होंने इसकी वजह अपना मानसिक उत्पीड़न बताया है।

## सामान चोरी करने वाला गिरफ्तार

अयोध्या। अयोध्या कोतवाली पुलिस ने श्रद्धालुओं का सामान चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चुराया गया सामान बरामद हुआ है। प्रभारी निरीक्षक अयोध्या कोतवाली पंकज सिंह ने बताया कि 11 मई को एक श्रद्धालु ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# चखनी घाट पर निर्माणाधीन पुल के पाये में दरार व स्लैब में गड़बड़ी से मचा हड़कंप

जिला संवाददाता

**भटनी (देवरिया)।** भाटपाररानी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विकास खंड भटनी के रायबारी ग्राम सभा स्थित चखनी घाट पर निमार्णाधीन पक्के पुल में दरार पड़ने और एक पाये के स्लैब मे गडबडीका मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के बाद प्रशासनिक और तकनीकी महकमे में हड़कंप मच गया है। जिस पुल को क्षेत्र

● जांच में फंसा 16 करोड़ का निर्माण कार्य जनमानस में आक्रोश

के विकास और उत्तर प्रदेश-बिहार के हजारों लोगों की सुविधा का आधार माना जा रहा था, वही पुल अब अपनी गुणवत्ता को लेकर सवालों के घेरे में आ गया है। मामले की जांच के चलते निर्माण कार्य पूरी तरह ठप हो गया है और क्षेत्रीय जनता जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुल निर्माण कार्य के दौरान शुरू से ही गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए जा रहे थे। ग्रामीणों ने कई बार निर्माण सामग्री और कार्यप्रणाली पर आपत्ति दर्ज कराई, लेकिन सेतु निगम और संबंधित अधिकारियों ने इन शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते शिकायतों पर ध्यान दिया गया होता तो आज यह स्थिति पैदा नहीं होती।

### 50 से अधिक गांवों की जीवनरेखा है चखनी घाट

चखनी घाट केवल एक स्थानीय मार्ग नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश और बिहार के लगभग 50 से अधिक गांवों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। प्रतिदिन हजारों लोगों का इस घाट से आवागमन होता है। बरसात के दिनों में लोगों को नाव का सहारा लेना पड़ता है, जबकि सामान्य दिनों में लकड़ी के अस्थायी पुल के माध्यम से लोग एक-दूसरे क्षेत्रों तक पहुंचते हैं।

गोवर्धन पूजा के अवसर पर यहां एक माह तक चलने वाला ऐतिहासिक मेला भी आयोजित होता है। इस मेले में उत्तर प्रदेश और बिहार के व्यापारी बड़ी संख्या में भाग लेते हैं। विशेष रूप से लकड़ी के फर्नीचर, कृषि उपकरण और घरेलू उपयोग की वस्तुओं की दुकानें सजती हैं, जहां किसान और ग्रामीण बड़ी मात्रा में खरीदारी करते हैं। ऐसे में चखनी घाट पर स्थायी पुल की मांग वर्षों से की जा रही थी।

### विधायक के प्रयास से मिली थी 16 करोड़ रुपये की स्वीकृति

क्षेत्र के महत्व को देखते हुए भाटपाररानी विधायक के प्रयासों से प्रदेश सरकार ने चखनी घाट पर पक्का पुल निर्माण कराने के लिए लगभग 16 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की थी। धनराशि अवमुक्त होने के बाद निर्माण कार्य का जिम्मा सेतु निगम को सौंपा गया। निर्माण कार्य शुरू होने के बाद लोगों में खुशी का माहौल था और उम्मीद थी कि वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हो जाएगा।

निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा था और पुल के चार पाये भी खड़े किए जा चुके थे। इसी दौरान पुल के उत्तर दिशा में दूसरे और तीसरे पाये के बीच दरार दिखाई देने लगी। साथ ही एक पाया धंसने की बात भी सामने आई। इस घटना का वीडियो किसी स्थानीय व्यक्ति ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद मामला चर्चा का विषय बन गया।

### वीडियो वायरल होते ही हरकत में आया प्रशासन

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रारंभ में सेतु निगम के अधिकारियों ने मामले को दबाने का प्रयास किया, लेकिन वीडियो वायरल होने के बाद मामला शासन और प्रशासन तक पहुंच गया। वीडियो सामने आते ही जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लिया और अधिशासी अभियंता, सेतु निगम को तलब कर स्पष्टीकरण मांगा।

इसके साथ ही जिलाधिकारी ने पूरे मामले की जांच के लिए त्रिस्तरीय समिति गठित कर दी। समिति में लोक निर्माण विभाग के अभियंता, जिला विकास अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को शामिल किया गया। जिलाधिकारी ने समिति को दो दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था तथा स्पष्ट चेतावनी दी थी कि यदि निर्माण कार्य में गुणवत्ता संबंधी कोई खामी पाई गई तो जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### समय सीमा बीतने के बाद भी नहीं आई रिपोर्ट

जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित समय सीमा समाप्त हो जाने के बावजूद जांच रिपोर्ट अभी तक सार्वजनिक नहीं हो सकी है। इससे क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं और आशंकाएं जन्म ले रही हैं। लोगों का कहना है कि यदि रिपोर्ट समय पर सार्वजनिक हो जाती तो स्थिति स्पष्ट हो जाती। रिपोर्ट में हो रही देरी के कारण निर्माण कार्य भी रुका हुआ है और जिम्मेदारों की पहचान भी नहीं हो सकी है।

### लखनऊ से पहुंची तकनीकी टीम, लिए नये नमूने

मामले की गंभीरता को देखते हुए लखनऊ से तकनीकी विशेषज्ञों की टीम भी चखनी घाट पहुंची। टीम ने पुल के नक्शे, निर्माण सामग्री के नमूने तथा संबंधित अभिलेखों की गहन जांच की। विशेषज्ञों ने निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता की जांच के लिए सैंपल भी एकत्र किए।

इसके अलावा मुख्य विकास अधिकारी, सेतु निगम के उप परियोजना अधिकारी तथा अन्य अधिकारियों ने भी मौके का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तकनीकी पहलुओं की समीक्षा की गई और संभावित कारणों पर चर्चा की गई।

### ढलाई मशीन की खराबी का तर्क नहीं मान रहे ग्रामीण

सेतु निगम की प्रारंभिक जांच में उप परियोजना प्रबंधक द्वारा यह बताया गया कि ढलाई मशीन में आई तकनीकी खराबी के कारण समस्या उत्पन्न हुई। हालांकि यह तर्क ग्रामीणों और क्षेत्रीय लोगों को संतुष्ट नहीं कर पा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि ढलाई में समस्या थी तो निर्माण कार्य की निगरानी कर रहे इंजीनियरों और अधिकारियों को इसकी जानकारी पहले क्यों नहीं हुई। लोगों का सवाल है कि जब चौथा पाया भी तैयार हो गया था, तब तीसरे पाये में आई दरार और धंसाव पर किसी की नजर क्यों नहीं गई। उनका मानना है कि या तो निगरानी में गंभीर लापरवाही हुई या फिर खामियों को जानबूझकर नजरअंदाज किया गया।

### बीएचयू विशेषज्ञों से भी मांगी जा रही मदद

सूत्रों के अनुसार समस्या के स्थायी समाधान के लिए सेतु निगम ने अब बीएचयू के विशेषज्ञों से भी संपर्क साधा है। विशेषज्ञों की राय के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। तकनीकी रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि पाये में दरार और धंसाव का वास्तविक कारण क्या है तथा इसके लिए कौन जिम्मेदार है।

### जनप्रतिनिधियों की चुप्पी भी चर्चा में

पुल में दरार और पाया धंसने की घटना के बाद क्षेत्र के कई लोगों ने जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर भी सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि वीडियो वायरल होने के बाद भी अधिकांश जनप्रतिनिधियों ने खुलकर अपनी प्रतिक्रिया नहीं दी, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### ग्रामीणों की मांग-दोषपूर्ण पाये का हो पुनर्निर्माण

क्षेत्रीय जनता ने शासन और प्रशासन से मांग की है कि जिस पाये में दरार और धंसाव की समस्या सामने आई है, उसका पूर्ण रूप से पुनर्निर्माण कराया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि केवल मरम्मत से समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा। यदि खामियों को नजरअंदाज किया गया तो भविष्य में गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी रहेगी।

लोगों का कहना है कि अगर ऐसा नही हुआ तो भागलपुर के पुल की तरह ही इस पुल का परिणाम होगा कि अब वहां दूसरे पुल का निर्माण हो रहा है। पुल निर्माण में किसी प्रकार की जल्दबाजी या समझौता नहीं होना चाहिए। यह परियोजना हजारों लोगों की सुविधा और सुरक्षा से जुड़ी हुई है, इसलिए निर्माण की गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

फिलहाल चखनी घाट पुल का निर्माण कार्य जांच के कारण रुका हुआ है। पूरे क्षेत्र की निगाहें अब जांच रिपोर्ट और प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि पुल निर्माण में तकनीकी खामी थी, लापरवाही हुई थी या फिर गुणवत्ता से समझौता किया गया।लोगों का मानना है कि पुल निर्माण कार्य मे सरकारी धन का अपव्यय होने की प्रबल संभावना हो गयी है। बावजूद इसके सत्ता पक्ष और विपक्ष के जनप्रतिनिधि मौके का निरीक्षक तक करने भी नही पहुँचा। जो क्षेत्र में अत्यधिक चर्चा का विषय बना हुआ है।

## निकोबार द्वीप की वनसम्पदा को कारपोरेट घराने को सौंपे जाने के विरोध में कांग्रेस

**देवरिया।** केंद्र सरकार द्वारा ग्रेट निकोबार द्वीप समूह की बहुमूल्य वन संपदा को कथित रूप से कॉपोरेट घरानों के हित में सौंपे जाने के निर्णय के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने जनजागरण अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर रविवार को टाउन हॉल स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में जनपद के कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार विकास के नाम पर देश की प्राकृतिक संपदा और पर्यावरणीय विरासत को पूंजीपति मित्रों के हवाले करने का कार्य कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली के क्षेत्रफल से कई गुना बड़े क्षेत्र में फैले घने एवं जैव विविधता से समृद्ध जंगलों को व्यापारिक हितों के लिए नष्ट करने की तैयारी की जा रही है। इससे पर्यावरणीय संतुलन प्रभावित होगा तथा वहां निवास करने वाली आदिम जनजातियों के अस्तित्व पर भी संकट उत्पन्न होगा।उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है तथा इस प्रकार की नीतियों का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करती रहेगी।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी इस परियोजना के विरोध में देशव्यापी जनमत तैयार करेगी। उनका कहना था कि प्राकृतिक संसाधनों पर पहला अधिकार देश की जनता और आने वाली पीढ़ियों का है, इसलिए पर्यावरण और आदिवासी हितों की अनदेखी कर किसी भी परियोजना को लागू नहीं किया जाना चाहिए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 8 जून से 15 जून तक पूरे जनपद में व्यापक हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। अभियान का शुभारंभ 8 जून को सुबह 11 बजें से सुभाष चौक से किया जाएगा। साथ ही गांव, वार्ड एवं ब्लॉक स्तर पर जन-जागरूकता हस्ताक्षर कार्यक्रम आयोजित कर निकोबार बचाओ अभियान को रणनीति तैयार की गई।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार तिवारी,भरत मणि त्रिपाठी,अब्दुल जब्बार,जिला प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्रा,कोषाध्यक्ष चन्दन वर्मा,जिला महासचिव शहनाज जफर,रत्नेश मल्ल पिंटू, मनोज मणि त्रिपाठी,शिव शंकर सिंह, रामप्रवेश सिंह,विजयशंकर मिश्रा, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय,विनोद त्रिपाठी,चंद्रप्रकाश चौहान,दीपक आदि संगठन के पदाधिकारी सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## खाते में वापस कराये साइबर ठगी के दस लाख

अयोध्या। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने निवेश के नाम पर मोटे मुनाफे का लालच देकर दस लाख से ज्यादा की ठगी के मामले में रकम वापस कराई है। साइबर क्राइम थाना के प्रभारी निरीक्षक मो अरशद ने बताया कि पीड़ित ने एनपीआरसी पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत के बाद साइबर क्राइम थाना पुलिस ने धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दर्ज शिकायत और रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस में संबंधित बैंक खाते में ठगी गई रकम होल्ड कराई थी,जिसको कानूनी औपचारिकताओं को पूरा कराते हुए पीड़ित को वापस कराया गया है। उन्होंने बताया कि आवेदक के खाते से इनवेस्टमेन्ट के नाम पर ठगी गई रकम दस लाख 18 हजार 873 रुपए 73 पैसे को उसके बैंक खाते में वापस करवा दिया गया है।

# कुबेरस्थान पुलिस पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, वायरल वीडियो ने खोली खाकी की पोल

बालू की बोरी में दब गयी इंसाफ की आवाज, कुबेरस्थान पुलिस पर उगाही, दबंगई और सबूत मिटाने के गंभीर आरोप






जिला संवाददाता

कुशीनगर। जनपद के कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के जंगल पचरुखिया गांव से सामने आया एक वायरल वीडियो पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़ा कर रहा है। वीडियो में दो पुलिसकर्मी एक महिला को जबरन पकड़कर खींचते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा मौके पर मौजूद ग्रामीण पुलिस पर अभद्रता, मारपीट और धमकी देने के आरोप लगा रहे हैं। इस दौरान एक युवक आक्रोश में पुलिसकर्मी को थप्पड़ भी मार देता है। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और पूरे मामले को लेकर पुलिस प्रशासन कटघरे में खड़ा है।

### सड़क हादसे से शुरू हुआ विवाद

ग्रामीणों के अनुसार 22 मई को बालू लदी एक ट्रक ने सड़क के किनारे खड़े 33 वर्षीय संदीप को कुचल दिया था। गंभीर रूप से घायल संदीप को पहले मेडिकल कॉलेज कुशीनगर और फिर गोरखपुर रेफर किया गया, जहां 1 जून को उसकी मौत हो गई।

हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बालू लदे ट्रक को घेर लिया और कथित तौर पर उसमें तोड़फोड़ की। पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया। यहीं से शुरू हुई वह कहानी, जिसकी स्क्रीप्ट खुद कुबेरस्थान पुलिस ने लिखी और खुद अपनी भूमिका को ही संदेह के घेरे में खडी हो गयी।

### 55 लोगों पर कार्रवाई होगी कहकर गांव में शुरू हुई दबिश

ग्रामीणों का आरोप है कि हादसे के बाद कुबेरस्थान थाने के दो सिपाही लगातार गांव में दबिश देने लगे। लोगों का कहना है कि तोड़फोड़ के नाम पर 55 लोगों के खिलाफ पुलिस द्वारा कार्रवाई की बात कही गई और इसके बाद बिना महिला पुलिसकर्मी के घरों में घुसकर छापेमारी शुरू कर दी गई।ग्रामीण महिलाओं का आरोप है कि पुलिस ने घरों में घुसकर अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, गालियां दीं और कार्रवाई से बचाने के नाम पर पैसों की मांग की।गांव की नजमा खातून का आरोप है कि पुलिसकर्मी उनके घर में घुस आए जबकि घर में केवल नई-नवेली दुल्हन मौजूद थी। जब उनसे पूछताछ की गई तो कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। उल्टा कथित तौर पर कहा गया कि ‟बचना है तो 25-25 हजार रुपये दो, नहीं तो जेल जाओ।‟ बेशक नगमा सहित अन्य ग्रामीणों द्वारा लगाये गये यह आरोप सही हैं तो रिश्वतखोरी और कानून के रक्षक पर ही कानून तोड़ने का आरोप है।

### सवालः जब्त ट्रक की बालू आखिर गई कहां

मामले का सबसे सनसनीखेज आरोप ट्रक में लदी बालू को लेकर है।ग्रामीणों का दावा है कि पुलिस ने रात के अंधेरे में ट्रैक्टर-ट्रॉली लगवाकर ट्रक में लदी पूरी बालू उतरवाई और उसे एक निजी दुकानदार को बेच दिया। इसके बाद खाली ट्रक को थाने लेकर चली गयी। विधि विशेषज्ञ कहते है, यह आरोप सत्य हैं तो यह केवल अनियमितता नहीं बल्कि सरकारी अभिरक्षा में रखी गई संपत्ति के कथित दुरुपयोग और साक्ष्यों के साथ से छेड़छाड़ करने जैसा गंभीर मामला बनता है।

### तोड़फोड़ का आरोप, फिर 151 में जेल क्यों

ग्रामीणों का कहना है कि संतोष मद्धेशिया और दुर्गेश खटीक को पुलिस पकड़कर थाने ले गई। आरोप है कि उनसे भी पैसों की मांग की गई और रकम न मिलने पर उन्हें धारा 151 के तहत चालान कर जेल भेज दिया गया।यहां बड़ा सवाल यह है कि यदि वास्तव में मामला तोड़फोड़ का था और ट्रक मालिक ने तहरीर दिया था, तो संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज क्यों नहीं हुआ? और यदि मामला इतना गंभीर नहीं था तो फिर निजी मुचलके पर छोड़े जाने योग्य धारा में जेल भेजने की जल्दबाजी क्यों दिखाई गई? वायरल वीडियो अब पूरे घटनाक्रम का केंद्र बन गया है। वीडियो में दिख रही कथित पुलिसिया सख्ती और ग्रामीणों के आरोपों ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।महिला पुलिसकर्मी के बिना महिलाओं के घरों में दबिश क्यों? कार्रवाई के नाम पर पैसों की मांग के आरोपों की जांच कौन करेगा?जब्त ट्रक की बालू का हिसाब किसके पास है?अगर तोड़फोड़ हुई थी तो ट्रक मालिक द्वारा तहरीर कब दी गई? मुकदमा कब दर्ज हुआ है?और दोनो युवको को जेल कब भेजा गया? इन सभी सवालो का जबाब निष्पक्ष जांच के बाद ही स्पष होगी। फिलहाल वायरल वीडियो और ग्रामीणों के आरोपों ने कुबेरस्थान पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। मामले की निष्पक्ष जांच न केवल पुलिस की साख के लिए जरूरी है, बल्कि उन सवालों के जवाब के लिए भी आवश्यक है जो यक्ष प्रश्न बना हुआ है।

## जी आर पी ने अवैध देशी शराब के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय राजकीय रेलवे पुलिस ने भाटपाररानी रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नम्बर -2के पश्चिमी छोर पर एक व्यक्ति को एक बैग में रखे -44 अदद बन्टी बबली ट्रेटापैक अबैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार करने में सफल हुई है ।बताया गया है कि जी आर पी पुलिस द्वारा उच्चाधिकारियों के निर्देश पर यात्रियों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए सकुर्लेटिंग एरिया ट्रेनो में अपराध नियंत्रण अपराधियों की गिरफ्तारी ट्रेनो में अबैध शराब की रोकधाम व बरामदगी के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में भाटपाररानी रेलवे स्टेशन पर पुलिस जाँच पडताल कर रही थी ।उसी समय एक व्यक्ति एक बैग लेकर ट्रेन पकडने के इंतजार में बैठा था ।पुलिस ने युवक को शक के आधार पर पुछताछ की व बैग की तलाशी की तो बैग से 44आदद बन्टी बबली अबैध शराब बरामद हुआ ।पुछताछ में पकडा गया व्यक्ति अपना नाम अमित कुमार झा पुत्र अरुण कुमार झा ग्राम मानिक चौक दक्षिणी थाना गाढा जिला सीतामढ़ी बिहार का निवासी बताते हुए कहा कि अपना खर्चा चलाने के लिए ट्रेनो के माध्यम से शराब की तस्करी यू पी से लेजाकर बिहार में अधिक कीमत पर बेचने काधंधा कर अपना काम चलाता हुँ ।

गिरफ्तार करने वाली टीम मे.थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार मौर्या उपनिरीक्षक राजेश कुमार पाण्डेय व आरक्षी चन्द्रप्रकाश गुप्त व नन्दलाल यादव शामिल रहे ।पुलिस आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर रही है ।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**भटनी(देवरिया)।** राजकीय रेलवे पुलिस भटनी थाना क्षेत्र के सलेमपुर रेलवे स्टेशन पर बरहज ट्रेन की चपेट में आने से 19वर्षीय आकाश कुमार पुत्र बबलू ग्राम पडरी उमन थाना भाटपाररानी की मौत हो गयी .जी आर पी पुलिस ने बताया की घटना की सूचना परिजन को दे दी गयी है ।शव को पंचनामा बनवा कर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## पॉक्सो एक्ट से संबंधित वांछित गिरफ्तार

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय पुलिस ने पॉक्सो एक्ट से संबंधित वांछित आरोपित को गिरफ्तार किया है ।पुलिस अधीक्षक अभिजित आर० शंकर द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) सुनील कुमार सिंह के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी अशुंमन श्रीवास्तव के कुशल पर्यवेक्षण में थाना स्थानीय पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं से संबंधित वांछित निखिल कुमार निवासी समुहती टोला चरखीया थाना विजयीपुर जनपद गोपालगंज (बिहार) को मुखबिर की सूचना पर शिवबनकटा चौराहा से डुमरी जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। बताया गया है कि 19 मई 2026 को वादिनी द्वारा थाना भटनी पर तहरीरी सूचना देकर अवगत कराया गया कि वादिनी की नाबालिग पुत्री को उपर्युक्त आरोपित द्वारा 13 मई 2026 की रात्रि में बहला फुसलाकर भगा ले जाया गया है, जिसके संबंध में थाना भटनी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए विवेचना की जा रही है। उक्त अभियोग से संबंधित पीड़िता को थाना भटनी पुलिस द्वारा 27 मई 2026 को सकुशल बरामद कर लिया गया है।

## बुजुर्ग के कहीं चले जाने से परिजन परेशान

**कुशीनगर।** जिले के कसया थाना क्षेत्र के ग्राम अर्जुनहा परसौना निवासी एक सौ वर्षीय बुजुर्ग के घर से कही चले जाने से परिजन किसी अनहोनी को लेकर आशंकित हैं। कसया थानाध्यक्ष को संबोधित प्रार्थना पत्र बुजुर्ग के नाती ग्राम निवासी विशाल तिवारी पुत्र स्व संतोष तिवारी ने देकर बताया कि उनके बाबा राजेश्वरी तिवारी पुत्र स्व स्वामी नाथ तिवारी (100 वर्ष) 6 जून की सुबह छः बजे घर से चले हैं और अर्जुनहा चौराहे से कसया के लिए चले हैं। यह जानकारी चौराहे पर लोगों से मिली। बाबा (लंबाई 5 फीट, रंग गेहुंआ) गुलाबी कुर्ता, लाल मरदानी, गले में झोला, हाथ में छड़ी, गेरुआ रंग का शाल और पैर में चप्पल है। काफी खोज बिन के बाद भी पता नहीं चला। पीड़ित ने आवश्यक कार्यवाही की मांग की है।

# जमीन के खेल में अब विधायक की एंट्री, तहसील प्रशासन कटघरे में

विधायक डॉ. असीम राय ने तहसीलदार का किया स्क्रू टाइट, कहा- जांच कर सच्चाई सामने लाये



जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जिले के तरयासुजान थाना क्षेत्र के डुमरिया मठ में कब्रिस्तान की भूमि को लेकर चल रहा विवाद अब राजनीतिक और प्रशासनिक

मठ बनाम कब्रिस्तान

गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है। मठ की जमीन पर कथित हेराफेरी और कब्रिस्तान के नाम पर निर्धारित रकबे से अधिक भूमि पर अवैध कब्जा कर बाउंड्री वॉल खडा किये जाने के आरोपों ने मामले को तूल दे दिया है। शिकायत सीधे क्षेत्रीय विधायक डॉ. असीम कुमार राय तक पहुंची तो उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए तहसीलदार का स्क्रू टाइट कर जांच के निर्देश दिए।

मठ के महंत एवं पूर्व प्रधान रूद्रानंद गिरी ने विधायक डॉ असीम राय से मुलाकात कर दस्तावेजों का पुलिंदा सौंपते हुए आरोप लगाया कि मठ की भूमि से जुड़े अभिलेखों में गंभीर गड़बड़ी की गई है। उनका कहना है कि कब्रिस्तान की खतौनी में दर्ज भूमि महज 48 डिसमिल है, जबकि मौके पर लगभग 100 डिसमिल अवैध कब्जा कर चाहरदीवारी खड़ी कर दी गई है।

### तीन महीने से फाइल दबाये बैठे है तहसीलदार

महंत गिरी का आरोप है कि उन्होंने पुरातत्व विभाग से जांच कराने संबंधी दस्तावेज और शिकायत तीन माह पूर्व तहसील प्रशासन को सौंप दी थी, लेकिन तहसीलदार ने कमीशनर के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं किया। उनका कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच करा दी जाए तो जमीन से जुड़े पूरे मामले का सच सामने आ जाएगा।

### विधायक ने तहसीलदार को किया फोन

मामले की गंभीरता को देखते हुए विधायक डॉ. असीम कुमार राय ने तहसीलदार तमकुहीराज को दूरभाष पर क्लास लगायी और निर्देशित किया कि शिकायत की तत्काल जांच कराई जाए। विधायक ने स्पष्ट कहा कि यदि जांच में कब्रिस्तान की बाउंड्री निर्धारित रकबे से अधिक पाई जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।विधायक ने कडे शब्दों मे कहा कि इसमे किसी प्रकार की लापरवाही व हिलाहवाली बर्दाश्त नही किया जायेगा। मीडिया से बातचीत में महंत रूद्रानंद गिरी ने कहा कि वर्षों पुराने धार्मिक स्थल की भूमि को लेकर लगातार विवाद खड़ा किया जा रहा है।उन्होंने आरोप लगाया कि कुछलोग सुनियोजित तरीके से मठ की संपत्ति को निशाना बना रहे हैं। उनका कहना है कि प्रशासनिक जांच ही इस पूरे प्रकरण की सच्चाई सामने ला सकती है।

## विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 300 लोगों ने उठाया लाभ

जिला संवाददाता

**बरहज,देवरिया।** बरहज नगर पालिका के अंतर्गत आने वाले ग्राम पचौहा में स्वर्गीय सुमित्रा देवी की प्रथम पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में एक विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर (मेडिकल कैंप) का आयोजन किया गया। इस शिविर में दूर-दराज के गांवों से आए लगभग 300 से अधिक जरूरतमंद लोगों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें मुफ्त दवाइयां वितरित की गईं।

कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत भारतीय जनता पार्टी के नेता अमरेन्द्र गुप्त, रिटायर्ड सैन्यकर्मी लाल साहब यादव और स्वर्गीय सुमित्रा देवी के पुत्र राकेश सिंह द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर की गई। शिविर में मरीजों को बेहतर इलाज देने के लिए सावित्री हॉस्पिटल देवरिया के विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद रहे। इनमें प्रमुख न्यूरो फिजिशियन डॉक्टर एस. के. अग्रवाल, मेडिकल केयर स्पेशलिस्ट डॉक्टर चंदन तथा प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर धर्मेंद्र शामिल थे। डॉक्टरों की टीम ने आए हुए सभी मरीजों की बीमारियों की गहन जांच की, उनका उचित इलाज किया और परामर्श दिया। मेडिकल कैंप को लेकर पूरे गांव के लोगों में भारी उत्साह का माहौल देखा गया।

कार्यक्रम के मुख्य आयोजक भाजपा नेता अमित जायसवाल, अमरजीत सोनकर ने इस पुनीत कार्य के संबंध में कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। हमारे द्वारा ऐसे सेवा कार्य निरंतर आगे भी जारी रहेंगे। बहुत जल्द ही क्षेत्र के किसी दूसरे गांव में भी इसी प्रकार का भव्य मेडिकल कैंप लगाया जाएगा।

रक्तदान के क्रम में अंकित जायसवाल, अमित जायसवाल और अध्यापक प्रिंस तिवारी ने रक्तदान भी किया। इस दौरान राकेश सिंह, सभासद लव सोनकर , सभासद विकास कन्नौजिया बृजमोहन गुप्ता, पवन मदेशिया, विष्णु जायसवाल ,पुरुषोत्तम मदेशिया, सोनू सिंह, मोनू सिंह, , श्रवण यादव , मनोज गुप्ता, संदीप यादव और आदि का सर्वाधिक व महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिविर के समापन पर आए हुए सभी डॉक्टरों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।

## कटान होने से सरयू नदी में विलीन हुई हजारों एकड़ जमीनः विजय रावत

बरहज,बरहज। विधानसभा के परसिया व विशुनपुर देवार में सरयू नदी के द्वारा हो रहे कटान को रोकने व नाव चलाने की मांग को लेकर परसिया देवार में पंचायत का आयोजन किया गया। इस दौरान सपा नेता विजय रावत ने कहा कि जल्द कटान रोकने की व्यवस्था नहीं कराई गई तो हम सभी लोग धरना देने का काम करेंगे। पिछले दस सालों से भाजपा की सरकार है और किसानों की हजारों एकड़ फसल नदी में विलीन हो गई है। प्रशासन द्वारा कटान रोकने की कोई व्यवस्था नही कराई गई अगर इसी तरह कटान होता रहा तो किसान भूमिहीन हो जाएगे। एक सप्ताह के अंदर कटान रोकने की व्यवस्था नहीं कराई गई व सरयू नदी पर चार नाव चलाने की व्यवस्था नहीं कराई गई तो हम सभी लोग आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। जिसकी पूरी ज़िम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस दौरान मुख्य रूप से , सुमन निषाद, राजू निषाद, सलीम अंसारी, विकास यादव, आदित्य कुमार, विरेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

## रामनगरी से दिनदहाड़े बाइक चोरी

अयोध्या। अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में सक्रिय वाहन चोरों ने दिनदहाड़े एक बाइक पर हाथ साफ कर दी। पीड़ित ने शिकायत पुलिस को दी है। शिकायत में पीड़ित दीपक शर्मा का कहना है कि बाजार के पास एक मंदिर में प्रसाद ग्रहण करने गए थे। अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी की थी। प्रसाद ग्रहण करने के बाद वापस निकले तो मौके से बाइक गायब मिली।

# सत्ता की सियासत में कमजोर हुई टीएमसी



मनोज बाजपेयी



चुनावी हार-जीत सियासत का सबसे प्रमुख हिस्सा होता है। पार्टियां संघर्ष से सत्ता तक पहुंचती हैं और सत्ताजनित बुराइयां जब पार्टियों के अंदर बहुत गहरे तक घुस जाती है, तो उन्हें जनाक्रोश का सामना भी करना पड़ता है। लेकिन चुनावी हार से अगर पार्टी का अस्तित्व ही संकटग्रस्त हो जाये, तो माना जायेगा कि पार्टी किसी वैचारिक-सैद्धांन्तिक आधार पर काम करने के बजाय महज सत्ता की सियासत कर रही थी। जब तक सत्ता थी तब तक नेता-कार्यकर्ता साथ थे और जब सत्ता गयी तो सुख-सुविधा की सियासत करने वाले फायदे वाली जगह ठौर-ठिकाना ढूंढने लगे। टीएमसी में यही हो रहा है। पश्चिम बंगाल विधान सभा के नतीजे 4 मई को आये थे और एक महीने के अंदर पार्टी के विधायकों ने ममता बनर्जी की पसंद को दरकिनार कर अपना नया नेता चुन लिया। खबरें तो यहां तक आ रही हैं कि टीएमसी का संसदीय दल भी शीघ्र ही बंट जायेगा। जैसे महाराष्ट्र में एनसीपी, शिवसेना में असली-नकली का संघर्ष हुआ वैसी ही स्थिति अब पश्चिम बंगाल में है। ममता बनर्जी को चुनावी हार के बाद टीएमसी में असली-नकली के संघर्ष से जूझना पड़ रहा है। पार्टी की भारी पराजय और आंतरिक कलह ने ममता बनर्जी का कद राष्ट्रीय राजनीति में बहुत छोटा कर दिया है। कल तक इंडिया गठबंधन उनको साथ जोड़ने के लिए मिन्नतें करता था, लेकिन आज ममता बनर्जी खुद इंडिया गठबंधन के सामने याचक की मुद्रा में हैं। कुल मिलाकर ममता बनर्जी की सियासी हैसियत अर्श से फर्श वाली हो गयी है।

> चार मई से पहले ममता बनर्जी विपक्ष में सबसे ताकतवर थीं। इंडिया गठबंधन उनको साथ जोड़ने के लिए मिन्नतें करता था, लेकिन आज ममता बनर्जी खुद इंडिया गठबंधन के सामने याचक की मुद्रा में हैं। कुल मिलाकर बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद ममता बनर्जी की सियासी हैसियत अर्श से फर्श वाली हो गयी है।

चार मई से पहले इंडिया गठबन्धन में ममता बनर्जी को सबसे ताकतवर माना जाता था। वे अपने दम पर पिछले पन्द्रह साल से सत्ता पर काबिज थीं। उन्होंने बंगाल की शक्ति शाली पार्टी सीपीएम, जो लगातार पैंतीस साल से बंगाल पर एक छत्र राज कर रही थी, को पराजित किया था। कांग्रेस को बंगाल में धूल चटा दी थी। मई 2026 के विधानसभा चुनाव में वे हार गयीं। लेकिन हार का अर्थ यह नहीं कि सीपीएम और कांग्रेस की तरह वह शून्य पर सिमट गयीं हैं। विधानसभा में तृणमूल कांग्रेस को अस्सी सीटें प्राप्त हुईं। अभी भी संसद में उसके पास चालीस से अधिक सांसद हैं। लेकिन उसके पास इस बार केवल एक चीज छिन्न गयी। ममता बनर्जी इतने विधायक नहीं जिता पायीं कि वे चौथी बार मुख्यमंत्री बन सकें। यह भी कोई अनोखी बात नहीं है। राजनीति में हार-जीत लगी रहती है। इसलिए राजनीति में इसे सामान्य घटना ही माना जाता है।

विमर्श

आखिर कांग्रेस ही कितने साल से लगातार हार रही है। चार प्रदेशों को छोड़ कर वह किसी भी प्रदेश में सत्ता में नहीं है। केरल में दस साल बाद सीपीएम सत्ता से बाहर हो गई है। लेकिन पार्टी सामान्य तरीके से काम-काज कर रही है। भाजपा की शुरूआत दो सीटों से हुई थी। फिर लगातार तीन बार देश की सबसे बड़ी पार्टी बनी और केन्द्र की सत्ता में रही। लेकिन 2004-14 तक सत्ता से बाहर रही। लगातार दो चुनाव हारी लेकिन फिर कमबैक किया। लोकतंत्र में चुनावी हार-जीत तो होती ही रहती है। पर तृणमूल कांग्रेस के मामले में बिल्कुल उलटा हो रहा है। सत्ता की डोर टूटते ही मानो भूकम्प आ गया हो। तृणमूल की जड़ें हिल गयी हैं। जगह जगह नगरपालिकाओं से, पंचायतों से, नगर निगमों से तृणमूल के सदस्य ममता को अपने इस्तीफे भेज रहे हैं। यहां तक कि कोलकाता नगर निगम के महापौर ने भी ममता से क्षमा मांग कर पद से इस्तीफा दे दिया है, जबकि निगम में तृणमूल का बहुमत अभी भी है। तृणमूल के जिन नेताओं ने सरकारी स्कीमों का लाभ देने के लिए लाभार्थियों से कट मनी (रिश्वत) ली थी, वे लाउड स्पीकर लगा कर सार्वजनिक रूप से वह वापस कर रहे हैं। जिन भवनों पर तृणमूल के लोगों ने वर्षों से बलपूर्वक कब्जा कर रखा था, वे स्वयं खाली कर रहे हैं। कोलकाता में पार्टी के एक प्रवक्ता ने, जो मीडिया में गाली गलौज की भाषा में धमकाते रहते थे। उन्होंने चुनाव परिणाम आते ही यह कहते हुए क्षमा मांग ली कि यह उसे पार्टी के आदेश पर करना पड़ रहा था। ममता बनर्जी को शायद इतने पर भी इस बात का अंदाजा नहीं हो पाया कि बंगाल की आम जनता उनके कितनी खिलाफ है। एक सप्ताह पूर्व उन्होंने एलान कर दिया कि वे विशाल विरोध प्रदर्शन करेंगी, जैसा कि वे मुख्यमंत्री रहते हुए प्रायः करती रहती थीं। लेकिन उनके इस विरोध प्रदर्शन में जनता तो क्या, पार्टी के सांसद व विधायक भी नहीं पहुंचे। मीडिया और सुरक्षा बलों के लोग ज्यादा थे, आम जनता कम थी। जनता के आक्रोश की स्थिति यह हो गई है कि पार्टी के नेताओं का बाहर निकलना मुश्किल हो गया।

ममता बनर्जी खुद कोर्ट पहुंची तो लोगों ने चोर-चोर के नारे लगाने शुरू कर दिए। इतना ही नहीं, ममता बनर्जी ने विधानसभा अध्यक्ष को लिख कर दिया कि पार्टी की ओर से विधानसभा में विधायक दल के नेता सेवन देव चट्टोपाध्याय विपक्ष के नेता होगा। लेकिन पार्टी के अस्सी में से 58 विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष को लिख कर दिया कि कि उनका नेता ऋतब्रत बनर्जी होंगे न कि चट्टोपाध्याय। विधानसभा अध्यक्ष ने बहुमत के आधार पर ऋतब्रत बनर्जी को विपक्ष के नेता के तौर पर मान्यता भी दे दी। ममता ने लोकसभा में कल्याण मुखर्जी को पार्टी का नेता मनोनीत किया, लेकिन पार्टी की ही एक महिला सांसद ने अध्यक्ष को लिखा कि मुखर्जी ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया है। लेकिन क्या कारण है कि पन्द्रह साल की सत्ता, संसद में चालीस सदस्य, विधानसभा में अस्सी विधायक, इस सबके बावजूद पार्टी ताश के पत्तों की तरह बिखर रही है? दरअसल जब कोई पार्टी राजनीतिक न रह कर, सत्ता के बल पर केवल लूट-खसोट करने का गिरोह मात्र बन जाये, तो सत्ता का गोंद हटते ही उसका बिखरना स्वाभाविक है। किसी भी राजनीतिक दल में उसके सदस्य और समर्थक किसी विचारधारा के कारण संगठित होते हैं। उनके पास देश और समाज को लेकर एक दृष्टि होती है। वह दल उस विचारधारा को लेकर आगे बढ़ता है। इसलिए उसकी प्रेरणा का स्रोत उसकी विचारधारा होती है न कि सत्ता। सत्ता प्राप्ति की कामना और प्रयास राजनीतिक दल इसलिए करता है कि उसे अपनी विचारधारा के अनुरूप समाज और राष्ट्र का निर्माण करना है। यही कारण है कि विचारधारा आधारित दल पराजय में बिखरते नहीं हैं बल्कि और सुसंगठित होते हैं। इसके विपरीत लोकतंत्र में ऐसे भी कुछ समूह संगठित हो जाते हैं जिनका सत्ता प्राप्ति का उद्देश्य भौतिक साधनों की लूट, सत्ता का सुख और उससे उत्पन्न अहंकार की तुष्टि ही रह जाता है।

ऐसे संगठन, समूह या गिरोह जब सत्ता प्राप्त कर लेते हैं तो स्वाभाविक ही गिरोह में अपनी-अपनी हैसियत के हिसाब से जन सामान्य को लूटते हैं या फिर लूट के सामान में से अपना हिस्सा बटोरते हैं। इस व्यवस्था में एक पूरा नैकसस बन जाता है। वह नैकसिस सत्ता के बल पर आम जनता में अपना दबदबा बनाता है। उसी के बल पर संगठन या गिरोह को जिताता है और उसके बाद अपनी हिस्सेदारी हासिल करता है। बंगाल में ममता बनर्जी के राज में लगभग यही व्यवस्था स्थापित हो गई थी। यही कारण है कि जैसे ही सत्ता हाथ से फिसली, वैसे ही ममता बनर्जी के सियासी गिरोह के कल पुर्जे बिखरने लगे। यह स्वाभाविक ही था। संघर्ष करने की ऊर्जा विचार से आती है, सत्ता से नहीं। जिस दल की कोई विचारधारा नहीं होती, जिसका लक्ष्य केवल सत्ता हथियाना होता है, सत्ता जाने पर उसका बिखरना स्वाभाविक है।

(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)

## प्रकृति से संतुलन जरूरी

विश्व पर्यावरण दिवस बीते पांच जून को पूरी दुनिया में मनाया गया। मानव के समक्ष पर्यावरणीय खतरों के प्रति चिंताएं व्यक्त की गयीं, लेकिन ग्लोबल वार्मिंग के खतरों के प्रति आज जिस तरह पूरी दुनिया बेपरवाह है, धरती की बढ़ती गर्मी को रोकने के लिए ठोस उपाय नदारद हैं, उससे तो यही लगता है कि अब पर्यावरण की चिंता किसी को नहीं है। विश्व पर्यावरण दिवस 2026 का मुख्य विषय प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए रखा गया था। यह विषय इस बात पर बल देता है कि जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौती का समाधान प्रकृति के साथ संतुलित संबंध स्थापित करके ही संभव है। आज जब पृथ्वी बढ़ते तापमान, प्रदूषण, जैव-विविधता के क्षरण और प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रही है, तब यह विषय पूरी मानवता को चेतावनी भी देता है और समाधान की दिशा भी दिखाता है। विश्व पर्यावरण दिवस प्रत्येक वर्ष 5 जून को मनाया जाता है। यह दिवस केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने तक सीमित नहीं है, बल्कि मानव सभ्यता को उसके भविष्य के प्रति सचेत करने का अवसर भी है। आज पूरी दुनिया जिस पर्यावरणीय संकट का सामना कर रही है, वह किसी एक देश, क्षेत्र या समुदाय की समस्या नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के अस्तित्व से जुड़ा प्रश्न बन चुका है। आधुनिक विकास की अंधी दौड़ में मनुष्य ने प्रकृति का इतना अधिक दोहन किया है कि पृथ्वी का प्राकृतिक संतुलन लगातार बिगड़ता जा रहा है। बढ़ता तापमान, अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़, भूस्खलन, समुद्री तूफान, वनाग्नि और जैव विविधता का क्षरण इस बात के संकेत हैं कि प्रकृति अब अपने धैर्य की सीमा पार कर चुकी है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं



उठाए गये तो आने वाले दशकों में पृथ्वी पर जीवन के लिए परिस्थितियां और अधिक चुनौतीपूर्ण हो सकती हैं। पिछले लगभग पांच दशकों में पर्यावरण संरक्षण के लिए अनेक अंतरराष्ट्रीय प्रयास किए गए हैं। वर्ष 1972 में स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में आयोजित मानव पर्यावरण सम्मेलन को वैश्विक पर्यावरण आंदोलन की शुरूआत माना जाता है। इसके बाद 1992 में ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में पृथ्वी शिखर सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें सतत् विकास की अवधारणा को वैश्विक मान्यता मिली। वर्ष 1997 का क्योटो प्रोटोकॉल और 2015 का पेरिस जलवायु समझौता भी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास रहे। इसके अतिरिक्त विभिन्न जलवायु सम्मेलनों में देशों ने कॉर्बन उत्सर्जन कम करने और वैश्विक तापवृद्धि को नियंत्रित करने के अनेक वादे किए। किंतु इन सम्मेलनों का वास्तविक निष्कर्ष यही रहा कि राजनीतिक घोषणाएं और वास्तविक क्रियान्वयन के बीच अब भी बड़ा अंतर मौजूद है। आर्थिक विकास की प्रतिस्पर्धा में अधिकांश देश पर्यावरणीय प्रतिबद्धताओं को पूरी तरह लागू नहीं कर पाये हैं। परिणाम स्वरूप वैश्विक तापमान लगातार बढ़ रहा है और जलवायु परिवर्तन का संकट गहराता जा रहा है। आज विश्व के अनेक क्षेत्र गंभीर पर्यावरणीय संकट का सामना कर रहे हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि यदि वर्तमान प्रवृत्तियां जारी रहीं तो आने वाले वर्षों में प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति और तीव्रता दोनों बढ़ेगी। भारत भी इस संकट से अछूता नहीं है। देश में प्राकृतिक संसाधनों पर अत्यधिक दबाव है लेकिन इन चुनौतियों के बीच ही देश को रास्ता निकालना होगा। लोगों की जरूरतें भी पूरी करनी है, विकास को भी आगे बढ़ाना है, लेकिन साथ ही धरती को हरा-भरा बनाये रखने के संकल्प को भी आगे बढ़ाना होगा ताकि पर्यावरणीय संतुलन बना रहे।

### विचार

जो तमाम इच्छाओं से ऊपर उठ गया है, उसके द्वारा भलाई सदा इस तरह अनजाने, सहज और स्वाभाविक तौर से होती रहती है जैसे फूल से खुशबू और सितारों से रोशनी निकलती रहती है।

–स्वामी रामतीर्थ.

छोटों के साथ सद्व्यवहार करके ही बड़ा मनुष्य अपने बड़प्पन को अच्छी तरह से प्रकट कर सकता है।

– कार्लाइल.

यदि हम गिरते हैं तो और अधिक अच्छी तरह से चलने का रहस्य भी सीख जाते हैं।

–महर्षि अरविन्द.

आत्मा अमर है, न उसका जन्म है न मृत्यु है। यह नित्य है और अनादि काल से चली आ रही है। किसी शरीर की मृत्यु होने पर भी उसकी मृत्यु नहीं होती है।

–श्रीमद्भागवतगीता.

### सोशल मीडिया

हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक व धर्मध्वज रक्षक छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक दिवस की शुभकामनाएं। स्वसंस्कृति के प्रति अटूट समर्पण ने शिवाजी को छत्रपति बनाया। अमितशाह.



देश की राजधानी दिल्ली के मालवीय नगर के एक होटल में आज हुआ भीषण अग्निकांड अति दुर्भाग्यपूर्ण है, इसमें हुई मौते तथा घायल होने की घटना भी अत्यंत ही दुखद है। मायावती.



वित्तमंत्री सीमारमण एवं जीएसटी काउंसिल से मेरा अनुरोध है कि लाखों लोगों का कम खर्च में मनोरंजन करने वाली जादू कला को जीएसटी से मुक्त कर लोगों को राहत दें। अशोक गहलोत.



## शाश्वत आनन्द

### अंतर्दृष्टि

अकेलापन अनुभव होने पर क्या करें? अकेलापन महसूस करना कैसे बंद करें? यहाँ अच्छी बात यह है कि अकेलेपन से बाहर आने के लिए कुछ सरल, व्यावहारिक उपाय हैं। स्वीकार करना : कुछ लोग अपने दुख को भूलने के लिए, दूसरी क्रियाओं में जैसे सिनेमा देखना, खाना खाने इत्यादि में खुद को मग्न कर देते हैं। हालाँकि, ये केवल थोड़ी देर का विकर्षण है जो व्यक्ति को व्यस्त महसूस कराते हैं, अकेलेपन से एक लाक्षणिक राहत देते हैं। हालाँकि, जब कोई देखना या खाना बंद कर देता है, तो अकेलेपन की वही अनुभूति फिर से सामने आती है। इसका अर्थ यह है कि हम इस अनुभूति को स्वीकार नहीं कर रहे हैं बल्कि इससे दूर भाग रहे हैं। इस प्रकार, मैं अकेला महसूस कर रहा हूँ को स्वीकार करना इसे दूर करने का पहला कदम है। तभी हमें इससे बाहर निकलने का उपाय मिल सकता है। नेगेटिव विचारों का सामना करनाः नेगेटिव विचार हमे तभी तक वश में करते है जब तक हम उन्हें अपने भीतर रहने देते हैं। उनकी बात नहीं सुनना और तुरंत उन्हें पॉजिटिव विचारों में परिवर्तित करने से हमारे निश्चिय और आत्मविश्वास को बेहतर बनाने में मदद करता है। सही समझ और पॉज़िटिविटी यहाँ प्रतिकार का काम करती है। यदि हम इनका उपयोग नहीं करेंगे तो हम इस नेगेटिविटी से कभी बाहर नहीं आ पाएँगे। जीवन के समान अवस्था से गुजरने वाले महान लोगों की जीवन की प्रसंगो को प्रकाशित करने वाली आत्मकथाओं और पुस्तकों को पढ़कर, हम सही समझ और सकारात्मकता दोनों प्राप्त कर सकते हैं। तो अब, यदि आप अकेलापन अनुभव करते हैं, तो इससे निपटने के मार्ग के साथ-साथ इन स्रोतों से भी प्रेरणा लें। खुद के बारे में गलतफहमी के साथ-साथ खुद की अज्ञानता से छुटकारा पाने की यह मुख्य चाबी है। जब हमें आत्मज्ञानी पुरुष से पता चलता है कि हम कौन हैं (हमारी वास्तविक पहचान), तब गहरा अँधेरा आंतरिक शान्ति में परिवर्तित हो जाता है। इस प्रकार, आत्म-साक्षात्कार अकेलेपन को रोकने का सबसे प्रभावशाली तरीका है। भीतर से आंतरिक आनंद की अनुभूति होती है और आत्म-साक्षात्कार के बाद गलत या नकारात्मक भावनाओं से लड़ने की शक्ति दोगुनी हो जाती है। यह प्रत्यक्ष ज्ञानीपुरुष की कृपा के माध्यम से ही होता है। हजारों लोगों ने आत्म-साक्षात्कार के माध्यम से इस शाश्वत आनंद का अनुभव किया है।

## हर तरफ आ रहा समाजवाद

### व्यंग्यलोक

सरकार ने भरसक प्रयत्न किया था कि देश में समाजवाद आ जाये, परन्तु पता नहीं कैसे नहीं आया। अब सरकारें तो किसी अच्छे काम के लिए प्रयत्न ही कर सकती हैं। कुछ समाजवाद की भी गलती है कि यह हमारे देश में जाने क्यों आना ही नहीं चाहता, जबकि हमारे यहाँ तो समाजवादी भी हैं और समाजवादी पार्टी भी। फिर भी नये सिरे से लाने के लिए लोग पुनः सचेष्ट हो गये हैं। मुझे लगता है कि यदि इसी तरह लगे रहे तो वह दिन दूर नहीं है, जब समाजवाद हर क्षेत्र में आ ही जायेगा। इधर सांसद भी समाजवाद की ओर अग्रसर हो गये हैं, पहले केवल काम करने की रिश्वत सरकारी कर्मचारी ही लेता था, लेकिन अब सांसद, मंत्री और तमाम राजनेता इस ओर पूरी ईमानदारी से चेष्टा कर रहे हैं। यदि रिश्वत का सार्वजनिकी करण हो जाता है तो यह समाजवाद ही है। सभी को रिश्वत लेने का अवसर हाथ लग जाये और उन पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हो तो यह हमारे लिए समाजवाद के सन्निकट ले जाती है। भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की प्रासंगिकता बिलकुल नहीं रही है। जांच आयोगों का हश्र हम लोग देख ही रहे हैं। रिश्वतखोर, घोटालेबाज तथा दलालों को समान दृष्टि से देखा जाना ही समाजवाद का पर्याय है। युग बदला है तो समाजवाद के मायने भी बदल गये हैं। समाजवाद अब हर कोई लाने पर उतारू है। सरकार का किसी पर कोई नियंत्रण नहीं है और सबको सभी की मेहनत का फल बराबरी से मिल रहा है। अब लोग कर्तव्यों को भूलकर अपने अधिकारों के प्रति इतने जागृत हो गये हैं कि समाजवाद का सा वातावरण सब ओर दिखाई देने लगा है। अब समाजवाद को कहीं से उधार लाने की आवश्यकता नहीं है, अपितु हमारी सरकारें भी सबको समान अवसर देने का संकल्प कर चुकी हैं। मनमानी को ही लें, हर नागरिक इसे तहेदिल से अपना चुका है और मनमानी में लगभग समाजवाद पूरी तरह आ चुका है। पुलिस और चोर मिलकर एक बीड़ी फूंक रहे हैं। राजनेता बाहुबलियों को लेकर सत्तातंत्र पर हावी हैं। डॉन्स से दोस्ती रखना फख्र की बात माने जाने लगी है और वे मिल-बैठकर अपनी स्वार्थ सिद्धी में लगे हैं। यह हमारे समाजवाद का ही प्रतिफल है। जो लोग बी.पी.एल. हैं, उनके बारे में तो बात करना ही बेमानी है। ये लोग इतने ढ़ीठ हो गये हैं कि आजादी के छह दशक बाद भी अपने आप को नहीं उठा सके हैं। इनके कारण बड़ा शर्मिन्दा होना पड़ता है। वरना सरकार ने तो गरीबी हटाओ का कार्यक्रम इतने जोरों से चला रखा है कि इसे अब तक ऊपर आ जाना ही चाहिए था। इससे नेताओं की गरीबी तो सात पुश्तों तक के लिए मिट गई है, परन्तु इन गरीबों की गरीबी अभी तक पीछा नहीं छोड़ रही। इसलिए इन्हें छोड़कर अन्य लोगों में समाजवाद लगभग पूरी तरह आ गया है।



पूरन सरमा

## संस्कृति, संगीत और रंगों की महफिल फिर सजेगी



शिमला समर फेस्टिवल

जून की तपती गर्मी जब उत्तर भारत के मैदानी इलाके को झुलसाने लगती है, तब हिमालय की गोद में बसा शिमला एक बार फिर रंगों, संगीत और लोक संस्कृति के उत्सवी खुमार में डूब जाता है। 8 से 12 जून 2026 तक आयोजित होने वाला इंटरनेशनल शिमला समर फेस्टिवल इस बार केवल एक पर्यटन आयोजन नहीं बल्कि हिमाचल की सांस्कृतिक पहचान और लोकजीवन का एक बड़ा उत्सव बनकर सामने आ रहा है।

शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान और माल रोड पर होने वाला यह पांच दिनों का सांस्कृतिक महोत्सव देशभर के पर्यटकों, कलाकारों और संस्कृति प्रेमियों को आकर्षित करेगा। 1960 में शुरू हुआ यह उत्सव हिमाचल प्रदेश के सबसे पुराने सांस्कृतिक आयोजनों में गिना जाता है। इसकी शुरूआत राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय संस्कृति को मंच देने के उद्देश्य से की गई थी। समय के साथ यह आयोजन इतना लोकप्रिय हो गया कि आज इसे उत्तर भारत के प्रमुख ग्रीष्मकालीन सांस्कृतिक महोत्सव में शामिल किया जाता है। इस साल का यह आयोजन कई दृष्टियों से खास और अलग है। प्रशासन के मुताबिक पांच दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में लोकनृत्य, संगीत प्रस्तुतियां, कला प्रदर्शनियां, फूल प्रदर्शनी, महिला फूड फेस्टिवल, पारंपरिक पहाड़ी फैशन शो और विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झलकियां देखने को मिलेंगी। इसके साथ ही पहली बार 'राइड ऑफ सेवन हिल्स' नामक हेलिकॉफ्टर जॉय राइड भी शामिल की जा रही है, जिसके जरिये पर्यटक शिमला की सात पहाड़ियों का हवाई दृश्य देख सकेंगे। शिमला समर फेस्टिवल की सबसे बड़ी पहचान उसकी सांस्कृतिक विविधता है। यहां केवल हिमाचली लोककला ही नहीं बल्कि देश के विभिन्न राज्यों की लोक परंपराएं भी एक मंच पर दिखायी देती हैं। इस बार उत्तराखंड का चोलिया नृत्य, जम्मू कश्मीर का गोजरी नृत्य, राजस्थान का भवई नृत्य, हरियाणा का घूमर नृत्य और तिब्बती सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को भी शामिल किया गया है। इससे यह आयोजन मिनी इंडिया का रूप लेता दिखायी देता है। हिमाचल की प्रसिद्ध महानाटी और पारंपरिक नाटी नृत्य इस उत्सव का मुख्य आकर्षण माने जाते हैं। नाटी केवल एक लोकनृत्य नहीं बल्कि पहाड़ी समाज की सामूहिक सांस्कृतिक स्मृति है, जब सैकड़ों कलाकार एक साथ पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य करते हैं, तो पूरा रिज मैदान जीवंत लोकचित्र में बदल जाता है। यही दृश्य हर वर्ष हजारों पर्यटकों को आकर्षित करता है। संगीत प्रेमियों के लिए यह महोत्सव खास रहने वाला है। आयोजकों के अनुसार लोकप्रिय गायकों और लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां हर शाम आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा युवा कलाकारों को भी मंच दिया जायेगा। यह पहल स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पहचान दिलाने में मदद करती है। ये उत्सव केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है। इसके माध्यम से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलती है। होटल, टैक्सी, रेस्त्रां, हस्तशिल्प व्यवसाय और स्थानीय बाजारों में पर्यटकों की संख्या बढ़ने से आय में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। शिमला का प्रसिद्ध लक्कड़ बाजार, हस्तनिर्मित लकड़ी के उत्पादों और स्थानीय शॉलों के लिए जाना जाता है, जहां इस दौरान विशेष भीड़ दिखाई देती है। फूड फेस्टिवल भी इस आयोजन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यहां पर पर्यटकों को पारंपरिक हिमाचली व्यंजन जैसे सिड्डु, मदरा, बबरू और धाम का स्वाद लेने का अवसर मिलता है।

आज जब भारत में क्षेत्रीय व्यंजनों के प्रति रुचि बढ़ रही है, तब ऐसे आयोजन स्थानीय खानपान संस्कृति को नई पहचान दे रहे हैं। फूल प्रदर्शनी और कला उत्सव भी इस बार आकर्षण का केंद्र रहेंगे। दुर्लभ पहाड़ी फूलों की अनेक प्रजातियों और स्थानीय कलाकारों की कृतियों को देखने के लिए यहां बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। इस तरह यह आयोजन प्रकृति, कला और संस्कृति को एक साथ जोड़ता है। विशेषज्ञों का मानना है कि शिमला समर फेस्टिवल केवल एक पर्यटन कार्यक्रम नहीं है बल्कि सांस्कृतिक संरक्षण का महत्वपूर्ण माध्यम है। तेजी से बदलती जीवन शैली और डिजिटल मनोरंजन के दौर में ऐसे आयोजन स्थानीय परंपराओं को जीवित रखने का काम करते हैं। युवा पीढ़ी यहां लोकनृत्य, लोकसंगीत और क्षेत्रीय कलाओं से परिचित होते हैं, जिससे सांस्कृतिक विरासत आगे बढ़ती है। शिमला का रिज मैदान स्वयं इस उत्सव की आत्मा है। ब्रिटिश काल से यह जगह सांस्कृतिक गति विधियों का केंद्र रही है। **धीरज बसाक.**

## आप की बात

### स्मार्ट सिटी से तेज होगा विकास

भारत का आधुनिक विकास और स्मार्ट सिटी का निर्माण अवसरों को बढ़ाने में सहायक होंगे। स्मार्ट सिटी से देश का विकास तेज होगा। आधुनिक शहर आज अवसरों के हब बनकर उभरें हैं। इसलिए जैसे-जैसे शहर विकसित होंगे, उसी गति से अवसरों का विकास भी होगा। देश में स्मार्ट सिटी परियोजना कई वर्षों से चल रही है लेकिन उसमें कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रही है। शहरों के बढ़ते आकार के मद्देनजर विकास प्राधिकरणों की स्थापना इस उद्देश्य से की गयी थी कि शहरों का नियोजित विकास हो ताकि बड़ी संख्या में लोगों को शहरों में घर मिल जाये और नागरिक सुविधाओं को भी बेहतर तरीके से प्रबंध किया जा सके। लेकिन स्थानीय निकायों एवं प्राधिकरणों की अकुशलता और भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण शहरों के विकास का दायित्व प्रापर्टी डीलरों के जिम्मे आ गया और नागरिक सुविधाओं की जिम्मेदारी ठेकेदारों के पास पहुंच गयी है। उत्तर प्रदेश में करीब 78 फीसद से अधिक आबादी अभी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए भविष्य में आर्थिक विकास के साथ शहरीकरण तेज होगा। उत्तर प्रदेश में शहरीकरण का दौर अभी शुरुआती अवस्था में ही है। ऐसे में शहरों का दायरा तेजी के साथ बढ़ेगा लेकिन जन सुविधाओं और विकास की बात करें तो आज तक न तो स्थानीय निकाय तैयार दिखते हैं और न ही विकास प्राधिकरण। हर दिन यह खबर पढ़ने को मिल जायेगी कि एलडीए इस योजना में इतने सौ एकड़ की आवासीय परियोजना विकसित करेगा, इस योजना में इतने एकड़ की, लेकिन हकीकत यह है कि एक-दो दशक तक तो परियोजनाएं विवाद में ही लटकती रहती हैं। इसका फायदा उठाते हैं प्रापर्टी डीलर। प्रापर्टी डीलर किसानों से जमीन एग्रीमेंट कराकर जैसे-तैसे निशान बनाकर प्लाट काटकर बेच देते हैं। ऐसी अनियोजित बस्तियों में न सड़क होती है, न सीवर लाइन, न नाली। पार्क, स्कूल, अस्पताल जैसे बुनियादी सुविधाओं के लिए भी कुछ नहीं होता है। आज लखनऊ को जोड़ने वाली जिलों की किसी भी सड़क पर चले जायें। चाहे रायबरेली रोड हो। फैजाबाद रोड हो, हरदोई रोड हो या सीतापुर रोड अथवा सुलतानपुर रोड, लखनऊ से पन्द्रह-बीस किलो मीटर आगे तक प्लाटिंग हो चुकी है। कहीं भी नियोजित विकास की संभवना नहीं बची है। यह सब विकास प्राधिकरण और आवास विकास की असफलता है। हर दिन नयी योजनाएं विकसित करने की योजना बनाने वाला एलडीए और आवास विकास लखनऊ में घर बनाने के लिए एक गरीब को पैसे लेकर भी 30, 40 मीटर का ईडब्ल्यूएस, एलआईजी प्लाट नहीं दे पा रहा है। दूसरी तरफ बहुमंजिली इमारतें लगातार बढ़ रही हैं।

**अखिलेश श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### बढ़ती असमानता

देश में आर्थिक असमानता को कम करना जरूरी है, देश का विकास ठीक से हो सकता है। बेरोजगारी, आर्थिक असमानता और गरीबी जैसी चुनौतियां प्रगतिशील दुनिया में अधिक रहती हैं। इन चुनौतियों की मौजूदगी में महंगाई बहुत पीड़ादायक हो जाती है। यह भी कि महंगाई सबसे गरीब तबके को जितना प्रभावित करती है, उससे कुछ ज्यादा ही निम्न मध्यम वर्ग पर असर डालती है। कारण यह है कि सबसे गरीब तबका पढ़ाई, दवाई और दैनिक जीवन की अन्य जरूरतों को पूरा करने में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से थोड़ा-बहुत आच्छादित होता है। जबकि निम्न मध्यम वर्ग के आय का अधिकांश हिस्सा पढ़ाई, दवाई, ईएमआई पर चला जाता है। ऐसे में खाने-पीने की चीजों, दैनिक जरूरतों और ऊर्जा आदि में महंगाई इस वर्ग को बहुत परेशान करती है। खाद्यान्न महंगाई की फिलहाल काफी हद तक नियंत्रित है, लेकिन पेट्रोल, डीजल, दूध, इलाज और इन सबसे बढ़कर रसोई गैस के दाम सर्वाधिक परेशान कर रहे हैं। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने उज्ज्वला गैस कनेक्शन पर राहत देते हुए कुछ सस्ता किया है।

**प्रमोद कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## अपना दल एस ने संगठन विस्तार को दी गति

**फतेहपुर।** राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार पार्टी कार्यालय में शैलेन्द्र पटेल जिला अध्यक्ष के अध्यक्षता मे मासिक बैठक संपन्न हुई। जिसका संचालन जिला उपाध्यक्ष बृजेश पाल ने किया जिसमे मुख्य बिंदु पिछले कार्यवाही की समीक्षा, सक्रिय सदस्यता अभियान पर विशेष रूप से चर्चा, पंचायत चुनाव पर चर्चा एंड समीक्षा, बनाए गए सदस्यता की समीक्षा जनपद फतेहपुर में निवास करने वाले सभी राष्ट्रीय प्रादेशिक जिला विधान सभा, जोन सेक्टर बूथ सभी बिंदु पर चर्चा हुई और हर घर नेम प्लेट वा झंडा 2027विधान सभा चुनाव की तैयारी आदि की चर्चा 02जुलाई को डॉ सोनेलाल पटेल के जन्मजयंती दिवस पर जिले से सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ता की उपस्थिति अनिवार्य हैं शैलेन्द्र पटेल बृजेश पाल, लाईक अहमद, शिव प्रकाश रावत, लाखन सिंह पटेल वीरेन्द्र सिंह पटेल योगेन्द सिंह राणा, दीपू पटेल पदम सिंह पटेल सुमन सिंह मौर्य नीतू गौतम प्रीति श्रीवास्तव साधना पासवान हेमन्त पटेल गुलाब सिंह पांडेय रवेंद्र प्रताप सिंह प्रभात लोधी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वही शैलेंद्र पटेल अपना दल एस जिला अध्यक्ष ने मोइन खान को जिला उपाध्यक्ष को फूल माला पहना करस्वागत किया गया है और गुलाब सिंह को जिला उपाध्यक्ष संस्कृत मंच तसीन रजा विधान सभा अध्यक्ष सदर अल्पसंख्यक बनाया गया है इस मौके पर सभी पदाधिकारी ने उनका जोरदार स्वागत किया।

## नकदी और चांदी के जेवरात ले उड़े चोर

ललितपुर। शहर के सिविल लाइंस क्षेत्र में चोरों ने एक अधिवक्ता के सूने मकान को निशाना बनाते हुए दिनदहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात चोर दरवाजे की कुंडी तोड़कर घर में घुस गए और नकदी सहित चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फूटा बंगला मैदान, सिविल लाइंस निवासी वीरेश कुमार चैबे (64 वर्ष) पुत्र शोभाराम चैबे पेशे से अधिवक्ता हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 2 जून की दोपहर वह अपनी पत्नी के साथ पेंशन संबंधी कार्य से जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) कार्यालय गए थे। लगभग डेढ़ घंटे बाद जब दोनों वापस घर लौटे तो मुख्य दरवाजे की कुंडी टूटी हुई मिली और दूसरी सांकल उखड़ी पड़ी थी। घर के अंदर प्रवेश करने पर देखा कि कमरों में रखा सामान बिखरा पड़ा था। अज्ञात चोर घर की तलाशी लेकर लगभग 100 ग्राम चांदी के आभूषण तथा 5 से 7 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए।

# जनता से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाये: बिमल कुमार

- तीन दिन में किसानों को मिले ओलावृष्टि मुआवजा, नहीं तो होगी कार्रवाई : मण्डलायुक्त
- विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश, गुणवत्ता व समयबद्धता पर जोर



**ललितपुर।** झांसी मण्डल आयुक्त एवं नोडल अधिकारी बिमल कुमार दुबे ने शनिवार को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों की योजनाओं, निमार्णाधीन परियोजनाओं तथा प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी द्वारा पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति का जायजा लिया। बैठक में मण्डलायुक्त ने सभी विभागों की परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्थाओं और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने ओलावृष्टि एवं प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को मुआवजा वितरण की स्थिति पर नाराजगी जताई। उन्होंने बताया कि जनपद में 5070 किसानों के दावों का सर्वे पूरा हो चुका है और जिला स्तर की सभी औपचारिकताएं भी पूर्ण हो गई हैं, इसके बावजूद कई किसानों के खातों में मुआवजा राशि नहीं पहुंची है। इस पर उन्होंने बैठक में मौजूद बीमा कंपनी के प्रतिनिधि को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि शेष किसानों के खातों में अगले तीन दिनों के भीतर मुआवजा राशि जारी की जाए, अन्यथा संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उद्यान विभाग की समीक्षा के दौरान जिला उद्यान अधिकारी को निर्देश दिए गए कि गत वर्ष के मुकाबले कम से कम 10 प्रतिशत अधिक लक्ष्य निर्धारित करते हुए एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाया जाए। वहीं विद्युत विभाग की समीक्षा में मण्डलायुक्त ने झटपट पोर्टल पर लंबित विद्युत संयोजन आवेदनों पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण कर नए कनेक्शन जारी करने तथा जनपद में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। बैठक में मण्डलायुक्त ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप उनकी कार्यशैली और सेवाओं की गुणवत्ता में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यदि कोई व्यक्ति कार्यालय से असंतुष्ट होकर लौटता है तो यह प्रशासनिक जिम्मेदारियों के निर्वहन में कमी को दशार्ता है। यदि किसी समस्या का समाधान संबंधित विभाग में संभव न हो तो आवेदक का उचित मार्गदर्शन किया जाए और आवश्यकता पड ? पर उसे संबंधित अधिकारी या विभाग तक पहुंचाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने स्टेकहोल्डर्स के साथ नियमित बैठकें करें तथा विभागीय योजनाओं, सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों और उपलब्धियों की जानकारी गांव-गांव और आम जनता तक पहुंचाएं, ताकि अधिकाधिक लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। बैठक में एसपी मो. मुश्ताक, डीएफओ, सीएमओ, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य, डीआईओएस, बीएसए, डीआईओ, डीपीओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्लॉट पर कब्जे का विरोध करने पर बुजुर्ग से मारपीट

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिलगन में भूमि विवाद को लेकर एक बुजुर्ग के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि प्लॉट पर कथित अवैध निर्माण और कब्जे का विरोध करने पर पड़ोसियों ने बुजुर्ग को लात-घूंसों से पीट दिया तथा एक आरोपी ने दांत से काटकर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम सिलगन निवासी बाबू पाल (60 वर्ष) पुत्र जगू पाल का गांव में एक प्लॉट है। पीड़ित का आरोप है कि उसके प्लॉट के समीप रहने वाली इसला पत्नी नन्दकिशोर उर्फ पप्पू, उसका पुत्र सुमित तथा कैलाश पुत्र कनई बिना किसी राजस्व पैमाइश के उसके प्लॉट पर निर्माण कार्य करा रहे थे। पीड़ित के अनुसार 30 मई की सुबह जब वह अपने प्लॉट पर पहुंचे और निर्माण कार्य का विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर तीनों ने कथित रूप से उन्हें जमीन पर गिराकर लात-घूंसों से मारपीट की। मारपीट के दौरान उनके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपी सुमित ने उनके कंधे पर दांत से काट लिया, जिससे वह घायल हो गए।

## कलक्टेट पदाधिकारियों को प्रदेश उपाध्यक्ष ने दिलायी शपथ



**बांदा।** उत्तर प्रदेश मिनिस्टीयल कलक्टेट कर्मचारी शाखा का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश निगम, जिलाध्यक्ष हमीरपुर धर्मेंद्र रहे। स्थानीय अध्यक्ष संदीप सिंह, महामंत्री ज्ञानेंद्र दुबे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शाकिर अजीम, कनिष्ठ उपाध्यक्ष वैभव श्रीवास्तव, संयुक्त मंत्री सत्येंद्र सिंह, आडीटर अनुराग शुक्ला, संस्कृति एवं क्रीड़ा मंत्री बुशरा खानम, कोषाध्यक्ष धीरज कुमार मिश्रा ने शपथ ली। समारोह में पूर्व अध्यक्ष सईद अहमद, केके बाजपेयी, कृपाराम भार्गव, विनोद कुमार, राजबहादुर, कमलेश द्विवेदी, मिथलेश, जयश्री, अंजनी, महिषी, शिखा मिश्रा, पुरुषोत्तम, संतोष अहिरवार, विजय गुप्ता, रमेश सिंह, रमेश यादव, हीरालाल, अजय तिवारी, सुभाष, संतोष, जगजीवन, अनिल श्रीवास्तव, सुनील, मुईन अहमद, कैलाशचंद्र, अजीत कुमार, राजेश पांडेय, अखिलेश प्रजापति, ओमशिव, दीक्षित रहे।

## दुष्कर्म की झूठी तहरीर दिलाने पर युवक पर मुकदमा

**बांदा।** झांसी की रहने वाली एक महिला ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रार्थनापत्र दिया। तहरीर में महिला के साथ जबरन दुष्कर्म का आरोप लगाया गया था। एसपी के आदेश पर क्षेत्राधिकारी नरैनी प्रवीण कुमार ने जांच करायी तो पाया कि उक्त महिला जनपद के एक लड़के से सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क में आई थी। उस लड़के ने महिला को ब्लैकमेल करते हुए शादी का झांसा व पैसो का लालच देकर बांदा बुलाया। अपने पूर्व रंजिश के चलते कुछ व्यक्तियों के विरुद्ध फर्जी तहरीर दिलायी। पूछताछ में महिला ने उसके साथ हुई धोखाधड़ी को भी स्वीकार किया है। पूरे षड़यंत्र को रचने वाले व्यक्ति की पहचान कर ली गई है। उसकी गिरफ्तारी को टीमें लगा दी गई है। पीड़िता के साथ घटित घटना के संबंध में तहरीर प्राप्त कर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।

# सीसी रोड निर्माण के नाम पर दो बार भुगतान

- पंचायत सदस्य ने हलफनामा देकर उठायी जांच की मांग



**बांदा।** बबेरू तहसील के कायल गांव के प्रधान-सचिव ने नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए सीसी रोड का अलग-अलग निधि से दो बार भुगतान कर सरकारी धन का बंदरबाट कर लिया। ग्राम पंचायत सदस्य गौकरन ने उपजिलाधिकारी के नाम हलफनामा देकर गांव में घटिया क्वालिटी का प्रवेश द्वार लगाकर एक लाख 90 हजार रुपए निकालने, स्ट्रीट लाइट के नाम पर भारी भरकम धनराशि को खुर्दबुर्द करने की शिकायत की है। जांच कर कार्यवाही की मांग की गई है। बबेरू विकासखंड के कायल गांव प्रधान सुनीता देवी व सचिव पूजा सिंह पर विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन के बंदर बांट का आरोप है। ग्राम पंचायत सदस्य गौकरन ने उपजिलाधिकारी रेखा सियाक व सीडीओ अजय कुमार पांडेय को हलफनामा दिया। गुहार लगाई कहा कि गांव मे प्रवेश द्वारा के नाम पर बिना काम व एमबी के एक लाख 90 हजार रुपए निकालकर भ्रष्टाचार किया गया है। जब मामला उजागर हुआ तो जल्दी-जल्दी घटिया क्वालटी की समाग्री से प्रवेश द्वार तैयार करा दिया। इसकी कीमत लगभग 25 हजार से 30 हजार रुपए ही होगी। जांच कर कार्यवाही की मांग की गई है। गांव के शिवमंगल के घर से बबलू के घर तक सीसी रोड का निर्माण कार्य कराया गया था, जिसका दो बार भुगतान किया जा चुका है। फर्जी भुगतान करके रूपयों का बंदरबांट किया गया। गांव मे में स्ट्रीट लाइट के नाम पर एक लाख 93 हजार 550 रुपए रुपए निकाल लिए गए हैं। लगाई गई स्ट्रीट लाइट मानक विहीन है। जांच कर धन के रिकवरी कराये जाने की मांग की है। खंड विकास अधिकारी ओमप्रकाश द्विवेदी ने कहा कि मामले की जांच की जाएगी।

# 10 लाख के जेवरात सहित दो आरोपी गिरफ्तार

### एसपी ने पुलिस टीम को 25 हजार रुपये पुरस्कार देने की घोषणा की

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** कोतवाली पुलिस ने चोरी की एक बड़ी वारदात का महज 24 घंटे के भीतर सफल खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग 10 लाख रुपये मूल्य के चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने घटना का सफल अनावरण करने वाली टीम को 25 हजार रुपये नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देने की घोषणा की है। एसपी मो. मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं सीओ सदर सुनील कुमार भारद्वाज के पर्यवेक्षण में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने थाना क्षेत्र में दर्ज मुकदमा संख्या 631/2026 के वांछित अभियुक्तों एलान्सी मोंगिया (21 वर्ष) एवं रामसजीवन मोंगिया (38 वर्ष) को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी मूल रूप से ग्राम सिंगेपुर, थाना महरौनी के निवासी हैं और वर्तमान में चैकाबाग स्थित कच्चा टपरा क्षेत्र में रह रहे थे। पुलिस के अनुसार पीड़ित द्वारा कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि अज्ञात चोर उसके मकान की दीवार पार कर घर के अंदर घुस गए और सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तीन विशेष टीमों का गठन किया। टीमों ने सीसीटीवी फुटेज, स्थानीय सूचनाओं एवं तकनीकी सर्विलांस के आधार पर जांच करते हुए दोनों आरोपियों की पहचान की और उन्हें चोरी के पूरे माल के साथ गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह कबाड़ बीनने का काम करते हैं। 5 जून को नहर के पास नेहरूनगर-जुगपुरा क्षेत्र में कबाड़ बीनते समय उन्होंने एक मकान का गेट खुला देखा। घर के आसपास कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिसका फायदा उठाकर वे घर में घुस गए और सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। बाद में दोनों ने सामान आपस में बांट लिया और उसे बेचने की योजना बना रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो लॉकेट, गले के हार का आधा टुकड़ा, दो जोड़ी कान के टॉप्स, एक नाक की नथ, एक हाफ पेटी, चार जोड़ी पायल, एक जोड़ी कड़े, एक करधौनी, तीन चूडि ?ां तथा 71 बिछियां बरामद की हैं। बरामद माल की कुल अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई गई है।

इस कार्रवाई में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने टीम के उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए 25 हजार रुपये नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किए जाने की घोषणा की है।

## भाई के हत्यारोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बांदा।** थाना अतर्रा पुलिस ने मामूली विवाद में भाई की ईंट से मारकर हत्या करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष अतर्रा संजीव कुमार चैबे ने बताया कि कस्बा अतर्रा के रहने वाले आशीष पुत्र राजकुमार ने बीते दिवस देर रात्रि पैसे को लेकर हुए मामूली विवाद में अपने बड़े भाई विकास के सिर पर ईंट से वार कर घायल कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई थी। मृतक की मां सुनीता देवी की तहरीर पर थाना अतर्रा में अभियोग पंजीकृत किया गया था। आरोपित आशीष पुत्र राजकुमार निवासी राजनगर प्रहलाद सिंह का पुरवा कस्बा व थाना अतराकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। थाना अतर्रा पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## बस स्टैंड के जीर्णोद्धार व संचालन को कांग्रेसियों ने मुंडवाए सिर

**बांदा।** अतर्रा रोडवेज बस स्टैंड के जीणोद्धार व संचालन में शासन प्रशासन के उदासीन रवैया को लेकर कांग्रेस नेता ने सिर मुंडवाकर जनप्रतिनिधियों पर जनहित के मामले में उपेक्षा बरतें जाने का आरोप लगाया है। कांग्रेसियों ने शासन प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर आक्रोश जताया है। वर्ष 1996 में तत्कालीन परिवहन राज्य मंत्री डा. सुरेंद्र पाल वर्मा ने अतर्रा कस्बे के बदौसा रोड स्थित रोडवेज बस स्टैंड का की आधारशिला रखी थी। एक वर्ष के अंदर यह बनकर तैयार हो गया लेकिन तभी से ही शासन प्रशासन द्वारा उदासीनता के चलते संचालन नहीं हो सका। आज वह खंडहर में तब्दील है। नगर के व्यापारियों एवं जागरूक लोगों ने अनेको बार स्थानीय प्रशासन से लेकर शासन स्तर तक कई बार अवगत कराकर संचालन की मांग की थी। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सूरज बाजपेई ने नेतृत्व में गांधीवादी तरीके से सिर मुंडवाकर शासन प्रशासन व जन प्रतिनिधियों के उदासीन रवैया बरतें जाने का विरोध दर्ज कराया। इस दौरान रमेशचंद्र कोरी ने सरकार के जिम्मेदार लोगों द्वारा जनहित के मुद्दे में उदासीनता बरतें जाने का आरोप लगाया। रमेश चंद्र साहू, कैलाशनाथ बाजपेई, मोहम्मद नसीम, आशीष गुप्ता, भानुप्रताप सिंह, कल्लू गुप्ता, सुशील आदि मौजूद रहे।

# प्लॉट की रजिस्ट्री कराकर हड़पे 16 लाख रुपये

### कोर्ट के आदेश पर दंपती के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** शहर में जमीन खरीद-फरोख्त से जुड़े एक कथित धोखाधड़ी के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने एक दंपती के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि प्लॉट की रजिस्ट्री और नामांतरण (दाखिल-खारिज) अपने नाम कराने के बावजूद आरोपियों ने विक्रेता को 16 लाख रुपये का भुगतान नहीं किया। जब पीड़ित ने अपनी रकम मांगी तो उसे गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गई। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पिसन

ारी निवासी मनोज कुमार शर्मा पुत्र स्व.शंकरलाल शर्मा ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी कृषि भूमि संख्या 4917/1 में से 2250 वर्गफुट का एक प्लॉट था, जिसका सौदा मोहल्ला शांतिनगर निवासी अर्चना जैन से हुआ था। पीड़ित के अनुसार 9 अप्रैल 2024 को प्लॉट का बैनामा संपन्न हुआ। रजिस्ट्री के दौरान अर्चना जैन के पति अरविंद जैन ने भुगतान के रूप में 8-8 लाख रुपये के दो चेक, कुल 16 लाख रुपये, उन्हें दिए। आरोप है कि रजिस्ट्री पूरी होने के बाद अरविंद जैन और अर्चना जैन ने गवाहों के सामने यह कहते हुए दोनों चेक वापस ले लिए कि एक-दो दिन में पूरी रकम नकद दे दी जाएगी। मनोज कुमार का कहना है कि इसके बाद आरोपी लगातार भुगतान टालते रहे और उन्हें आश्वासन देते रहे कि जल्द ही पैसे दे दिए जाएंगे, लेकिन आज तक कोई भुगतान नहीं किया गया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि रुपये दिए बिना ही आरोपियों ने प्लॉट का दाखिल-खारिज भी अपने नाम करा लिया। जब उन्होंने कई बार अपनी धनराशि की मांग की तो उन्हें केवल टालमटोल का सामना करना पड़ा। प्रार्थना पत्र के अनुसार 9 जनवरी 2026 को मनोज कुमार अपने परिचितों रामपाल और बृजकिशोर शर्मा के साथ आरोपियों के शांतिनगर स्थित घर पहुंचे और 16 लाख रुपये की मांग की। आरोप है कि इस पर अर्चना जैन और अरविंद जैन भड़क गए तथा गाली-गलौज करते हुए कहा कि प्लॉट का नामांतरण उनके नाम हो चुका है, अब उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। साथ ही दोबारा रुपये मांगने आने पर जान से मरवाने की धमकी भी दी गई। पीड़ित ने बताया कि घटना के संबंध में उन्होंने एसपी को भी प्रार्थना पत्र भेजा था, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने न्यायालय में धारा 173(4) बीएनएसएस के तहत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। मामले की सुनवाई के बाद सीजेएम ने कोतवाली पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। अदालत के आदेश पर शान्तिनगर निवासी अर्चना जैन व अरविंद जैन के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4), 352 एवं 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# कल्यानपुर थाना क्षेत्र में हो रहा मादक पदार्थ का कारोबार

जिला संवाददाता

**फतेहपुर।** जनपद के थाना कल्यानपुर क्षेत्र अंतर्गत रेवाड़ी बुजुर्ग नगर पालिका परिषद क्षेत्र में कथित रूप से मादक पदार्थों की बिक्री और उसके बढ़ते प्रभाव को लेकर स्थानीय नागरिकों के बीच चिंता का माहौल देखा जा रहा है। क्षेत्र में पिछले कुछ समय से इस विषय को लेकर तरह-तरह की चचाएं चल रही हैं। हाल ही में एक कथित वीडियो सामने आने की चर्चा ने इस मुद्दे को और अधिक सुर्खियों में ला दिया है। हालांकि वीडियो की सत्यता, उसमें दिखाई दे रहे व्यक्तियों की पहचान और उससे जुड़े तथ्यों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि वीडियो में दिखाई जा रही गतिविधियां सही साबित होती हैं तो यह कानून-व्यवस्था और समाज दोनों के लिए गंभीर चिंता का विषय हो सकता है।

लोगों का मानना है कि नशे का अवैध कारोबार केवल आपराधिक गतिविधि नहीं बल्कि सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करने वाला मुद्दा भी है, जिसका सीधा असर युवाओं और आने वाली पीढ़ियों पर पड़ता है।क्षेत्र के कई निवासियों का कहना है कि नगर और आसपास के इलाकों में लंबे समय से नशीले पदार्थों की उपलब्धता को लेकर चचाएं होती रही हैं। लोगों का दावा है कि कुछ स्थान ऐसे हैं जहां संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी समय-समय पर सामने आती रही है। हालांकि इन दावों की पुष्टि संबंधित जांच एजेंसियों द्वारा की जानी बाकी है।युवाओं पर पड़ सकता है गंभीरप्रभावसामाजिककार्यकताओं का मानना है कि यदि किसी क्षेत्र में नशीले पदार्थों का अवैध कारोबार पनपता है तो उसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव युवाओं पर पड़ता है।शिक्षा, रोजगार और सकारात्मक गतिविधियों की ओर बढ़ने वाले युवा नशे की गिरफ्त में आकर अपने भविष्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं।यही कारण है कि स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस मुद्दे को गंभीरता से लेने की मांग की है।क्षेत्र में बढ़ रही चचाएंकल्यानपुर क्षेत्र में इस विषय को लेकर चचाओं का दौर लगातार जारी है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि संचालित हो रही है तो उस पर तत्काल और प्रभावी कार्रवाई होनी चाहिए। लोगों का मानना है कि कानून का भय समाप्त होने पर असामाजिक तत्व सक्रिय हो जाते हैं, जिससे आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।निष्पक्ष जांच की उठी मांगक्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने मांग की है कि सामने आए कथित वीडियो और संबंधित शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। लोगों का कहना है कि जांच किसी भी प्रकार के दबाव या पूर्वाग्रह से मुक्त होनी चाहिए ताकि वास्तविक तथ्य सामने आ सकें। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए कानून-व्यवस्था को लेकर जनता की अपेक्षाएंजनपद में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा समय-समय पर दिशा-निर्देश जारी किए जाते रहे हैं। ऐसे में आम जनता की अपेक्षा है कि स्थानीय स्तर पर प्राप्त शिकायतों और चचाओं को गंभीरता से लिया जाए तथा हर शिकायत की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए।

## केन-बेतवा परियोजना से होने वाली हानियों को बतायेगी संघर्ष समिति



**बांदा।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश दीक्षित के आवास पर केन-बेतवा लिंक परियोजना के विरोध में बैठक हुई। उत्तर प्रदेश-मध्य प्रदेश के जनपदों के सक्रिय प्रबुद्ध जन शामिल हुए। केन-बेतवा परियोजना से होने वाली हानियों के विषय में सभी ने अपने विचार रखे। कहा कि विश्व में बांदा का तापमान 49 डिग्री से अधिक होने का मुख्य कारण पहाड़ों को नष्ट करना, बड़े पैमाने पर वृक्षों की कटाई, नदियों में डैम बनाकर उसके जल प्रवाह को रोकना बताया। समूचे बुंदेलखंड के लोगों से अनुरोध किया कि इस परियोजना के विरोध में सड़कों पर उतरें क्योंकि भविष्य में जल का भीषण संकट जनपद में उत्पन्न हो जाएगा। 11 सदस्यीय संघर्ष समिति का गठन किया गया। डा. संजय द्विवेदी दनादन को जिला संयोजक मनोनीत किया गया। बैठक मेंकृष्णा गांधी, सुनंदा गांधी, दिव्या भारती, रमेशचंद्र कोरी, सीमा खान एडवोकेट, साकेतबिहारी मिश्रा, संकटा प्रसाद त्रिपाठी, सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, शोएब रिजवी, सुंदरलाल सुमन, मुमताज अली, रमेश चंद्र दुबे, बीलाल भाई, संतोष कुमार द्विवेदी उपस्थित रहे।

# साइकिल रैली से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**फतेहपुर।** इंडियन रेडक्रास सोसाइटी राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली व स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के निदेर्शानुसार फिट इंडिया मूवमेंट एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु इंडियन रेडक्रास सोसाइटी फतेहपुर व स्पोर्ट्स स्टेडियम के संयुक्त तत्वावधान व चेयरमैन फतेहपुर एवं कार्यकारिणी सदस्य उत्तर प्रदेश डॉ अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में रेडक्रास भवन से स्पोर्ट्स स्टेडियम तक सायकिल रैली निकाली गई रैली को जिला क्रीड़ा अधिकारी सुनील कुमार भारती व जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ निशात शहाबुद्दीन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया रैली में रेडक्रास सोसाइटी के सदस्य स्पोर्ट्स स्टेडियम, सदाशिव इंटर कॉलेज रेल बाजार, विद्या त्रिपाठी इंटर कॉलेज व सम्मानित नागरिकों ने साईकल चलाई।मार्ग में सभी लोग साईकल चलाते हुए ₹सायकिल चलाओ पर्यावरण बचाओ₹, ₹सायकिल चलाओ ईंधन बचाओ₹, ₹पानी बचाओ जीवन बचाओ₹ के नारे लगाते हुए चल रहे थे रेडक्रास चेयरमैन ने कहा कि उनके द्वारा सभी के सहयोग से पूर्व में भी पर्यावरण व जल संरक्षण हेतु जागरूकता अभियान चलाए जाते रहें हैं और हम सभी को अपनी आने वाली पीढ़ी के उज्वल भविष्य के लिए जागरूक होना होगा।जिला क्रीड़ा अधिकारी ने कहा कि सायकिल चलाना स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक है और हम सभी को प्रत्येक दिन जितना अधिक से अधिक हो सके ईंधन बचाने के लिए सायकिल अवश्य चलाना चाहिए।अंत में रेडक्रास सोसाइटी द्वारा सभी को बिस्कुट का वितरण किया गया।इस अवसर पर वाइस चेयरमैन डॉविवेकश्रीवास्तव, कार्यकारिणी सदस्य शैलेंद्र अग्निहोत्री, दिलीपकुमारश्रीवास्तव, चैतन्यकुमार, आजीवन सदस्य डॉ वकील अहमद सिद्दीकी, आशीष गौड़ एडवोकेट, उमेश कुमार श्रीवास्तव, गोरेलाल लोधी, जितेंद्र शुक्ल सेवानिवृत्त एयर फोर्स ऑफीसर, शैलेंद्र सिंह भदौरिया, सुरेश कुमार श्रीवास्तव, सुजीत सिन्हा, अंगद सिंह चंदेल, मनीष सिंह, संजय गुप्ता, हिमांशु श्रीवास्तव, कौशल कुमार श्रीवास्तव, अंशकालिक मानदेय प्रशिक्षक एथलेटिक्स मोहम्मद आरिफ खान, खेलो इंडिया के जितेंद्र यादव, हैंडबाल के मोहित यादव, क्रिकेट के पुष्पेंद्र सिंह, क्रीड़ा भारती के शुभम पाल, आर्मी ट्रेनिंग से अभिनेष मौर्यशुभमपाल, आचार्यरामनारायण, सुधांशु कुमार सहित तमाम गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# लोक कला और संस्कृति के संरक्षण में युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान



**बांदा।** बुंदेलखंड कला, साहित्य एवं संस्कृति विभाग व नृत्यकला गृह के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जवारा लोकनृत्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। नृत्य कला गृह की संचालिका श्रद्धा निगम के निर्देशन में आयोजित कार्यशाला में बच्चों को लोक नृत्य की बारीकियों से अवगत कराया जा रहा है।

शहर के स्वराज कालोनी में संचालित नृत्य कला गृह बच्चों को लोक कलाओं और नृत्य की सीख देने के साथ ही लोक संस्कृति से रूबरू कराने का जिम्मा बखूबी उठा रहा है। संस्थापिका नृत्य गुरु श्रद्धा निगम के मार्गदर्शन में एक जून से लेकर 10 जून तक जवारा लोक नृत्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशाला में प्रतिभागियों को जवारा नृत्य का महत्व और उसकी बारीकियों से अवगत कराया जा रहा है। कार्यशाला का जायजा लेने के लिए उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान लखनऊ के निदेशक अतुल द्विवेदी यहां पहुंचे। उन्होंने प्रतिभागी छात्राओं से संवाद किया। प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए निदेशक द्विवेदी ने लोक कला व संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण बताई। बताया कि जवारा लोक नृत्य कार्यशाला में 30 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। 10 जून को कार्यशाला का समापन किया जाएगा।

## पुलिस ने चलाया स्वच्छता अभियान



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों, कार्यालयों एवं पुलिस बैरकों में स्वच्छता एवं सुव्यवस्थित कार्यप्रणाली को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया गया। उक्त अभियान के अंतर्गत सभी थाना प्रभारियों को थाना परिसरों, कार्यालयों, बैरकों, शस्त्रागारों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर नियमित सफाई सुनिश्चित करने तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए गए थे। निर्देशों के अनुपालन में जनपद के सभी थानों द्वारा समन्वित रूप से अभियान चलाते हुए थाना परिसर, आवासीय बैरकों, कार्यालय कक्षों एवं सार्वजनिक स्थलों की व्यापक साफ सफाई की गई। साथ ही शस्त्रों की विधिवत सफाई सुनिश्चित करते हुए उनकी कार्यक्षमता को बनाए रखने हेतु आवश्यक निरीक्षण भी किया गया।

संक्षेप

## एनसीएलएटी ने दिवाला मामला खारिज किया

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने लिगेयर एविएशन लिमिटेड के खिलाफ शुरू की गई दिवाला कार्यवाही को रद्द कर दिया है। न्यायाधिकरण ने कहा कि यह मामला किसी वास्तविक वित्तीय ऋण का नहीं, बल्कि धन के केवल इधर-उधर स्थानांतरण (राउंड ट्रिपिंग) का है। एनसीएलएटी ने अपने आदेश में कहा कि राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने रेलिगेयर एंटरप्राइजेज की याचिका स्वीकार करते समय लेन-देन की वास्तविक प्रकृति की पर्याप्त जांच नहीं की। रिकॉर्ड से स्पष्ट है कि लिगेयर एविएशन को ऐसा कोई वास्तविक वित्तीय ऋण नहीं दिया गया था, जिसे दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत वित्तीय ऋण माना जा सके। न्यायाधिकरण ने कहा कि किसी लेन-देन को वित्तीय ऋण मानने के लिए उसमें टाइम वैल्यू ऑफ मनी द का तत्व होना जरूरी है। इस मामले में ऐसा कोई तत्व मौजूद नहीं था। टाइम वैल्यू ऑफ मनी का अर्थ है कि आज का पैसा भविष्य में मिलने वाली समान राशि से अधिक मूल्यवान होता है, क्योंकि उसे निवेश करके अतिरिक्त आय अर्जित की जा सकती है। जिसे किसी अघोषित उद्देश्य से अंजाम दिया गया।

## ओरिएंट इलेक्ट्रिक ने पेश किया एयरोसायलेंट

नई दिल्ली। ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड ने आज भारत का सबसे कम आवाज करने वाला फैन, एयरोसायलेंट लॉन्च किया। यह फैन 50 डेसिबल से भी कम आवाज उत्पन्न करता है, जिससे अन्य सीलिंग फैन के मुकाबले लगभग 20 प्रतिशत कम शोर होता है। डिजाइन के लिए पुरस्कार जीतने वाले एयरोसायलेंट फैन में इनोवेटिव डिजाइन के साथ बेहतरीन टेक्नोलॉजी है, जो बिना शोर के जबरदस्त कूलिंग प्रदान करती है। ओरिएंट की फ्लैगशिप एयरो सीरीज में नए फैन, एयरोसायलेंट एयर डिलीवरी और एनर्जी सेविंग के मामले में सबसे बेहतर प्रदर्शन करते हैं। इसके रिवर्स एयरोफॉयल ब्लेड डिजाइन की मदद से कम टर्ब्युलेंस और शोर के साथ कमरे के हर कोने तक हवा पहुँचती है। एयरोसायलेंट फैन ओरिएंट इलेक्ट्रिक की बीएलडीसी प्रो मोटर पर चलते हैं, जिसकी मदद से ये फैन पारंपरिक इंडक्शन फैन के मुकाबले 50 प्रतिशत कम एनर्जी तथा वोल्टेज के उतार-चढ़ाव में भी लगातार बेहतर परफॉर्मेंस प्रदान करते हैं। ओरिएंट इलेक्ट्रिक में हम ग्राहकों की उभरती हुई जरूरतों को पूरा करने और बेहतर टेक्नोलॉजी द्वारा उनके जीवन में सुधार लाने पर केंद्रित इनोवेशन पेश करते हैं।

## आईएचसीएल ने हॉस्पिटैलिटी को बढ़ावा देने का संकल्प दोहराया

बेंगलुरु। आईएचसीएल ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अपने ईएसजी फ्रेमवर्क, पथ्या के तहत जिम्मेदारी के साथ हॉस्पिटैलिटी को बढ़ावा देने के अपने संकल्प को फिर से दोहराया है। कंपनी ने सकारात्मक बदलाव लाने के मकसद से श्पथ्या की शुरूआत की है, जिनमें स्वच्छ ऊर्जा का इस्तेमाल, पानी का सही प्रबंधन, कचरे को रीसायकल करके इस्तेमाल में लाने, कचरा कम करने, पर्यावरण के अनुकूल वाहनों का इस्तेमाल करने और पर्यावरण सुरक्षा के तय मानकों को पूरा करने जैसे आईएचसीएल की कई पहलों को एक साथ जोड़ा गया है। इन दिनों संसाधनों के कुशल तरीके से इस्तेमाल कर अधिक ध्यान दिया जाने लगा है, और पर्यावरण सुरक्षा पर लगातार जोर दिए जाने की वजह से हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में भी कामकाज के तरीके में बदलाव आया है।

## ब्राउन अब केवल हिंदी जी5 पर हो रही है स्ट्रीम

नई दिल्ली। जी5 की आने वाली नियो-नोयर क्राइम थ्रिलर ब्राउन की विशेष स्क्रीनिंग एक गर्मजोशी भरी और यादगार शाम में बदल गई, जब करीना कपूर खान और सैफ अली खान सीरीज के प्रीमियर से पहले करिश्मा कपूर का समर्थन करने पहुंचे। मुख्य भूमिका में करिश्मा की लंबे समय बाद वापसी को लेकर यह स्क्रीनिंग एक खास पारिवारिक पल भी बन गई, जिसमें करीना और सैफ ने करिश्मा का उत्साह बढ़ाया, क्योंकि वह अपने करियर की सबसे दमदार और चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं में से एक निभा रही हैं। इस शाम में करिश्मा के सीरीज में किए गए प्रभावशाली बदलाव और उनके दमदार अभिनय को लेकर सभी के बीच काफी प्रशंसा और उत्साह देखने को मिला।

# 10 कंपनियों की पूंजी 1.25 लाख करोड़ घटी



नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार में गिरावट के रुख के बीच बीते सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से करीब 1.25 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे अधिक नुकसान हुआ।

सप्ताह के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 532.40 अंक (0.71 प्रतिशत) और एनएसई का निफ्टी 181.05 अंक (0.76 प्रतिशत) नीचे आया। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत बढ़ गई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 39,718 करोड़ रुपये घटकर 17,47,321.40 करोड़ रुपये रह गया। टीसीएस के मूल्यांकन में 20,134.66 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 7,95,346.09 करोड़ रुपये पर आ गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 18,736.04 करोड़ रुपये घटकर 10,96,150.49 करोड़ रुपये रह गई। एलएंडटी का मूल्यांकन 16,880.20 करोड़ रुपये की कमी के साथ 5,43,956.44 करोड़ रुपये पर आ गया। इसके अलावा एलआईसी का बाजार मूल्य 14,610.74 करोड़ रुपये घटकर 5,05,873.32 करोड़ रुपये रहा। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 9,681.36 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 5,53,580.97 रुपये रह गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 5,909.23 करोड़ रुपये घटकर 4,98,301.31 करोड़ रुपये पर आ गया। इस रुख के उलट एसबीआई का मूल्यांकन 12,692.09 करोड़ रुपये बढ़कर 9,02,523.63 करोड़ रुपये रहा। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 4,484.86 करोड़ रुपये बढ़कर 9,05,074.77 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 4,101.47 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 11,50,743.31 करोड़ रुपये रहा। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

# एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार से 43 हजार करोड़ रुपये निकाले

नयी दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजार से अपनी हिस्सेदारी कम करना जारी रखा है और जून के पहले सप्ताह में करीब 43,000 करोड़ रुपये की निकासी की है।

यह रुझान वैश्विक पूंजी के प्रौद्योगिकी और कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़े अवसरों की ओर झुकाव तथा रुपये में जारी कमजोरी के बीच देखने को मिला है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार, इस निकासी के साथ ही वर्ष 2026 में अब तक भारतीय शेयरों से एफपीआई की कुल निकासी बढ़कर 2.67 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई है, जो पूरे 2025 में निकाले गए 1.66 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों, रुपये में गिरावट और वैश्विक



बाजारों में विशेषकर प्रौद्योगिकी एवं एआई क्षेत्र में आकर्षक निवेश अवसरों के कारण एफपीआई भारतीय शेयर बाजार से दूरी बना रहे हैं। अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी और डॉलर की मजबूती के अलावा, वैश्विक निवेशक वर्तमान में दुनिया भर में उभर रहे सबसे बड़े प्रौद्योगिकी और एआई-संबंधित सार्वजनिक बाजार के अवसरों की ओर पूंजी को स्थानांतरित कर रहे हैं। आगामी स्पेसएक्स के आईपीओ और अग्रणी एआई कंपनियों के इर्द-गिर्द संभावित पूंजी बाजार गतिविधियों के कारण वैश्विक नकदी वहां आकर्षित हो रही है। इससे भारत सहित अन्य उभरते बाजारों से अस्थायी रूप से पूंजी बाहर जा रही है। आंकड़ों के अनुसार, 2026 में फरवरी को छोड़कर हर महीने एफपीआई शुद्ध विक्रेता रहे हैं। जनवरी में 35,962 करोड़ रुपये की निकासी हुई, जबकि फरवरी में 22,615 करोड़ रुपये का निवेश दर्ज किया गया, जो पिछले 17 महीनों में सबसे अधिक मासिक निवेश था। हालांकि, मार्च में बिकवाली तेज हो गई और विदेशी निवेशकों ने रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ रुपये की निकासी की। अप्रैल में 60,847 करोड़ रुपये और मई में 32,963 करोड़ रुपये की निकासी जारी रही। जून के पहले सप्ताह में भी 42,927 करोड़ रुपये की निकासी दर्ज की गई।

# भारत की ऊर्जा मांग से नया आकार लेगा वैश्विक बाजार

सेंट पीटर्सबर्ग (रूस)। रूस की पेट्रोलियम कंपनी रोसनेफ्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) इगोर सेचिन ने कहा है कि अगले एक दशक में वैश्विक तेल मांग में होने वाली वृद्धि का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा भारत से आएगा, जबकि वैश्विक बिजली खपत में वृद्धि का 15 प्रतिशत योगदान भी भारत का होगा। इससे भारत दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा बाजारों में से एक बन जाएगा।

सेंट पीटर्सबर्ग अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंच (एसपीआईईएफ) को संबोधित करते हुए सेचिन ने कहा कि वर्ष 2035 तक भारत की कच्चे तेल की खपत 44 प्रतिशत बढ़कर लगभग 80 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुंच सकती है। वहीं बिजली की मांग में करीब 80 प्रतिशत की वृद्धि होगी और इसके लगभग 3,000 टेरावाट-घंटे तक पहुंचने का अनुमान है, जो वर्तमान में यूरोपीय संघ की बिजली खपत के स्तर के करीब होगा। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था आज वैश्विक ऊर्जा खपत वृद्धि में प्रमुख भूमिका निभा रही है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के अनुमान के अनुसार, अगले दस साल में वैश्विक बिजली मांग में होने वाली वृद्धि का लगभग 15 प्रतिशत हिस्सा भारत से आएगा। इसी अवधि में वैश्विक तेल मांग वृद्धि का लगभग आधा योगदान भी भारत का होगा।

# विदेशी निवशकों की गतिविधियां तय करेंगी बाजार की दिशा

नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, कच्चे तेल की कीमतों पर इसके प्रभाव और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों पर निर्भर करेगी। विश्लेषकों ने यह राय व्यक्त की है।

एक विशेषज्ञ ने कहा कि सप्ताहांत में अमेरिकी बाजारों में आई भारी गिरावट के बाद कारोबारी सप्ताह की शुरुआत सतर्कता के साथ हो सकती है। इसके अलावा मानसून और मुद्रास्फीति के आंकड़ों की घोषणा भी महत्वपूर्ण कारक होंगे जिन पर नजर रखनी होगी। इस सप्ताह बाजार की दिशा प्रमुख मुद्रास्फीति और वैश्विक व्यापक आर्थिक आंकड़ों से तय होगी। भारत में निवेशक 12 जून को जारी होने वाले मई माह के मुद्रास्फीति के आंकड़ों




और विदेशी मुद्रा भंडार आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखेंगे। वैश्विक स्तर पर अमेरिका-ईरान वार्ता और कच्चे तेल की कीमतें, मुद्रा का उतार-चढ़ाव और समग्र जोखिम लेने की धारणा पर पड़ने वाले प्रभाव पर निवेशकों की नजर रहेगी। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुए, नैस्डैक कंपोजिट में 4.18 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। एसएंडपी 500 में 2.64 प्रतिशत और डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 1.35 प्रतिशत की गिरावट आई। वैश्विक बाजारों, विशेष रूप से एआई (कृत्रिम मेधा) से संबंधित प्रौद्योगिकी शेयरों में आई भारी गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह के दौरान निवेशकों के अधिक सतर्कता बरतने की संभावना है। सकारात्मक पक्ष देखें तो, घरेलू बाजारों को कुछ सहायक कारक मिल रहे हैं, जैसे कि मजबूत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि के आंकड़े, आरबीआई की नीतिगत घोषणा के बाद रुपये में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में उल्लेखनीय गिरावट। अमेरिका-ईरान घटनाक्रम बेहद अनिश्चित बने हुए है और वैश्विक बाजारों में अस्थिरता पैदा कर रहे हैं।

# मुद्रास्फीति आंकड़े पर निर्भर होंगी सोने की कीमतें

नयी दिल्ली। इस सप्ताह सोने की कीमतें पश्चिम एशिया में जारी तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और प्रमुख वैश्विक आर्थिक आंकड़ों पर निर्भर रहेंगी। विश्लेषकों ने यह संभावना जताई है।

निवेशक चीन और अमेरिका के व्यापार एवं मुद्रास्फीति के आंकड़ों, मध्य माह में आने वाले अमेरिका के उपभोक्ता धारणा (कंज्यूमर सेंटिमेंट) के आंकड़ों तथा भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति पर नजर रखेंगे। विश्लेषकों के अनुसार, इसके साथ ही यूरोपीय केंद्रीय बैंक के मौद्रिक नीति निर्णय पर भी बाजार की नजर रहेगी, क्योंकि इससे सर्राफा और अन्य जिंस बाजारों पर असर पड़ सकता है। सोने और चांदी जैसी कीमती धातुओं के लिए गति अब भी सुधारात्मक प्रतीत होती हैं। घरेलू जिंस बाजार में सप्ताह का अंत गिरावट के साथ हुआ, जिसमें अगस्त माह में आपूर्ति के लिए मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का वायदा भाव 5,317 रुपये या 3.3 प्रतिशत टूटकर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। जुलाई आपूर्ति वाली चांदी 18,461 रुपये यानी सात प्रतिशत गिरकर 2.48 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के चलते निवेशकों का ध्यान सुरक्षित निवेश विकल्पों से हट गया।

# 3000 रुपये क्विंटल हों प्याज के दाम

नासिक। महाराष्ट्र के किसानों ने केंद्र सरकार द्वारा प्याज खरीद के मानकों में दी गई ढील का स्वागत किया है, लेकिन उनका कहना है कि इससे उन्हें बहुत अधिक राहत नहीं मिलेगी। किसानों ने सरकार से प्याज के लिए 3,000 रुपये प्रति क्विंटल का न्यूनतम खरीद मूल्य तय करने की मांग की है।

किसानों का कहना है कि भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) द्वारा लगभग 1,580 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही खरीद किसानों की लागत निकालने के लिए भी पर्याप्त नहीं है। केंद्र सरकार ने प्याज खरीद के लिए आकार और गुणवत्ता संबंधी मानकों में ढील दी है। इसके तहत स्वीकार्य आकार सीमा को 45-65 मिमी. से बढ़ाकर 35-70. मिमी कर दिया गया है। साथ ही रंग, छिलके की खामियों



और हल्की धूप से हुई क्षति जैसी गुणवत्ता संबंधी शर्तों को भी आसान बनाया गया है। हालांकि, किसान नेताओं का कहना है कि मुख्य समस्या खरीद मानकों की नहीं, बल्कि कम कीमतों की है। महाराष्ट्र राज्य प्याज उत्पादक संघ के नासिक जिला अध्यक्ष जयदीप भदाने ने कहा कि नियमों में ढील दी गई है, लेकिन किसान अब भी घाटे में हैं। असली सवाल यह है कि प्याज के दाम कब बढ़ेंगे। उन्होंने बताया कि पहले की ग्रेडिंग व्यवस्था में यदि कोई किसान 30 क्विंटल प्याज खरीद केंद्र पर लाता था, तो उसमें से केवल लगभग 25 क्विंटल ही स्वीकार किए जाते थे और शेष प्याज उसे कम कीमत पर बाजार में बेचना पड़ता था। उनका कहना है कि नए नियमों का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा जब उनका प्रभावी ढंग से पालन किया जाएगा। वर्तमान खरीद दर बाजार की अपेक्षाओं से कम है और खेती की लागत को भी पूरा नहीं करती। उन्होंने प्याज के लिए 3,000 रुपये प्रति क्विंटल का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने की मांग की। प्याज उत्पादन की औसत लागत लगभग 1,800 रुपये प्रति क्विंटल है, जबकि किसानों को इससे कम कीमत पर फसल बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उनके अनुसार, उत्पादन लागत से कम दाम मिलने से किसान आर्थिक संकट में फंस रहे हैं। किसान संगठन ने खरीद प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता लाने की भी मांग की है। उनका कहना है कि नेफेड और एनसीसीएफ को प्रतिदिन उन किसानों की सूची सार्वजनिक करनी चाहिए, जिनसे प्याज खरीदा गया है। संगठन ने यह भी मांग की कि खरीद प्रक्रिया कृषि उपज मंडी समितियों (एपीएमसी) के माध्यम से कराई जाए।

# कीमतों में वृद्धि के बाद सरकार का दावा, भारत में दुनिया के अन्य देशों से सस्ता है रसोई गैस सिलेंडर

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने घरेलू रसोई गैस सिलेंडर (एलपीजी) की कीमत में 29 रुपये की बढ़ोतरी के एक दिन बाद अपने इस फैसले का बचाव करते हुए कहा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमतों में तेज उछाल के बावजूद भारत में परिवारों को रसोई गैस दुनिया के अन्य देशों की तुलना में सस्ती कीमत पर मिल रही है।

दिल्ली में 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत अब 942 हो गई है, जो पहले 913 रुपये थी। वहीं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थियों को साल में चार बार 300 रुपये की सब्सिडी मिलने के बाद सिलेंडर 642 में उपलब्ध होगा। हालांकि, पिछले साल यह सब्सिडी साल में नौ बार देने की घोषणा की गई थी। इससे पहले सात मार्च को घरेलू रसोई गैस के दाम 60 रुपये प्रति सिलेंडर बढ़ाए गए थे। इस तरह से 14.2 किलोग्राम के रसोई गैस सिलेंडर के दाम कुल मिलाकर 89 रुपये बढ़ चुके हैं। ताजा संशोधन से पहले सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों को प्रत्येक सिलेंडर की बिक्री पर 703 रुपये का नुकसान हो रह था।

सरकार ने बताया कि पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में आपूर्ति बाधित होने के कारण एलपीजी का वैश्विक बेंचमार्क सऊदी कॉन्ट्रैक्ट प्राइस फरवरी के बाद लगभग 46 प्रतिशत बढ़ गया है। इसके चलते घरेलू एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति की वास्तविक लागत 1,600 रुपये से अधिक हो चुकी है। सरकार का कहना है कि घरेलू उपभोक्ता केवल 942 का भुगतान कर रहे हैं, जबकि शेष लागत का बड़ा हिस्सा सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियां और सरकार वहन कर रही हैं। सरकार के मुताबिक, घरेलू एलपीजी पर नुकसान पिछले वित्त वर्ष में बढ़कर लगभग 60,000 करोड़ हो गया, जो एक वर्ष पहले 41,338 करोड़ थी। इस नुकसान की आंशिक भरपाई के लिए केंद्र सरकार ने पेट्रोलियम कंपनियों को 30,000 करोड़ की क्षतिपूर्ति देने को मंजूरी दी है। सरकार ने यह भी कहा कि संकट के दौरान देश में एलपीजी की उपलब्धता बनाए रखने के लिए घरेलू उत्पादन में 60 प्रतिशत से अधिक वृद्धि की गई।

## पेज एक का शेष

### वाराणसी में

ग्राहकों दोनों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि लोगों को मांस-मछली की खरीदारी के लिए शहर से बाहर जाना पड़ेगा, जिससे उनके समय और धन, दोनों का ही अतिरिक्त खर्च होगा। अशरफ ने कहा, हम चाहते हैं कि प्रशासन व्यापारियों और आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कोई व्यावहारिक समाधान निकाले।

### स्टार्टअप नीति

क्षमता निर्माण तथा विभिन्न हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश स्टार्टअप मिशन का गठन आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रस्तावित मिशन नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के साथ-साथ प्रदेश में स्टार्टअप नीति के प्रभावी क्रियान्वयन का माध्यम बनेगा। इससे युवाओं को अपने नवाचारों को उद्यम में बदलने के लिए बेहतर सहयोग मिलेगा और वे रोजगार तलाशने वाले के बजाय रोजगार सृजित करने वाले बन सकेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि मिशन को पेशेवर, पारदर्शी और जवाबदेह व्यवस्था के साथ संचालित किया जाए, ताकि प्रदेश में एक मजबूत और समावेशी स्टार्टअप इकोसिस्टम विकसित हो सके।

### न्याय व्यवस्था में

रिकॉर्ड प्रबंधन और डिजिटल न्यायिक सेवाओं के माध्यम से लोगों को न्याय प्रक्रिया से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि न्याय में देरी आमजन के विश्वास को प्रभावित करती है, इसलिए न्यायिक प्रक्रियाओं को अधिक सुगम और समयबद्ध बनाना आवश्यक है। तकनीक आधारित व्यवस्थाएं इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं और भविष्य में इनके और विस्तार की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए नए आपराधिक कानूनों और ई-कोर्ट परियोजना जैसी पहलों ने न्यायिक व्यवस्था में व्यापक बदलाव लाए हैं। डिजिटल तकनीकों के माध्यम से मामलों की निगरानी, सुनवाई और निस्तारण की प्रक्रिया पहले की तुलना में अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी बनी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार न्यायिक आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है।

न्यायालय परिसरों के विकास, आधुनिक संसाधनों की उपलब्धता और डिजिटल सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। साथ ही लोक अदालतों के माध्यम से लंबित मामलों के शीघ्र समाधान को भी प्राथमिकता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन की अवधारणा तभी सफल हो सकती है जब कानून का शासन मजबूत हो। राज्य सरकार भ्रष्टाचार, नकल, अवैध गतिविधियों और अपराध के खिलाफ कठोर रुख अपनाकर पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने समान नागरिक संहिता को समानता और न्याय के सिद्धांतों पर आधारित एक महत्वपूर्ण सुधार बताते हुए कहा कि इससे समाज के सभी वर्गों को समान अधिकार और कानूनी संरक्षण उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड जज एसोसिएशन की कल्याण निधि के लिए पांच करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने संघ की स्मारिका का विमोचन भी किया और न्यायिक अधिकारियों के योगदान की सराहना की। इस अवसर पर उत्तराखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता, उच्च न्यायालय के न्यायाधीशगण, रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता तथा प्रदेश भर से आए न्यायिक अधिकारी और अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

### देश में

लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे जैसी अहम परियोजनाएं भी जल्द शुरू होंगी। लखनऊमें अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर समेत अन्य आधारभूत सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज देश में लगभग दो लाख स्टार्टअप हैं। सिंह ने कहा कि युवाओं की प्रतिभा और नवाचार देश को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा, वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत मजबूत स्थिति में है और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश का मस्तक किसी भी परिस्थिति में झुकने नहीं दिया जाएगा।

### यूपी में

में 41.4 डिग्री, फतेहपुर में 41.4 डिग्री और वाराणसी में 41.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान की बात करें तो आजमगढ़ में रात का पारा सबसे कम 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### संभल में

कोर्ट ने 21 अप्रैल को मस्जिद कमेटी के खिलाफ बेदखली का आदेश दिया था। मस्जिद कमेटी ने डीएम कोर्ट में अपील की थी। हालांकि, आदेश रोकने का कोई फैसला नहीं किया गया। इसके बाद प्रशासन ने कार्रवाई आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। तहसीलदार धीरेंद्र कुमार सिंह ने मस्जिद मामले में एक टीम का गठन कर कार्रवाई की गई है। मस्जिद के मुतवल्ली जाकिर हुसैन ने बताया कि यह मस्जिद वर्षों पुरानी है। करीब 25 वर्ष पहले इसका पुनर्निर्माण कराया गया था। इस पर 50 लाख रुपये से अधिक की लागत आई थी। वहीं, दूसरी ओर ग्रामीणों का आरोप है कि तहसीलदार कोर्ट में उनके पक्ष को ठीक से नहीं सुना गया। ग्रामीण जावेद ने कहा कि उन्हें तोड़ने की कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई। टीम ने अचानक से कार्रवाई की है। तहसीलदार ने बताया कि राजस्व अभिलेखों के अनुसार, गाटा संख्या 409 कब्रिस्तान की जमीन है। इसी जमीन पर मस्जिद का निर्माण किया गया। बताया कि गांव के लोगों ने कब्रिस्तान की भूमि सुरक्षित कराने की शिकायत की थी। जांच में कब्रिस्तान की जमीन पर मस्जिद बनाकर कब्जा पाया गया। सुनवाई के दौरान मस्जिद कमेटी कोई दस्तावेज या साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाई। इसके चलते कार्रवाई की गई है। बताया कि जनवरी में लेखपाल की शिकायत पर सात लोगों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज हुआ था।

डीएम, संभल ने कहा कि बेदखली का आदेश तहसीलदार कोर्ट से किया गया था। इसके बाद डीएम कोर्ट में अपील की गई थी। दोनों पक्षों को साक्ष्य प्रस्तुत करने का समय दिया गया लेकिन मस्जिद कमेटी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सकी और निर्माण सरकारी जमीन पर होने की पुष्टि हुई। इसी क्रम में कार्रवाई की गई है। जिलेभर में अवैध कब्जों पर कार्रवाई लगातार जारी है। कृष्ण कुमार बिश्नोई, एसपी, संभल ने कहा कि मस्जिद में कुछ पोस्टर और एक झंडा मिला है। उसकी जांच कराई जाएगी। संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी करेंगे। अवैध कब्जे को पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में हटा दिया गया है।

# दिल्ली के होटल में आग लगने की जांच का दायरा बढ़ा, रसोइया गिरफ्तार, प्रबंधक की तलाश जारी

नयी दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के एक होटल में लगी भीषण आग की जांच का दायरा बढ़ाते हुए पुलिस ने होटल के 65 वर्षीय रसोइये को गिरफ्तार कर लिया है और फरार प्रबंधक की तलाश के प्रयास तेज कर दिए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई थी। अधिकारियों ने बताया कि इस त्रासदी से जुड़े घटनाक्रम को समझने के लिए अब तक होटल के कई कर्मचारियों से पूछताछ की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि मालवीय नगर के हौज रानी इलाके में स्थित फ्लरिश स्टे बेड एंड ब्रेकफास्ट (बी एंड बी) होटल के रसोइये केशव को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया और अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। जांचकर्ताओं के अनुसार, बुधवार सुबह जब आग लगी, उस समय नेगी रसोईघर में खाना बना रहा था। आग लगने के सही कारण का पता फॉरेंसिक और पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा, लेकिन शुरुआती जांच में संकेत मिले हैं कि आग संभवतः रसोईघर या उसके आसपास के हिस्से से शुरू हुई। माना जा रहा है कि नेगी की गवाही से अंततः यह पता लगाने में मदद मिल सकती है कि आग किस वजह से लगी। पुलिस इस संभावना की भी जांच कर रही है कि आग लगने के बाद कोई बिजली उपकरण फट गया हो, जिससे आग कुछ ही मिनटों में तेजी से फैल गई। जांचकर्ता इन आरोपों की भी जांच कर रहे हैं कि नेगी ने आग लगने का पता चलने के बाद न तो मेहमानों को सचेत किया और न ही उन्हें बाहर निकालने में मदद की। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि आग भड़कने के बाद उसने भूमिगत तल का शटर कथित तौर पर नीचे खींच दिया और वहां से भाग गया। अधिकारी यह जांच कर रहे हैं कि क्या उसके इस कदम से भूमिगत तल में मौजूद होटल के मेहमानों के बाहर निकलने के रास्ते या बचाव कार्य में बाधा आई। पुलिस ने कहा कि नेगी से हिरासत में पूछताछ करने से आग लगने से ठीक पहले और बाद के घटनाक्रम, उस समय होटल में मौजूद कर्मचारियों की संख्या और यह पता लगाने में मदद मिल सकती है कि क्या आग बुझाने की कोई कोशिश की गई थी। होटल के तीन अन्य कर्मचारियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। जांचकर्ता होटल मालिक लवकेश बजाज के बयानों की पुष्टि करने की भी कोशिश कर रहे हैं। बजाज फिलहाल पुलिस हिरासत में है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बजाज से होटल के लाइसेंस, स्वामित्व ढांचे, वित्तीय मामलों, सुरक्षा नियमों के पालन और संचालन संबंधी तौर-तरीकों को लेकर विस्तार से पूछताछ की गई है। जांच का मुख्य केंद्र बिंदु जय मिश्रा हैं, जो बजाज का करीबी सहयोगी एवं लेखाकार है और माना जाता है कि वह होटल के रोजमर्रा के कामकाज को संभालता था। आग लगने के बाद से मिश्रा फरार है और उसे पकड़ने के लिए पुलिस की कई टीम उत्तर प्रदेश और बिहार में छापेमारी कर रही हैं। जांचकर्ताओं के अनुसार, बजाज ने पुलिस को बताया कि उसने होटल का संचालन मिश्रा को सौंप रखा था। अधिकारी अब दस्तावेजों और वित्तीय रिकॉर्ड की जांच कर रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस प्रतिष्ठान के प्रबंधन में मिश्रा की कितनी भूमिका थी।

# भारत-ईयू प्रस्तावित व्यापार समझौते में सरल एसपीएस नियमों से बेहतर बाजार पहुंच की उम्मीद

नयी दिल्ली। भारत रूस के नेतृत्व वाले यूरेशियन आर्थिक संघ (ईएईयू) समूह के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के तहत सेनेटरी एंड फाइटोसेनेटरी और टेक्निकल बैरियर्स टू ट्रेड से जुड़ी आवश्यकताओं के अनुपालन को आसान बनाने की दिशा में काम कर रहा है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इन क्षेत्रों में जटिल परीक्षण, प्रमाणन और नियामकीय प्रक्रियाएं अक्सर गैर-शुल्क अवरोध के रूप में काम करती हैं, जिससे निर्यात लागत बढ़ती है और माल की आपूर्ति में देरी होती है। अधिकारी ने कहा कि इन मानकों को सरल बनाए जाने से समुद्री उत्पादों, कृषि वस्तुओं और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के ईएईयू बाजार में निर्यात को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। भारत और पांच देशों के समूह ईएईयू ने पिछले साल 20 अगस्त को मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत के लिए संदर्भ की शर्तों पर हस्ताक्षर किए थे। इसके बाद वार्ता का पहला दौर नवंबर 2025 में नयी दिल्ली में आयोजित किया गया था। ईएईयू के सदस्य देशों में रूस, आर्मेनिया, बेलारूस, कजाखस्तान और किर्गिस्तान शामिल हैं। एक अधिकारी ने बताया कि वार्ता का दूसरा दौर इस महीने के अंत में मॉस्को में होने की संभावना है। टीबीटी ऐसे नियम और मानक होते हैं जो उत्पादों की गुणवत्ता, सुरक्षा, पैकेजिंग और प्रमाणन से जुड़े होते हैं।




# सुथार ने दी भारत को मजबूत पकड़

## अफगानिस्तान की टीम 113 रन पर पांच विकेट गंवाकर कर रही संघर्ष

एजेंसी



मुल्लांपुर। भारत ने एकमात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन रविवार को अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 564 रन बनाकर घोषित करने के बाद दिन का खेल खत्म होने तक अफगानिस्तान के 113 रन तक पांच विकेट झटक लिये। पदार्पण कर रहे मानव सुथार (21 रन देकर तीन विकेट) ने टेस्ट क्रिकेट में शानदार शुरुआत करते हुए अपना पहला विकेट हासिल किया। उन्होंने चाय के विश्राम से ठीक पहले अब्दुल मलिक (16) को आउट किया। सुथार ने रहमानुल्लाह गुरबाज (12) और अफसर जजई (तीन) को भी पवेलियन भेजा। भारत की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा (27 रन देकर दो विकेट) दूसरे सफल गेंदबाज रहे। दिन का खेल समाप्त होने तक रहमत शाह 43 रन बनाकर नाबाद थे।

जजई के आउट होने के साथ ही दिन के खेल के समापन की घोषणा कर दी गई। अफगानिस्तान ने 39.5 ओवर में पांच विकेट पर 113 रन बनाए हैं। अफगानिस्तान की टीम अभी भारत के पहली पारी के स्कोर से 451 रन पीछे है और उसके पांच विकेट शेष हैं। पदार्पण कर रहे बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार की कलात्मक गेंदबाजी ने भारतीय क्रिकेट को उज्ज्वल भविष्य की झलक दिखाई और उनके तीन विकेटों की बदौलत भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन पूरी तरह दबदबा कायम कर लिया। भीषण गर्मी के बीच भारत ने वॉशिंगटन सुंदर (नाबाद 52) के संयमित अर्धशतक और सुथार के साथ सातवें विकेट के लिए 54 रन की उपयोगी साझेदारी के बाद अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 564 रन बनाकर घोषित कर दी। दिन का खेल समाप्त होने तक अफगानिस्तान की टीम 113 रन पर पांच विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी। सुथार ने 15.5 ओवर में 21 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने सात ओवर में 27 रन देकर दो विकेट झटके। पहली पारी में 41 गेंदों पर 28 रन की उपयोगी पारी खेलने के बाद सुथार ने गेंदबाजी में भी प्रभाव छोड़ा। चाय से पहले आखिरी ओवर में गेंदबाजी के लिए बुलाए गए सुथार ने अब्दुल मलिक (16) को आउट कर अपना पहला टेस्ट विकेट हासिल किया। मलिक शुरुआती तीन गेंदों पर असहज दिखे और चौथी गेंद पर स्वीप खेलने के प्रयास में विकेट गंवा बैठे। राजस्थान के श्रीगंगानगर के 23 वर्षीय सुथार की पारंपरिक शैली और कलात्मक रन-अप देखने लायक था। ऐसे दौर में जब टी20 क्रिकेट के प्रभाव से स्पिन गेंदबाजी विकेट चटकाने की जगह रन रोकने का हथियार बनती जा रही है, सुथार ने फ्लाइट और टर्न जैसे बुनियादी गुणों के दम पर अलग छाप छोड़ी। सुथार की फ्लाइटेड गेंद को हवा में अतिरिक्त समय मिलने के कारण बल्लेबाजों को लगातार परेशान कर रही थी।

उनकी सबसे बड़ी विशेषता लगातार एक जैसी लाइन और लेंथ बनाए रखते हुए टर्न और उछाल में विविधता लाने की रही। टेलीविजन पर दिखाई गई पिच मैप से स्पष्ट था कि वह एक ही स्थान पर गेंद डालकर अलग-अलग प्रभाव पैदा कर रहे थे। कुछ गेंदें ज्यादा टर्न ले रही थीं, कुछ अतिरिक्त उछाल के साथ सीधी निकल रही थीं, जबकि कुछ पारंपरिक आर्म बॉल के रूप में अंदर आती दिखीं। अब्दुल मलिक का विकेट ऐसी ही गेंद पर मिला, जो सीधी रही और अतिरिक्त उछाल के कारण उनका स्वीप शॉट गलत साबित हुआ।

कोलकाता नाइट राइडर्स के पूर्व बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज (12) को भी उन्होंने चतुराई से फंसाया। पहले कुछ सीधी गेंदें डालकर उन्हें आगे आने से रोका और फिर उसी स्थान से दायें हाथ के बल्लेबाज के लिए बाहर निकलती हुई गेंद लेकर बल्ले का किनारा लेती हुई दूसरी स्लिप में खड़े साई सुदर्शन के हाथों में चली गई। उनका तीसरा विकेट अफसर जजई (तीन) के रूप में मिला। पिच पर टप्पा खाने के बाद गेंद की गति थोड़ी धीमी हो गयी और सुथार ने आसानी से कैच लपक लिया। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने भी सुथार पर पूरा भरोसा जताया और उन्हें एक छोर से लगातार 13 ओवर गेंदबाजी कराई, जबकि दूसरे छोर से मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और कुलदीप यादव का उपयोग करते रहे। सुथार की यह प्रभावशाली शुरुआत अगर बेहतर भविष्य का संकेत है, तो भारतीय चयनकर्ताओं को लाल गेंद क्रिकेट में रविंद्र जडेजा के बाद के दौर को लेकर ज्यादा चिंता नहीं करनी पड़ेगी। इससे पहले ऋषभ पंत ने 121 गेंदों पर 81 रन की आकर्षक पारी खेलकर आलोचकों को जवाब दिया जबकि अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद सलीम ने 140 रन देकर छह विकेट चटकाए। कम दर्शकों की मौजूदगी में पंत ने अपने आक्रामक अंदाज और संयम का बेहतरीन मिश्रण पेश किया। उन्होंने 121 गेंदों की पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाए। पंत शतक की ओर बढ़ रहे थे लेकिन ऑफ स्पिनर हशमतुल्लाह शाहिदी ने अचानक अपनी गेंद की गति काफी धीमी कर दी।

पंत ने उसे आगे बढ़कर खेलना चाहा लेकिन उनका शॉट हवा में लहरा गया और वह कैच आउट हो गए। अफगानिस्तान की ओर से आईपीएल स्टार अजमतुल्लाह ओमरजई बदकिस्मत नजर आए। दूसरी नयी गेंद से उन्होंने प्रभावशाली गेंदबाजी की और कई बार बल्लेबाजों को परेशान किया, लेकिन उन्हें अपेक्षित सफलता नहीं मिली। पहले दिन की तरह दूसरे दिन भी भारतीय बल्लेबाजों को जीवनदान मिला। गेंद पंत के बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर के दस्तानों में गई, लेकिन विकेटकीपर और क्षेत्ररक्षकों ने अपील नहीं की। सलामी बल्लेबाज केएल राहुल को मैच के पहले दिन इसी तरह का जीवनदान मिला था। भारत ने सुबह अपनी पारी तीन विकेट पर 368 रन से आगे बढ़ाई और पहले सत्र में 25 ओवर में 107 रन जोड़े। इस दौरान उसने कप्तान शुभमन गिल (177 गेंदों पर 126 रन), ध्रुव जुरेल (20 गेंदों पर 19 रन) और पंत के विकेट गंवाए। मैच के पहले दिन केएल राहुल ने 100 और साई सुदर्शन ने 81 रन बनाए थे। गिल सुबह के सत्र में आउट होने वाले पहले बल्लेबाज थे। सलीम की ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर के दस्तानों में समां गई।

# भारत बना साउथ एशियन फुटबॉल चैंपियन




मडगांव (गोवा)। भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने 7 साल बाद साउथ एशियन फुटबॉल चैंपियनशिप जीत ली है। उसने शनिवार रात फाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन बांग्लादेश को 3-1 से हराया। भारत ने रिकॉर्ड छठी बार यह टूर्नामेंट जीता है। गोवा के मडगांव स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में भारत के लिए प्यारी जाक्सा, सनफिदा नोंगरुम और लिंडा कोम सेर्तो ने एक-एक गोल किया। बांग्लादेश के लिए रितु पोर्ना ने इकलौता गोल किया। भारत की ओर से प्यारी जाक्सा ने 42वें मिनट में पहला गोल किया। पहले हाफ के इंजरी टाइम में रितु पोर्ना चकमा ने गोल कर बांग्लादेश को बराबरी दिला दी।

- महिला टीम ने फाइनल में बांग्लादेश को 3-1 से हराया, रिकॉर्ड छठा टाइटल जीता

दूसरे हाफ की शुरूआत में सनफिदा नोंगरुम ने शानदार हेडर लगाकर भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी। इसके बाद भारतीय टीम ने खेल पर नियंत्रण बनाए रखा। 82वें मिनट में लिंडा कोम सेर्तो ने बांग्लादेशी डिफेंस की गलती का फायदा उठाकर तीसरा गोल दागा और भारत की जीत सुनिश्चित कर दी। मेजबान भारत पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहा। टीम ने सभी चार मुकाबले जीते, 18 गोल किए और केवल एक गोल खाया। मौजूदा चैंपियन बांग्लादेश की लगातार तीसरी बार खिताब जीतने की उम्मीद भी टूट गई।

फाइनल के बाद भारतीय खेमे में जश्न का माहौल रहा। अनुभवी खिलाड़ी डांगमेई ग्रेस ने इसी मैच के बाद इंटरनेशनल फुटबॉल को अलविदा कह दिया। उन्होंने 2013 में भारत के लिए डेब्यू किया था और 95 इंटरनेशनल मैच खेलने के बाद अपने करियर का अंत एक और एसएएफएफ खिताब के साथ किया। टूनामेंट के अवॉर्ड्स में भी भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा रहा। अवेका सिंह चार गोल के साथ शीर्ष स्कोरर रहीं।

## भारत विश्व योगासन चैंपियनशिप में 40 स्वर्ण पदक के साथ शीर्ष पर

अहमदाबाद। गुजरात की हीना राजगोर ने रविवार को यहां पहली विश्व योगासन चैंपियनशिप के दूसरे दिन भारत को स्वर्ण पदक दिलाया जिससे मेजबान टीम ने तालिका में अपनी बढ़त और बढ़ा ली। भारत 40 स्वर्ण, आठ रजत और दो कांस्य सहित 50 पदक के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर रहा। जापान ने दो स्वर्ण सहित तीन पदक जीतकर अपने पदकों की कुल संख्या 10 कर ली जिससे देश तालिका में दूसरे स्थान पर है। सिंगापुर दो स्वर्ण सहित छह पदक के साथ तीसरे स्थान पर है। गुजरात के भुज की रहने वाली राजगोर ने सीनियर बी महिला वर्ग में फॉरवर्ड बेंड स्पर्धा में 43.50 अंक से स्वर्ण पदक जीता। ओमान की प्रीति जैमानी ने रजत पदक जबकि रूस की स्वेतलाना लुकाशोवा और जॉर्डन की माया अल अलोस्ताथ ने कांस्य पदक साझा किया। भारतीयों ने उम्मीद के मुताबिक स्वर्ण पदक की रेस में दबदबा बनाया। वहीं जापान ने दो स्वर्ण जीते जबकि रूस और उज्बेकिस्तान ने एक-एक स्वर्ण जीता।

## मोदी ने महिला फुटबॉल टीम को सैफ चैंपियनशिप जीतने पर बधाई दी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय महिला फुटबॉल टीम को सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 जीतने पर बधाई देते हुए रविवार को कहा कि इससे आने वाले समय में अधिक युवाओं को इस खेल से जुड़ने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। भारत ने शनिवार को गोवा में खेले गए फाइनल में बांग्लादेश पर 3- ।से शानदार जीत दर्ज करते हुए कुल छठी बार और सात साल में पहली बार सैफ महिला चैंपियनशिप जीती। मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, भारतीय महिला फुटबॉल टीम को सैफ महिला चैंपियनशिप जीतने पर हार्दिक बधाई। भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। इससे आने वाले समय में और अधिक युवाओं को फुटबॉल खेलने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। टीम को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

## संक्षेप

### तिलक व सिराज की टीजी20 की नीलामी में बड़ी बोली लगी

हैदराबाद। भारत के टी20 उप कप्तान तिलक वर्मा को रविवार को यहां टीजी20 लीग की पहली खिलाड़ियों की नीलामी में मेडक फाल्कन्स ने 33 लाख रुपये की सबसे बड़ी बोली में खरीदा। तिलक को शनिवार को आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे पर जाने वाली भारतीय टीम का उप कप्तान बनाया गया जिसकी कप्तानी श्रेयस अय्यर करेंगे। तिलक के भारतीय टीम के साथी मोहम्मद सिराज वारंगल वॉरियर्स में शामिल हो गए। वॉरियर्स ने इस तेज गेंदबाज को 14 लाख रुपये में खरीदा। तिलक और सिराज दोनों आइकन खिलाड़ी हैं। इनके अलावा ए प्लस और ए वर्ग भी हैं। ऑलराउंडर सीवी मिलिंद सबसे महंगे अनकैप्ड खिलाड़ी बने जिन्हें अन्विता खम्मम एसेस ने 17 लाख रुपये में खरीदा। पहली टीजी20 लीग 21 जून से शुरू होगी जिसमें आठ फ्रेंचाइजी 21 दिनों में 32 मैच खेलेंगी।

### मानव के पास जितना कौशल है, उसे खेलते हुए देखना मजेदार है : सुंदर

मुल्लांपुर। ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर का मानना है कि पदार्पण कर रहे बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार के पास कमाल का कौशल है और आने वाले दिनों में उन्हें खेलते हुए देखना मजेदार होगा। अफ़गानिस्तान के खिलाफ टेस्ट में रविवार को दूसरे दिन भारतीय गेंदबाजों में सुथार का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा और उन्होंने पांच में से तीन विकेट झटके। सुथार के प्रदर्शन पर पूछने पर ऑफ-स्पिनर वाशिंगटन ने उनकी खूब तारीफ़ की। भारत की पहली पारी में नाबाद अर्धशतक जड़ने वाले वाशिंगटन ने कहा, वह (सुथार) शानदार रहा। हम खिलाड़ी के तौर पर पिछले कुछ साल से उसके साथ खेल रहे हैं और जानते हैं कि वह असल में क्या कर सकता है, विशेषकर इस प्रारूप में। उन्होंने कहा, उसके पास जितना कौशल है और जिस तरह से उसने इतने साल में उन पर काम किया है, उसे देखना सच में बहुत अच्छा लगता है। उसका अपने सर्वश्रेष्ठ कौशल से खेलना, खासकर दूसरे दिन, कमाल का है। लम्बे कद के इस ऑफ-स्पिनर ने कहा, उसे बधाई। आप उससे और भी बहुत कुछ उम्मीद कर सकते हैं, विशेषकर भारत के लिए बहुत सारे मैच जीतने के मामले में। फिर वॉशिंगटन ने सुथार की खूबियों और टीम इंडिया के लिए उसे क्या चीज अहम बनाती है, इस बारे में बताया, एक असली स्पिनर के तौर पर उसके पास शानदार कौशल है।

# कार्लसन से ज्यादा खतरनाक हैं प्रज्ञानानंदा : प्रवीण थिप्से

नयी दिल्ली। द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से का मानना है कि प्रतिष्ठित नॉर्वे शतरंज खिताब जीतने वाले पहले भारतीय आर प्रज्ञाननंदा दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन से भी ज्यादा खतरनाक खिलाड़ी हैं। थिप्से ने उन्हें वर्तमान में भारत का सबसे मजबूत खिलाड़ी बताया और कहा कि वह मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश और अर्जुन एरिगैसी से आगे हैं।

उन्होंने पीटीआई से कहा, प्रज्ञाननंदा इस समय सर्वश्रेष्ठ भारतीय शतरंज खिलाड़ी हैं। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए उन्हें दुनिया के सबसे खतरनाक प्रतिद्वंद्वियों में से एक माना जा सकता है। यहां तक कि मैं उन्हें कार्लसन से भी अधिक खतरनाक खिलाड़ी मानता हूं। थिप्से ने प्रज्ञाननंदा की नॉर्वे शतरंज में मिली जीत को हाल के वर्षों में किसी भारतीय खिलाड़ी द्वारा हासिल की गई सर्वश्रेष्ठ उपलब्धियों में से एक बताया। उन्होंने कहा, प्रज्ञाननंदा ने क्या शानदार हो वापसी की है। पिछले साल वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन अब उन्होंने सच में असाधारण प्रदर्शन किया है। भारतीय शतरंज को इसी तरह के प्रदर्शन की जरूरत थी। थिप्से ने कहा, कुछ साल पहले तक वह अधिक आक्रामक होकर खेलते थे लेकिन अब उन्होंने विरोधी खिलाड़ी की चालों को कुंद करना सीख लिया है। वहीं दूसरी ओर वहीं दूसरी ओर भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा की नॉर्वे शतरंज 2026 में ऐतिहासिक जीत के बाद उनकी मां नागलक्ष्मी ने रविवार को कहा कि कड़ी मेहनत, दृढ़ता और प्रक्रिया का आनंद लेना उनके बेटे की सफलता की कुंजी है।

प्रज्ञानानंदा ने अपनी इस जीत से खुद को शतरंज के दिग्गज खिलाड़ियों में शामिल कर लिया। प्रवीण थिप्से ने उन्हें वर्तमान में भारत का सबसे बेहतर खिलाड़ी करार दिया। नागलक्ष्मी ने कहा कि यह उपलब्धि हासिल करने के लिए जो प्रयास किए गए परिणामों पर अत्यधिक ध्यान देने से उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, अगर कोई प्रक्रिया का आनंद लेता है और असफलताओं के बावजूद कड़ी मेहनत करना जारी रखता है तो उसे आखिर में सफलता जरूर मिलती है।

# विश्व साइकिल दिवस : क्रीड़ा भारती एवं साइकिलिंग एसोसिएशन ने निकाली रैली

खेल संवाददाता




लखनऊ। साइकिलिंग के माध्यम से स्वस्थ और पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित करने व जागरूक करने के उद्देश्य से राजधानी के साइकिलिस्टों ने विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को आयोजित साइकिल रैली में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। क्रीड़ा भारती के तत्वावधान में आयोजित इस रैली को पैदलयात्री साइक्लिंग एसोसिएशन, लखनऊ साइक्लिंग एसोसिएशन, स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया (एसएनआई) तथा एकाग्रता इंटरनेशनल फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया। रैली का शुभारंभ बाराबंकी के एमएलसी अंगद सिंह और लखनऊ के एमएलसी इंजीनियर अवनीश सिंह ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम से हरी झंडी दिखाकर किया। इसके बाद 100 से अधिक साइकिलिस्ट पुराना हाईकोर्ट, रेजीडेंसी, कमिश्नर कार्यालय, रूमी दरवाजा, घंटाघर, डालीगंज पक्का पुल, शहीद स्मारक और हनुमान धाम होते हुए पुनः केडी सिंह बाबू स्टेडियम पहुंचे और स्वास्थ्य, फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

- 100 से अधिक साइकिलिस्टों ने दिया फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

इस दौरान पूरे मार्ग में प्रतिभागियों का जोश और उत्साह देखने लायक रहा। रैली में युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों, खेल प्रेमियों तथा विभिन्न सामाजिक एवं खेल संगठनों के प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन का उद्देश्य नागरिकों को नियमित साइकिलिंग के लाभों से अवगत कराना।

# हिमांशु, दीक्षा, सूरज ने टी4 राष्ट्रीय निशानेबाजी ट्रायल में दर्ज की जीत

देहरादून। हरियाणा के हिमांशु ढिल्लों ने टी4 राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स में रविवार को यहां पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल के बेहद रोमांचक मुकाबले में महाराष्ट्र के पार्थ राकेश माने को अंतिम निशाने पर पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया।

फाइनल के 24वें और आखिरी निशाने से पहले हिमांशु अपने प्रतिद्वंद्वी से 0.2 अंक पीछे थे। उन्होंने इसके बाद 10.6 अंक वाला निशाना लगाया जबकि पार्थ ने 10.3 अंक बनाए। इस तरह बेहद करीबी अंतर से हिमांशु ने जीत अपने नाम की ।हिमांशु ने कुल 252.2 अंक हासिल किए। इस स्पर्धा का कांस्य दिल्ली के पार्थ मखीजा ने जीता। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में उत्तर प्रदेश की दीक्षा वैश्य ने शानदार शुरुआत करते हुए पांच निशाने की दूसरी सीरीज में बढ़त हासिल की और दबाव में भी अपना संयम बनाए रखा। उन्होंने मजबूत चुनौती का सामना करते हुए आशी चौकसे को 1.2 अंकों से पीछे छोड़ दिया और 252.7 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। रेलवे की सोनम उत्तम मस्कर ने कांस्य पदक हासिल किया।

मध्य प्रदेश के सूरज शर्मा ने दिन के तीसरे फाइनल में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) स्पर्धा में 29 अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया। उत्तराखंड के अंकुर गोयल 27 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि भावेश शेखावत 25 निशाने के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने महिला फुटबॉल टीम को सैफ चैम्पियनशिप जीतने पर बधाई दी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को भारतीय महिला फुटबॉल टीम को सैफ महिला चैम्पियनशिप जीतने पर बधाई देते हुए कहा कि टीम की यह उल्लेखनीय उपलब्धि देशभर की युवा लड़कियों को आत्मविश्वास और साहस के साथ अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करेगी। भारत ने शनिवार को गोवा में खेले गए फाइनल में बांग्लादेश को 3-1 से हराकर सैफ महिला चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया।

# कप्तानी के लिए व्यक्तित्व बदलने की जरूरत नहीं : अय्यर

एजेंसी

मुंबई। भारतीय टी20 टीम के नये कप्तान श्रेयस अय्यर ने रविवार को कहा कि उन्हें बचपन से ही चुनौतियों का सामना करना पसंद रहा है और राष्ट्रीय टीम की कप्तानी मिलने का मतलब यह नहीं है कि उन्हें अपना व्यक्तित्व बदलना होगा। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी को शनिवार को भारतीय टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। उन्होंने सूर्यकुमार यादव की जगह ली है, जिनकी अगुआई में भारत ने मार्च में टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। सुर्यकुमार को टीम में भी जगह नहीं मिली है। अय्यर ने कहा कि वह वही व्यक्ति बने रहना चाहते हैं, जिसने मुंबई के बेहद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट माहौल में खेलते हुए अपनी पहचान बनाई। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा मुझे अपना व्यक्तित्व बदलने की जरूरत नहीं है। मुझे वही इंसान बने रहना है जो मैं पहले था। मैं किसी और जैसा बनने या किसी की सरपरस्ती में रहने की कोशिश नहीं करूंगा। उन्होंने कहा कि मुंबई जैसे क्रिकेट-प्रेमी शहर में बड़े होने के कारण चुनौतियां उनके जीवन का हिस्सा रही हैं। अय्यर ने कहा, मुझे हमेशा चुनौतियां पसंद रही हैं।



मुंबई में क्रिकेट का स्तर बहुत ऊंचा है और प्रतिस्पर्धा भी बेहद कड़ी होती है। वहां हर दूसरा बच्चा मुंबई का प्रतिनिधित्व करने का सपना देखता है। अय्यर ने कहा कि उनकी सोच हमेशा जीत हासिल करने की रही है। उन्होंने कहा मेरा नजरिया हमेशा अपने सामने मौजूद हर चुनौती को जीतने का रहा है। सीखना और जीतना अपनी जगह महत्वपूर्ण हैं, लेकिन खेल का आनंद लेना और प्रतिस्पर्धी भावना विकसित करना आपको एक अलग स्तर पर पहुंचा देता है। उन्होंने कहा, जब आपको ऐसी जिम्मेदारी मिलती है तो आप उसे स्वीकार करना चाहते हैं। फिलहाल कप्तान के रूप में मिली यह भूमिका मेरे लिए बड़ी चुनौती है। इस बीच, भारत के पूर्व कप्तान और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा कि अय्यर ने राष्ट्रीय टीम की कप्तानी का अवसर अपने प्रदर्शन के दम पर अर्जित किया है।

आयरलैंड दौरे पर दो टी20 मैचों की श्रृंखला में अय्यर पहली बार भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। उन्होंने दिसंबर 2023 में अपना पिछला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था, जिसके बाद वह टीम से बाहर हो गए थे। गांगुली ने कहा, श्रेयस ने अच्छा प्रदर्शन किया है और उन्होंने यह जिम्मेदारी अपने प्रदर्शन के दम पर हासिल की है। मैं यह नहीं कहूंगा कि सूर्यकुमार यादव को हटाना अनुचित है। चयनकर्ताओं ने अपना फैसला लिया है। वहीं दूसरी ओर बिहार के 15 वर्षीय प्रतिभाशाली बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली श्रृंखला के लिए भारतीय टी20 टीम में चयन पर उनके परिवार ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी मेहनत अब रंग ला रही है। सूर्यवंशी को शनिवार को भारतीय टीम में चुना गया। वह 15 साल और 71 दिन की उम्र में भारतीय टीम में स्थान बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। अगर उन्हें खेलने का मौका मिलता है तो वह भारत की तरफ से सबसे कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने का सचिन तेंदुलकर रिकॉर्ड तोड़ देंगे।

# इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 115 रन से हराया

एजेंसी




लंदन। इंग्लैंड ने रविवार को लॉर्ड्स में पहले क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन लंच से पहले न्यूजीलैंड पर 115 रन से जीत हासिल की जो ऑस्ट्रेलिया में एशेज में मिली निराशाजनक हार के बाद टीम के लिए नयी और सकारात्मक शुरुआत है। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में पांच विकेट पर 55 रन से खेलना शुरू किया और उसे जीत के लिए 254 रन चाहिए थे। न्यूजीलैंड ने खेल के पहले दो घंटे के अंदर अपने बाकी पांच विकेट गंवा दिए और पूरी टीम 138 रन पर आउट हो गई। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन ने सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए 30 रन देकर पांच विकेट झटके।

गेंदबाजों की मुफीद पिच पर 24 बल्लेबाज बोल्ड हुए या पगबाधा आउट हुए। स्पिनरों को मैच में एक भी गेंद नहीं मिली। ग्लेन फिलिप्स न्यूजीलैंड के शीर्ष स्कोरर रहे जिन्होंने नाबाद 44 रन बनाए। इंग्लैंड ने पहली पारी में 140 और दूसरी पारी में 226 रन बनाए। न्यूजीलैंड की पहली पारी 113 रन पर सिमट गई। एशेज दौरे पर ऑस्ट्रेलिया से 1-4 से मिली हार के बाद गर्मियों की इस पहली टेस्ट सीरीज को इंग्लैंड के लिए एक नयी शुरुआत माना जा रहा है। कप्तान बेन स्टोक्स की टीम के लिए टेस्ट पदार्पण करने वाले सलामी बल्लेबाज एमिलियो गे दोनों टीमों में 57 रन की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलने वाले खिलाड़ी रहे। वहीं 2024 के बाद पहली बार टीम में शामिल हुए ओली रोबिन्सन ने मैच में सात विकेट (39 रन देकर पांच विकेट और 38 रन देकर दो विकेट) चटकाए।

तीन मैचों की श्रृंखला का दूसरा टेस्ट 17 जून से लंदन के द ओवल में शुरू होगा। वहीं दूसरी ओर दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर का मानना है कि अफगानिस्तान के बल्लेबाजों पर दबाव बनाने के लिए खब्बू स्पिनर मानव सुथार की शानदार और सटीक गेंदबाजी ने उन्हें भविष्य में भारत की टेस्ट टीम में स्थायी जगह बनाने का मजबूत दावेदार बना दिया है। सुथार के हरफनमौला प्रदर्शन ने भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। उन्होंने बल्ले से 28 रन की उपयोगी पारी खेलने के बाद गेंदबाजी में भी कमाल दिखाते हुए 21 रन देकर तीन विकेट चटकाए। अफगानिस्तान की टीम दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक पांच विकेट पर 113 रन बनाकर मुश्किल स्थिति में थी। इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 564 रन बनाकर घोषित की थी।

गावस्कर ने जियोहॉटस्टार से कहा, सिर्फ उनकी गेंदबाजी ही नहीं, बल्कि बल्लेबाजी के दौरान भी वह आत्मविश्वास से भरपूर नजर आए। उन्होंने अपने कदमों का बेहतरीन इस्तेमाल किया और क्रीज पर कभी दबाव में नहीं दिखे।

## आईजीयू ने जापान में होने वाले एशियाड के लिए चुनी छह सदस्यीय टीम

नयी दिल्ली। भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) ने इस साल के आखिर में जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों के लिए रविवार को छह सदस्यीय गोल्फ टीम का चयन किया जिसमें युवराज संधू और अदिति अशोक भी शामिल हैं। एलपीजीए टूर की नियमित गोल्फर अदिति ने चीन के हांग्झोऊमें 2022 एशियाई खेलों में व्यक्तिगत रजत पदक जीता था। भारतीय गोल्फ संघ द्वारा चुनी गई टीम में संधू (विश्व नंबर 451), वीर अहलावत (विश्व नंबर 558) और सप्तक तलवार (विश्व नंबर 576) तीन पुरुष सदस्य हैं जबकि अदिति (विश्व नंबर 135), दीक्षा डागर (विश्व नंबर 221) और प्रणवी उर्स (विश्व नंबर 270) तीन महिला खिलाड़ी हैं। पुरुष और महिला दोनों के लिए गोल्फ स्पर्धा 30 सितंबर से तीन अक्टूबर तक कसुगई कंट्री क्लब ईस्ट कोर्स में होंगे। ब्रजिंदर सिंह की अगुआई वाली आईजीयू ने कहा कि प्रविष्टियां एशियाई खेलों के लिए उसकी चयन नीति के हिसाब से तय की गई थीं। सिंह ने एक विज्ञप्ति में कहा, हमारे पास एक बहुत प्रतिभाशाली और कुशल टीम है जिसमें युवराज संधू जैसे खिलाड़ी हैं।

# भारत-नेपाल देंगे संबंधों को नयी ऊंचाई

## विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मिले नेपाली समकक्ष, भारत को बताया अहम साझेदार

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने नेपाल के अपने समकक्ष शिशिर खनाल के साथ बैठक के दौरान कहा कि भारत और नेपाल के बीच विशेष संबंध हैं और इन संबंधों की पूरी क्षमता का लाभ उठाने के लिए आपसी जुड़ाव को निर्णायक रूप से आगे बढ़ाने का अवसर है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, दोनों मंत्रियों ने विकास सहयोग, संपर्क, व्यापार एवं पारगमन, ऊर्जा और लोगों के बीच आपसी संबंधों सहित द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा करते हुए संबंधों को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प जताया। नेपाल के विदेश मंत्री ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से भी बातचीत की।

खनाल ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए नयी दिल्ली की तीन दिवसीय यात्रा शुरू की। हालांकि, उनकी यह यात्रा नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह की ओर से दोनों देशों के बीच सीमा विवाद पर हाल में की गई टिप्पणियों से उपजे विवाद की छाया में हुई। द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए विदेश मंत्री ने दोनों देशों की पारस्परिक समृद्धि, प्रगति और कल्याण के लिए नेपाल के साथ मिलकर काम करने की भारत की प्रतिबद्धता के



संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भावना को दोहराया। बैठक में खनाल ने कहा कि नेपाल भारत के साथ अपने संबंधों को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है और शाह नीत सरकार नयी दिल्ली के साथ ठोस और सार्थक बातचीत के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा, हम पुरानी बातों का बोझ नहीं उठाते और अपने करीबी पड़ोसी एवं सबसे महत्वपूर्ण साझेदार के साथ वास्तव में परिवर्तनकारी संबंध बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। क्षेत्र में अपने समग्र रणनीतिक हितों के संदर्भ में नेपाल भारत के लिए महत्वपूर्ण है और दोनों देशों के नेताओं ने सदियों पुराने रोटी-बेटी के संबंधों का अक्सर उल्लेख किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा, बातचीत सौहार्दपूर्ण, मैत्रीपूर्ण और रचनात्मक माहौल में हुई, जो दोनों देशों के बीच अनूठे और विशेष संबंधों को दर्शाती है।

बैठक के बाद जयशंकर ने 2015 के भूकंप के बाद भारत की पुनर्निर्माण सहायता के तहत नेपाल में पूरी की गई 72 स्वास्थ्य सुविधाओं और 12 सांस्कृतिक धरोहर परियोजनाओं को डिजिटल माध्यम से सौंपा। दोनों मंत्रियों ने दोनों देशों के बीच व्यक्तिगत धन अंतरण को सुगम बनाने के लिए भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और नेपाल के नेशनल पेमेंट्स इंटरफेस (एनपीआई) को जोड़ने वाली सुविधा की संयुक्त रूप से शुरुआत भी की। जयशंकर और खनाल ने आपराधिक मामलों में भारत-नेपाल पारस्परिक विधिक सहायता समझौते (एमएलएए) को लागू करने के लिए आंतरिक प्रक्रियाओं के पूरा होने का स्वागत किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह समझौता सीमा-पार अपराधों से संबंधित जांच, अभियोजन और न्यायिक कार्यवाही की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए एक संस्थागत कानूनी ढांचा प्रदान कर भारत और नेपाल के लोगों को लाभ पहुंचाएगा।

# भाजपा के नेता अब सड़कों पर सिलेंडर लेकर क्यों नही उतर रहे : मल्लिकार्जुन



नयी दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को घरेलू गैस की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर मोदी सरकार पर तीखा हमला किया और पूछा कि भाजपा नेता अब सिलेंडर लेकर सड़कों पर विरोध क्यों नहीं कर रहे हैं, जबकि वे संप्रग सरकार के दौरान महंगाई पर शोर मचाते रहते थे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद में पश्चिम एशिया संघर्ष के जवाब में 41 देशों में ईंधन के स्रोत होने के बड़े-बड़े दावे किए थे, उनका क्या हुआ? उन्होंने पूछा कि आज भी ग्रामीण इलाकों में एलपीजी की कमी क्यों है। कांग्रेस अध्यक्ष की यह टिप्पणी दिल्ली में 14.2 किलोग्राम के घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत 913 रुपये से बढ़कर 942 रुपये करने के बाद आई है, जबकि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थी सालाना पहले चार रिफिल पर 300 रुपये प्रति रिफिल की सब्सिडी मिलने के बाद प्रभावी रूप से 642 रुपये प्रति सिलेंडर का भुगतान करते रह सकेंगे। खरगे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, घरेलू एलपीजी के दामों में आग की लपटें आम जनता की रसोई को भस्म करने पर तुली हुई हैं। मोदी सरकार ने पिछले 4 महीनों में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दामों में 89 रुपये की बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा, हमारे तीन सवाल हैं। संसद में मोदी जी ने लंबे-चौड़े दावे किए थे कि वह पश्चिम एशिया युद्ध के चलते 41 देशों से ईंधन प्राप्त कर रहे हैं। उसका क्या हुआ? ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी एलपीजी की किल्लत क्यों है? खरगे ने कहा, 2025-26 में उज्ज्वला योजना में 5.56 करोड़ परिवारों ने केवल एक या एक भी रिफिल नहीं करवाया। इनमें से 3.30 करोड़ ने तो एक भी सिलेंडर रिफिल नहीं लिया। यह तो पश्चिम एशिया संकट के पहले की बात है। क्या यह मोदी सरकार की लूट का नतीजा नहीं है? कांग्रेस अध्यक्ष ने लिखा, मोदी जी और भाजपा नेता संप्रग सरकार के दौरान महंगाई का शोर मचाते थे। क्या ये सच नहीं है कि मोदी सरकार ने 12 सालों में घरेलू एलपीजी के दामों में 530 रुपये की बढ़ोतरी की है?

## संक्षेप

### बलात्कार-हत्या मामले में दंपति को मौत की सजा

ढाका। बांग्लादेश की एक अदालत ने आठ साल की बच्ची के बलात्कार और हत्या के मामले में एक दंपति को रविवार को मौत की सजा सुनाई। अदालत ने सिर्फ पांच दिन की सुनवाई के बाद अपना फैसला सुनाया, जिसके मद्देनजर अभियोजकों ने इसे देश में हत्या के किसी मुकदमे का सबसे तेजी से निपटारा करार दिया। ढाका मेट्रोपॉलिटन बाल उत्पीड़न रोकथाम न्यायाधिकरण ने घटना के 19 दिन बाद दोषियों की सजा का एलान किया। इस मामले ने देशभर में आक्रोश पैदा किया और महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ हिंसा को लेकर चिंताएं फिर बढ़ा दीं। न्यायमूर्ति मसरूर सालेकिन ने सोहेल राणा और उसकी पत्नी स्वप्ना खातून को मौत की सजा सुनाई तथा उन पर क्रमशः पांच लाख टका और दो लाख टका का जुर्माना भी लगाया।

उन्होंने जुर्माने की राशि पीड़ित परिवार को देने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति सालेकिन ने कहा, उन्हें (दोषियों को) फांसी की सजा सुनाई जाती है। उन्होंने कहा कि अगर दोषी जुर्माना अदा नहीं करते हैं, तो उनकी चल और अचल संपत्तियों को जब्त कर नीलाम किया जा सकता है, ताकि राशि की वसूली की जा सके।

# झारखंड में एक-एक सीट पर चुनाव लड़ेंगे कांग्रेस व झामुमो

नयी दिल्ली। कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने झारखंड में होने वाले राज्यसभा चुनावों में एक-एक सीट पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। दोनों गठबंधन सहयोगी दलों के नेताओं के बीच एक बैठक में इस बाबत सहमति बन गई है। झामुमो ने पहले संकेत दिया था कि वह दोनों राज्यसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगा और एक उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर दी, जबकि कांग्रेस ने भी दो सीटों में से एक के लिए अपने उम्मीदवार का नाम घोषित कर दिया। राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव 18 जून को होंगे। बैठक में शामिल एक वरिष्ठ नेता ने बताया, हमने मामला सुलझा लिया है और अब झामुमो तथा कांग्रेस एक-एक सीट पर चुनाव लड़ेंगे। सूत्रों ने बताया कि यह सहमति झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कांग्रेस के पर्यवेक्षकों भूपेश बघेल एवं अजय शर्मा के बीच सुबह नाश्ते पर हुई बैठक में बनी। उन्होंने कहा कि आज रात्रिभोज पर होने वाली एक बैठक में यह संयुक्त घोषणा की जा सकती है कि झामुमो और कांग्रेस एक-एक राज्यसभा सीट पर चुनाव लड़ेंगे।

# भारत-पाक सीमा क्षेत्र में निर्माणों का विशेष सर्वे

एजेंसी

जैसलमेर। राजस्थान में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट स्थित क्षेत्रों में अनधिकृत निर्माणों की पहचान और उनके वित्तीय स्रोतों की जांच के लिए विशेष सर्वेक्षण अभियान शुरू किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों के अनुसार, यह सर्वेक्षण अंतरराष्ट्रीय सीमा से 15 किलोमीटर के दायरे में स्थित सभी निर्माणों को शामिल करेगा। यह अभियान पिछले महीने बीकानेर में आयोजित उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दिए गए निर्देशों के बाद शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि लगभग एक सप्ताह पहले शुरू हुआ यह सर्वेक्षण सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), खुफिया ब्यूरो (आईबी), जिला प्रशासन, सैन्य खुफिया इकाइयों और अन्य एजेंसियों द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।

यह अभियान अक्टूबर तक पूरा किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। जैसलमेर की जिलाधिकारी अनुपमा जोरवाल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सीमा से शून्य से 15 किलोमीटर के दायरे में स्थित सभी निर्माणों और अतिक्रमणों का मानचित्रण तथा सत्यापन किया जाएगा। उन्होंने कहा, सर्वेक्षण के दौरान यह जांच की जाएगी कि संबंधित निर्माण आवश्यक अनुमति प्राप्त करने के बाद किए गए हैं या नहीं तथा कहीं वे निर्धारित नियमों का उल्लंघन तो नहीं कर रहे हैं।

इसके लिए विस्तृत अभिलेख तैयार किए जा रहे हैं। जोरवाल ने बताया कि विशेष रूप से उन संपत्तियों पर ध्यान दिया जा रहा है जिनमें भारी निवेश हुआ है या जो सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील मानी जाती हैं। उन्होंने कहा, ऐसे मामलों की अतिरिक्त जांच की जाएगी ताकि स्वामित्व, वित्तीय स्रोतों और निर्माण के उद्देश्य का पता लगाया जा सके।

# अमेरिका के प्रतिष्ठित स्थलों पर मनाया जायेगा योग दिवस

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका में वाशिंगटन स्थित लिंकन मेमोरियल, न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर और शिकागो के नेवी पियर समेत कई प्रतिष्ठित स्थलों पर 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। योग प्रेमी ओरेगन के हिल्सबोरो में भी योगाभ्यास करेंगे, जो सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योगों का प्रमुख केंद्र माना जाता है। इसके अलावा दक्षिण कैलिफोर्निया के इरविन स्थित श्रीनाथजी हवेली मंदिर में भी योग कार्यक्रम आयोजित होंगे, जो अपनी शानदार वास्तुकला और शांत वातावरण के लिए प्रसिद्ध है।

वाशिंगटन स्थित भारतीय दूतावास ने योग प्रेमियों को 19 जून को लिंकन मेमोरियल में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2015 से प्रत्येक वर्ष 21 जून को मनाया जाता है। समारोहों की तैयारियों के तहत भारतीय दूतावास ने शनिवार को वाशिंगटन शहर के ड्यूपॉन्ट सर्कल क्षेत्र में एक योग सत्र का आयोजन किया। दूतावास क्षेत्र के विभिन्न सामुदायिक समूहों द्वारा आयोजित योग दिवस कार्यक्रमों को भी सहयोग प्रदान कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के योग गुरु एच. आर. नागेंद्र 21 जून को न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित टाइम्स स्क्वायर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व करेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन न्यूयॉर्क स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के समारोहों से पहले नागेंद्र न्यूयॉर्क के मोंटिसेलो में एक विशेष योग और कल्याण शिविर का भी उद्घाटन करेंगे जो 12 से 14 जून तक आयोजित किया जाएगा।

शिकागो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, योग केवल शारीरिक गतिविधि नहीं है, बल्कि यह संतुलन, सजगता और आंतरिक शांति की राह दिखाता है। 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उत्सव में शामिल होकर स्वास्थ्य, एकता और बेहतर जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए तैयार हो जाइए। शिकागो में यह आयोजन नेवी पियर के पोल्क ब्रदर्स पार्क में होगा, जो पिछले एक दशक में प्रमुख सांस्कृतिक एवं प्रदर्शन स्थल के रूप में उभरा है। इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग है, जो दीर्घायु, शारीरिक गतिशीलता और निवारक स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देने में योग की भूमिका को रेखांकित करती है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 11 दिसंबर 2014 को एक प्रस्ताव पारित कर 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था।

# प्रधानमंत्री चाहते हैं कि युवा रील बनाते रहें, पकौड़े तलते रहें

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को सीबीएसई और कोएम्प्ट के बीच मिलीभगत का पर्दाफाश करने वाले छात्र सार्थक सिद्धांत और उनके सहयोगी निसर्ग अधिकारी की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चाहते हैं कि युवा रील बनाते रहें और पकौड़े तलते रहें, लेकिन इन दोनों युवाओं ने सवाल उठाए और जवाब भी ढूंढ़ निकाले।

गांधी ने पिछले सप्ताह सार्थक सिद्धांत के साथ अपनी मुलाकात का एक वीडियो एक्स पर साझा किया, जो सीबीएसई की ऑनस्क्रीन मार्किंग सिस्टम (ओएसएम) से प्रभावित 18 वर्षीय छात्र है और जिसने कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाओं में ओएसएम प्रक्रिया के लिए वेंडर के चयन की निविदा प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की ओर इशारा किया है।



लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी ने कहा, सार्थक 18 साल का है - पर सोच, साहस और सिद्धांत में किसी से कम नहीं। उसने और उसके साथी निसर्ग ने वो कर दिखाया जो देश के बड़े मीडिया प्रतिष्ठान, खोजी पत्रकार नहीं कर पाए - सीबीएसई और कोएम्प्ट की मिलीभगत को देश के सामने रख दिया। उन्होंने कहा कि देश का 18 साल का बच्चा सीबीआई से तेज निकला, नौजवानों की ये जीत सही मायने में सरकार की हार है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, मोदी जी चाहते हैं हमारे युवा रील बनाते रहें, पकौड़े तलते रहें, सवाल न पूछें, आंखें न खोलें। पर इन बच्चों ने सवाल भी पूछे और जवाब भी ढूंढ़ निकाले।

उन्होंने कहा, यही है भारत की असली युवा शक्ति - जिज्ञासु, जागरूक, जानकार। और याद रखिए, देश का भविष्य किसी बहकावे में नहीं आएगा। सीबीएसई ने कोएम्प्ट एडुटेक कंपनी को ऑनस्क्रीन मार्किंग सिस्टम (ओएसएम) का ठेका दिया था। बारहवीं कक्षा के परिणाम में कथित अनियिमितताओं के बाद यह विवादों में घिर गई। ओएसएम विवाद के बाद सरकार ने सीबीएसई के दो शीर्ष अधिकारियों को हटा दिया है, हालांकि विपक्षी कांग्रेस ने इसे दिखावा और लीपापोती करार दिया है।

### युद्धविराम समझौते : इजराइल ने बेरूत पर किया हमला

बेरुत। अमेरिका में हुए युद्धविराम समझौते के लागू होने के कुछ ही दिनों बाद रविवार को इजराइल ने दक्षिणी बेरुत के उपनगरों पर हमला किया। इलाके के निवासियों ने तीन धमाकों की आवाज सुनी। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो सका कि हमलों में किसे निशाना बनाया गया था।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ये हमले आतंकवादी समूह हिज्बुल्ला द्वारा इससे पहले उत्तरी इजराइल की ओर की गई बमबारी के जवाब में किए गए। हिज्बुल्ला ने इन हमलों की तत्काल जिम्मेदारी नहीं ली है।

## इंटरटेनमेंट...

# 'द इंडिया स्टोरी' 24 को होगी रिलीज

**मुंबई।** टीजर में खाने-पीने की चीजों में मिलावट और खेती में केमिकल के गलत इस्तेमाल को दिखाया गया है। काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े की फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' का टीजर रिलीज हो गया है। इस फिल्म की कहानी थोड़ी अलग होने वाली है। इसमें खाने पीने की चीजों में मिलावट और खेती में

> काजल अग्रवाल और श्रेयस की फिल्म का टीजर रिलीज

केमिकल के गलत इस्तेमाल पर प्रकाश डाला गया है। टीजर में फिल्म की झलक भी दिखी है। एक मिनट 26 सेकेंड के टीजर में देखा जा सकता है कि तरबूज में इंजेक्शन लगाया जा रहा है। दूध और पनीर में मिलावट की जा रही है। इसी तरह से फसल में कीटनाशक का इस्तेमाल किया जा रहा है। टीजर में यह भी दिखाया गया है कि



मिलावटी और जहरीला खाना खाने से लोग बीमार पड़ रहे हैं और अस्पताल के चक्कर काट रहे हैं। 'द इंडिया स्टोरी' का टीजर एक ऐसी कहानी की झलक देता है, जिसमें आज के मुद्दे होंगे। इसमें दिखाया जाएगा कि खाने-पीने की चीजों में कैसे मिलावट की जाती और यह हमें कैसे बीमार कर रहा है। यह फिल्म लोगों को सोचने पर मजबूर करेगी और जागरूक करेगी। टीजर में किसी भी मुख्य कलाकार को नहीं दिखाया गया है। इसमें खाने-पीने में मिलावट की तस्वीरें और वीडियो दिखाई गई हैं।

# जाह्नवी कपूर ने विवादित शॉट्स पर जतायी थी आपत्ति

**मुंबई।** फिल्म 'पेड्डी' को लेकर चल रहे विवाद के बीच अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की एक कथित पर्सनल चैट सोशल मीडिया पर लीक हो गई है। जाह्नवी के फैन क्लब्स की तरफ से शेयर किए गए इन स्क्रीनशॉट्स में दावा किया जा रहा है कि अभिनेत्री ने फिल्म की शूटिंग के दौरान कुछ आपत्तिजनक कैमरा एंगल पर चिंता जताई थी। यह चैट फिल्म के डायरेक्टर बुच्ची बाबू सना की माफी के बाद सामने आई है। चैट के मुताबिक, को-स्टार राम चरण ने भी इस मामले में जाह्नवी का सपोर्ट किया था और डायरेक्टर को डांटा था। हालांकि, जाह्नवी कपूर या उनकी टीम ने अभी तक इन मैसेजेस की पुष्टि नहीं की है। यह विवाद तब बढ़ा जब फिल्म 'पेड्डी' में जाह्नवी कपूर के किरदार 'अचियम्मा' को पर्दे पर दिखाने के तरीके की दर्शकों ने आलोचना की। लोगों का कहना है कि फिल्म में जाह्नवी कपूर के किरदार की कहानी से ज्यादा उसकी शारीरिक बनावट पर फोकस किया गया है। आपत्तिजनक शॉट्स पर जाह्नवी ने दी थी चेतावनी फैन पेजेस पर वायरल हो रहे स्क्रीनशॉट्स के मुताबिक, जाह्नवी कपूर ने फिल्म में अपने किरदार के लिए इस्तेमाल किए जा रहे कैमरा एंगल का बार-बार विरोध किया था।

> एक्ट्रेस की कथित पर्सनल चैट लीक; दावा पेड्डी में राम चरण ने डायरेक्टर को डांटा था

### सलमान-नयनतारा मुंबई में पूरे करेंगे बड़े स्टंट

**मुंबई।** फिल्म में चेज सीक्वेंस, व्हीकल बेस्ड स्टंट, क्लोज-कॉम्बैट फाइट्स और भीड़ के बीच फिल्माए जाने वाले हाई-वोल्टेज एक्शन सीन्स शामिल हैं। सलमान खान की अगली फिल्म को लेकर हलचल तेज हो गई है। नयनतारा के साथ उनकी पहली ऑनस्क्रीन जोड़ी वाली इस एक्शन थ्रिलर की शूटिंग अब मुंबई के बांद्रा इलाके में होने जा रही है। मनाली शेड्यूल पूरा करने के बाद फिल्म की टीम 10 जून से मुंबई के नए शेड्यूल की शुरूआत करेगी, जहां सलमान और नयनतारा कई बड़े एक्शन सीक्वेंस फिल्माएंगे। सूत्रों के मुताबिक बांद्रा और उसके आसपास के कई वास्तविक लोकेशंस पर शूटिंग होगी।

# क्षेत्रीय फिल्में ऑस्कर की रेस तक पहुंच रहीं

**मुंबई।** बाहुबली, आरआरआर, केजीएफ और पुष्पा जैसी 'पैन-इंडिया' फिल्मों ने सफलता के नए पैमाने गढ़े हैं, लेकिन पिछले कुछ सालों से 'मल्टी इंडिया' सिनेमा का भी उदय हुआ है। हर भाषा का सिनेमा सुपरहिट फिल्में दे रहा है।

उदाहरण के लिए गुजराती फिल्म 'लालो: कृष्ण सदा सहायते' ने 112 करोड़ रुपए से ज्यादा की

> 41 प्रतिशत सफल क्षेत्रीय फिल्मों ने अपनी लागत से 10 गुना या ज्यादा कमाई की

कमाई की, जबकि इसको बनाने में सिर्फ 50 लाख रुपए लगे थे। वहीं, मलयालम फिल्म 'लोकाह चैप्टर 1: चंद्रा' ने 30 करोड़ रुपए के बजट पर लगभग 300 करोड़ रुपए का कारोबार किया। मराठी सिनेमा भी इस बदलाव का उदाहरण है। मसलन, 'दशावतार' ने 12 करोड़ रुपए के बजट पर 28.47 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया और निवेश के मुकाबले 220% से अधिक रिटर्न दिया। यह फिल्म



ऑस्कर 2026 के लिए एकेडमी अवॉर्ड्स की कंटेंशन लिस्ट में जगह बनाने वाली पहली मराठी फिल्म भी बनी थी। सैकनिक ने 17 सफल क्षेत्रीय फिल्मों का विश्लेषण किया है। इनमें 7 फिल्में ऐसी थीं, जिन्होंने 10 गुना या उससे ज्यादा रिटर्न दिया यानी लगभग 41% फिल्मों ने अपनी लागत का 10 गुना या उससे अधिक कमाया। पीवीआर आइनॉक्स के आंकड़ों के मुताबिक 2024 में कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में क्षेत्रीय फिल्मों की हिस्सेदारी 27% थी, जो 2025 में बढ़कर 31% हो गई।

वहीं हिंदी फिल्मों की हिस्सेदारी 55-56% के आसपास स्थिर बनी रही। अंग्रेजी फिल्मों की हिस्सेदारी 18% से घटकर 14% रह गई। भारतीय सिनेमा में सबसे बड़ा स्टार कंटेंट है। पिछले कुछ वर्षों में हमने देखा है कि क्षेत्रीय फिल्मों ने न सिर्फ अपने राज्यों में, बल्कि देश और विदेश में भी दर्शक बनाए हैं। क्योंकि वहां कंटेंट ही सबसे बड़ा स्टार है। किसी भी भाषा की फिल्म अगर सफल होती है, तो उसका फायदा पूरे इकोसिस्टम को मिलता है। थिएटर में दर्शक आएंगे तो निमार्ता, वितरक, प्रदर्शक और फिल्म उद्योग से जुड़े हजारों लोगों को फायदा होगा। तक सिनेमैटिक यूनिवर्स का सवाल है, तो मेरे ख्याल में यह एक वैश्विक ट्रेंड है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com